दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 7 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-228 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

कप्तान श्रेयस अय्यर के पहले शतक से जीता भारत



नई दिल्ली। भारत ने पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। यह टीम इंडिया की लगातार 10वीं टी-20 जीत भी है। भारत जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे सीरीज के बाद से कोई भी मैच नहीं हारा है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मंगलवार को वेस्टइंडीज टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 171 रन बनाकर ऑलआउट हुई। कप्तान शाई होप ने 52 रन बनाए। शेरफेन रदरफर्ड ने 56 रन की पारी खेली। भारत से डेब्यू कर रहे नमन धीर ने 3 विकेट लिए। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले।

वायुसेना के नए प्रमुख बने आशुतोष दीक्षित

नई दिल्ली। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित वायुसेना के नए प्रमुख होंगे।



वह 31 अक्टूबर को 29वें एयर चीफ मार्शल का कार्यभार ग्रहण करेंगे। वे अभी वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ हैं। उन्होंने 1 जुलाई 2026 को यह पदभार संभाला था। आशुतोष दीक्षित कारगिल जंग में भी शामिल थे। उन्होंने फाइटर जेट से घुसपैठियों पर बम गिराए थे। वह 20 तरह की लड़ाकू विमान उड़ाने में माहिर हैं।

सड़क पर खड़े ट्रेलर में घुसी कार, 7 की मौत

भावनगर। गुजरात के भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शिव शक्ति होटल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो एसयूवी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे जा टकराई। बोलेरो में अलंग शिपयार्ड के 7 कर्मचारी सवार थे। सभी काम के सिलसिले में भावनगर से अलंग शिपयार्ड जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि भारी-भरकम ट्रेलर तक के अगले पहिए टूटकर अलग हो गए थे।

बाढ़ से हुई क्षति की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र पेश करें : सम्राट

सीएम ने बाढ़ की स्थिति एवं क्षति को लेकर की समीक्षा बैठक

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में बाढ़ 2026 की स्थिति एवं इससे हुई क्षति को लेकर समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद नितिन नवीन मौजूद थे। समीक्षा के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने बिहार में दो चरणों में आई बाढ़ के कारणों तथा उत्पन्न स्थिति की जानकारी दी। बैठक में सीएम ने कहा कि इस वर्ष गंगा, गंडक एवं सोन नदियों में पूर्व के वर्षों की तुलना में अत्यधिक मात्रा में पानी आने के कारण बाढ़ की



द्वितीय चरण के बाढ़ प्रभावित परिवारों को 12 को मिलेगी राहत राशि

गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि नदियों में बाढ़ आने की एक प्रमुख वजह नदी तल में गाद (सिल्ट) का जमा होना भी है। बिहार देश का पहला राज्य है, जिसने गाद नीति बनाई है। सीएम ने नदियों की वर्तमान स्थिति एवं बाढ़ से हुई क्षति की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। कहा कि बाढ़ से हुई क्षति की प्रथम दृष्टया विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए ताकि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास तथा आवश्यक विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि द्वितीय चरण में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बीच 12 अक्टूबर को अनुग्रहिक राहत राशि वितरित की जायेगी। सीएम ने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग सभी संबंधित विभागों से बाढ़ से हुई क्षति का आंकलन एवं उसके पुनर्स्थापन में होने वाले व्यय का आंकलन कराकर अतिशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराये। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव, आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

एशियन गेम्स में कांस्य पदक विजेता बॉबी कुमार को सीएम ने किया सम्मानित

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में एशियन गेम्स 2026 में सेपकटकरा की मेंस क्वाड्रेट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले बिहार के बॉबी कुमार को अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि आपने बिहार के साथ-साथ पूरे देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिये हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। उपस्थित थे। इस अवसर पर उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह एवं बॉबी कुमार के परिजन उपस्थित थे।

अब पंचायत सरकार भवन में रोज हाजिरी अनिवार्य

बायोमीट्रिक से बिहार सरकार करेगी निगरानी

पटना (एनएसबी)। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पंचायत सरकार भवनों में पंचायत-स्तरीय कर्मियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कहा है कि वे प्रतिदिन वहां उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उनकी उपस्थिति बायोमीट्रिक प्रणाली से दर्ज होगी और उसी उपस्थिति के आधार पर वेतन का भुगतान होगा। विभागीय प्रमुखों को निर्देश है कि उपस्थित नहीं रहने वाले कर्मियों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। उनका वेतन भी रोका जा सकता है।



रुक सकता है वेतन

बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी, अनुपस्थित रहने पर होगी कार्रवाई : ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों के साथ सभी जिला पदाधिकारियों को पत्र के माध्यम से मुख्य सचिव ने यह निर्देश दिया है। लिखा है कि पता चला है कि पंचायत सरकार भवनों में पंचायत-स्तरीय कर्मियों की नियमित उपस्थित नहीं हो रही। इससे पंचायतों में निर्धारित सुविधाएं आम नागरिकों को नहीं मिल रहीं। इस प्रवृत्ति पर अविलंब रोक लगाई जाए।

ये सभी हैं पंचायत स्तरीय कर्मी : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के राजस्व कर्मचारी, पंचायती राज विभाग के पंचायत सचिव, ग्राम कचहरी सचिव, तकनीकी सहायक, लेखापाल एवं कार्यपालक सहायक, ग्रामीण विकास विभाग के पंचायत रोजगार सेवक, आवास सहायक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक, कृषि विभाग के किसान सलाहकार तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के विकास मित्र पंचायत-स्तरीय कर्मियों में सम्मिलित हैं।

पटना में मधुपुर-आनंदविहार हमसफर एक्स. पर पथराव

पटना (एनएसबी)। गुलजारबाग और राजेंद्रनगर टर्मिनल के बीच मंगलवार शाम तेज रफ्तार 22459 मधुपुर-आनंदविहार हमसफर एक्सप्रेस पर पथराव किया गया। ट्रेन के बी-7 कोच को निशाना बनाकर फेंके गए पत्थर से तृतीय एसी कोच की खिड़की का शीशा टूट गया। अचानक हुए पथराव से कोच में बैठे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि पत्थर लगने से कोई यात्री घायल नहीं हुआ। घटना शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। ट्रेन पर पत्थर लगने के बाद यात्रियों ने इसकी जानकारी रेलकर्मियों को दी।



बीई-7 कोच की खिड़की का शीशा टूटा, आरपीएफ ने शुरू की जांच

गुलजारबाग-राजेंद्रनगर के बीच हुई घटना, बाल-बाल बचे यात्री : सूचना मिलते ही राजेंद्रनगर आरपीएफ सक्रिय हुई और घटनास्थल के आसपास जांच शुरू की। आरपीएफ की टीम ने उस स्थान का भी पता लगाने का प्रयास किया, जहां से ट्रेन को निशाना बनाया गया था।

हाजीपुर : इनामी बदमाश को पकड़ने गई STF पर हमला, जवान घायल

हाजीपुर (एनएसबी)। बिदुपुर थाना क्षेत्र के भैरौपुर चौक पर मंगलवार को 25 हजार के इनामी बदमाश की गिरफ्तारी के लिए छापामारी करने गई एसटीएफ की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। हमले में एसटीएफ के चार जवान घायल हो गए। इस दौरान हथियार छीनने का भी प्रयास किया गया, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एसटीएफ की टीम कुख्यात 25 हजार के इनामी बदमाश दीवानी सिंह की गिरफ्तारी के लिए भैरौपुर चौक पर छापामारी करने गई थी। इसी दौरान भैरोपुर चौक पर दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। एसटीएफ के जवान सिविल ड्रेस में थे, इसलिए एक पक्ष के लोगों ने समझा कि दूसरे पक्ष ने मारपीट के लिए लोगों को बुलाया है। इसी गलतफहमी में दूसरे पक्ष के लोगों ने एसटीएफ टीम पर हमला कर दिया।



हमले में चार एसटीएफ जवान घायल, हथियार छीनने का प्रयास

गलतफहमी के कारण स्थानीय लोगों ने किया हमला, तीन गिरफ्तार

ललन सिंह ने वही किया, जो पार्टी के लिए बेहतर था : संजय झा

अनंत सिंह की बगावत से जदयू में अंदरूनी घमासान

पटना (एनएसबी)। जदयू विधायक अनंत सिंह की बगावत से पार्टी का अंदरूनी घमासान चरम पर है। पटना स्नातक सीट से जदयू उम्मीदवार नीरज कुमार को हराने और जनसुराज के अनुज सिंह को जिताने पर अड़े अनंत सिंह को समझाने का जिम्मा केंद्रीय मंत्री ललन सिंह को दिया गया था।



ललन सिंह ने अनंत सिंह से बात की। अनंत ने साफ कर दिया किया वो नीरज कुमार के पक्ष में प्रचार नहीं करेंगे। पिछले चुनाव में नीरज ने अनंत को हराने की पूरी कोशिश की थी, अनंत उसी का बदला ले रहे हैं। तब नीरज पर कार्रवाई न करना पार्टी की बड़ी चूक थी। ललन सिंह के बयान पर संजय झा ने कहा कि ललन बाबू ने जो किया, वह पार्टी के बेस्ट इंटरेस्ट का काम उन्होंने किया है, बस अभी इतना ही है। वहीं विजय चौधरी ने कहा है कि ललन सिंह ने रास्ता बताया है। ललन सिंह के संज्ञान में जो बातें आई, उन्होंने पार्टी के संज्ञान में उसे लाया है। उन्होंने मामले को सुलझाने का प्रयास किया है। हम ललन सिंह को धन्यवाद देते हैं। पार्टी को लग रहा है ललन सिंह की कोशिश के बाद विवाद खत्म होने की ओर है। उन्होंने रास्ता भी बताया है। पार्टी इन सब चीजों को देख रही है। मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि ललन बाबू ने कहा है कि सब ठीक हो जाएगा। 285 में एक ही विधायक न छटके हैं। हमको लगता है कि वे आ जाएंगे।

स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक क्षेत्रीय भाषा की होगी पढ़ाई : मिथिलेश



शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कौशलयुक्त और रोजगारपरक शिक्षा पर दिया विशेष जोर

पटना (एनएसबी)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को मैथिली, भोजपुरी, बज्जिका, मगही और अंगिका में से एक अतिरिक्त भाषा पढ़ाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

तिवारी मंगलवार को विकास भवन स्थित मदन मोहन सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने विद्यालयों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण, कौशलयुक्त और रोजगारपरक शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा मिले, जिससे वे आगे चलकर रोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकें।

मध्यमा के बाद प्लस टू की पढ़ाई की होगी व्यवस्था : बैठक में मध्यमा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के माध्यम से प्लस टू की पढ़ाई कराने की व्यवस्था पर विमर्श किया गया। इसके लिए संबंधित एक्ट में आवश्यक बदलाव किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष करीब 24 हजार विद्यार्थियों ने मध्यमा की परीक्षा पास की। शिक्षा मंत्री ने संस्कृत विद्यालयों और मदरसों की जांच रिपोर्ट अधिकतम एक माह में पूरी करने का भी निर्देश दिया।

वीबी-जी राम जी से विद्यालयों का होगा विकास : बैठक में विद्यालयों की आधारभूत संरचना और विकास से जुड़े कार्य विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के माध्यम से कराने पर चर्चा हुई।

बक्सर के सिमरी में बनेगा गुरुकुलम विद्यापीठ

बैठक में बक्सर के सिमरी में प्रस्तावित गुरुकुलम विद्यापीठ पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कर्नाटक स्थित सत्य साई आश्रम का दौरा कर लौटी टीम ने वहां की व्यवस्थाओं और खूबियों का प्रस्तुतीकरण किया। इसके आधार पर बक्सर में प्रस्तावित गुरुकुलम की डिजाइन भी प्रस्तुत की गई। शिक्षा मंत्री ने बताया कि गुरुकुलम के लिए पांच एकड़ जमीन उपलब्ध हो चुकी है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त जमीन की भी मांग की जाएगी।

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में देर रात भूकंप के झटके

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सहित एनसीआर में मंगलवार देर रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। लोग डरकर घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके दिल्ली के आसपास के इलाकों के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का अधिकेंद्र उत्तराखंड में चमोली था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 थी और इसकी गहराई जमीन से 13 किमी नीचे थी। भूकंप का समय रात 10.23 बजे रहा। जब अधिकतर लोग सोने की तैयारी में जुटे थे। तभी अचानक धरती हिलने लगी। शुरूआती जानकारी में अभी कहीं से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

एमएलसी चुनाव के बीच पटना पहुंचे नितिन नवीन

पटना (एनएसबी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पटना पहुंचने के बाद उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और चुनावी तैयारियों से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में 23 अक्टूबर को होने वाले विधान परिषद की आठ सीटों के चुनाव को लेकर रणनीति, उम्मीदवारों की तैयारियों, संगठन की सक्रियता और एनडीए के घटक दलों के बीच समन्वय पर चर्चा हुई।



हिरासत के बाद राहुल-प्रियंका को छोड़ा

8 घंटे धरने के बाद हिरासत में लिया था, CEC के खिलाफ निकाला था मार्च

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे राहुल और प्रियंका गांधी को दिल्ली पुलिस ने मंगलवार रात 10 बजे रिहा कर दिया। पुलिस ने राहुल समेत करीब 250 लोगों को आकाशवाणी परिसर से रात 8 बजे हिरासत में लिया था। राहुल जब पुलिस लाइन से बाहर निकले तो उनके हाथ में संविधान की कॉपी थी। वे दोपहर 12.30 बजे से उएउ ज्ञानेश कुमार से मिलने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। चुनाव आयोग ने देर शाम कहा कि राहुल या उनके प्रतिनिधियों ने उएउ से मिलने के लिए अपॉइंटमेंट नहीं मांगा था। इसके बाद पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया था। राहुल की अगुआई में सुबह 10 बजे संसद से विपक्षी दलों का 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' शुरू हुआ था। पुलिस ने आकाशवाणी भवन के पास यह मार्च रोक दिया।



राहुल-प्रियंका वहीं धरने पर बैठ गए। राहुल ने कहा कि 20 विपक्षी पार्टियों के 300 से ज्यादा सांसदों को उएउ से मिलने से रोका गया, यह चुने हुए प्रतिनिधियों का अपमान है।

आज से IMC 2026 का आगाज : पीएम करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशिया के सबसे बड़े डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) के 10वें संस्करण का उद्घाटन बुधवार, 7 अक्टूबर को होगा। नई दिल्ली के यशोभूमि में होने वाला यह सम्मेलन चार दिनों तक चलेगा। इसका औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ अक्टूबर को करेंगे। दूरसंचार विभाग और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे सम्मेलन में टेलीकाम कंपनियां, उपकरण निमार्ता, प्रौद्योगिकी फर्म, नीति-निमार्ता, स्टार्टअप और निवेशक हिस्सा लेंगे।



मुख्यमंत्री ने सासाराम में 2-लेन बाईपास पथ का किया लोकार्पण, कहा-

शाहाबाद में बनेगा एयरपोर्ट व सासाराम में टाउनशिप

सासाराम (एनएसबी)। जीटी रोड को सासाराम-आरा पथ से जोड़ने वाली 2-लेन बाईपास पथ का लोकार्पण करने पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रोहतास व शाहाबाद क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को लेकर भी कई बड़े ऐलान किए गए।

उन्होंने कहा कि दरभंगा और पूर्णिया की तर्ज पर अब शाहाबाद क्षेत्र में भी नया एयरपोर्ट स्थापित किया जाएगा। बनारस-रांची सिक्स-लेन सड़क के लिए पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पहाड़ के अंदर टनल निर्माण को एनओसी दे दी गई है। इसके साथ ही शेरशाह सूरी और सम्राट अशोक की ऐतिहासिक धरती पर आधुनिक सुविधाओं से लैस नई टाउनशिप विकसित की जाएगी, जिसका नाम रोहतास होगा। मंगलवार को सासाराम में त्रिदिवसीय सेवा सेतु अभियान का आगाज मुख्यमंत्री ने किया। साथ ही चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से समझौता के बाद सोन नदी के तीन-चौथाई हिस्से का पानी बिहार को मिलेगा है जबकि एक चौथाई झारखंड को मिलेगा है। उन्होंने कहा कि यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रयासों से संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले मार्च से पहले सासाराम, औरंगाबाद, नवीनगर क्षेत्रों तक शुद्ध पेयजल पहुंचा दिया जाएगा। चौरासन मंदिर, गुप्ताधाम, मां ताराचडी धाम, भलूनी भवानी धाम, तुतला भवानी धाम को पर्यटन केंद्र के रुप में विकसित किया जायेगा। जिससे अधिक से अधिक पर्यटक आ सकेंगे।



जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर-डाटा ऑपरेटर 25 हजार घूस लेते गिरफ्तार

बेगूसराय (एनएसबी)। बेगूसराय के सेल टैक्स ऑफिस में निगरानी विभाग की टीम ने असिस्टेंट कमिश्नर और डाटा एंट्री ऑपरेटर को 25 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार असिस्टेंट कमिश्नर प्रकाश चंद्र मोहन और डाटा एंट्री ऑपरेटर संतोष कुमार झा है। बताया जा रहा है कि विजिलेंस की टीम को देखते ही असिस्टेंट कमिश्नर ने नोटों की गड्डी खिड़की से बाहर फेंक दिया। फिलहाल निगरानी विभाग की टीम दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर सर्किट हाउस पहुंची, जहां उनसे पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि विश्वनाथ नगर के कृष्णा मार्केट स्थित रोजी गारमेंट्स के मालिक ज्योति कुमार से 25 हजार रुपये रिश्वत ली जा रही थी।

खबरें : एक नजर में

निजी नर्सिंग संस्थानों में मानकों का कड़ाई से होगा अनुपालन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने सोमवार को राज्य के मान्यता प्राप्त निजी नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थानों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में निजी नर्सिंग संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता, क्लीनिकल एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण, विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम तथा नियामक मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। स्वास्थ्य सचिव ने स्पष्ट किया कि नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। संस्थानों को केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, पर्याप्त क्लीनिकल एक्सपोजर और व्यावहारिक कौशल उपलब्ध कराना होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय उपचर्या परिषद द्वारा निर्धारित मानकों का पालन सभी मान्यता प्राप्त संस्थानों के लिए अनिवार्य है। मानकों को पूरा नहीं करने, शैक्षणिक व्यवस्था में कमी पाए जाने अथवा लगातार खराब प्रदर्शन की स्थिति में संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार सीटों में कटौती, पाठ्यक्रम संबंधी कार्रवाई अथवा मान्यता से जुड़ी कठोर कार्रवाई की जा सकती है।

बैठक में बताया गया कि भारतीय उपचर्या परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीमित अवधि के लिए पुनः खोला जा रहा है। पूर्व में प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए अथवा निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर सके संस्थानों को समयबद्ध रूप से आवेदन कर सभी आवश्यक मानकों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सचिव ने फैकल्टी, आधारभूत संरचना, क्लीनिकल सुविधा, प्रयोगशाला एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को मानकों के अनुरूप बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में मृणायक दास, अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) बिंदेय कुमार, कुलसचिव विमलेश कुमार झा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डा.) अनिल शांडिल्य सहित बिहार नर्सिंग से जुड़े संस्थानों एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

26 नवंबर को पटना में होगा किसानों का महासंग्राम, लैंड पूलिंग नीति किसानों की जमीन ठगने के लिए बनी : सांसद सुधाकर सिंह

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आई एम ए हॉल पटना में भूमि एवं गाँव बचाओ कन्वेंशन में सर्वसम्मत प्रस्ताव पास हुआ। किसी कीमत पर हम पुरखो की निशानी अपनी धरती माँ को लूटने सरकार को नहीं देंगे। कन्वेंशन का उद्घाटन करते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महासचिव युद्धवीर ने कहा की ब्रिटिश हुकूमत में1894 में बनी किसान विरोधी भूमि अधिग्रहण कानून के खिलाफ अनवरत संघर्षो एवं बहस- मुहावसों में 119 बर्षो के लम्बे इंतजार के बाद 2013 में एक किसान हितैषी भूमि अधिग्रहण कानून बना। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए सांसद सुधाकर सिंह ने कहा की दुश्मन दिखाई दे तो लड़ाई आसान है।आभासी दुश्मन जो दिखाई नहीं दे उससे लड़ना बड़ा कठिन और मुश्किल होता है। मगर लड़ाई को तेज करना होगा। जब छात्रों के सामने दिल्ली की सरकार नहीं टिक रही है, तो बिहार सरकार क्या टिकेगी। भूमि अधिग्रहण कानून



मंच पर सांसद और किसान नेता।

राज्य सरकार नहीं बना सकती। इसने बाजार दर को सर्किल रेट कर दिया है। पुराने सर्किल रेट के खिलाफ हम लारा कोर्ट जा सकते थे, मगर जमीन की कीमत में मामूली वृद्धि कर हमें लारा कोर्ट जाने पर भी रोक लगा दिया है।

कन्वेंशन को संबोधित करते हुए दिनेश कुमार ने कहा की बिहार सिटी डेवलपमेंट एक्ट 2026 वास्तव में जैसे गाँव गवई में कहावत है कि खाता न वही जो साहूकार कहे वही सही। गाँव एवं षि प्रधान बिहार में खेती और गाँव को उजाड़कर विकास नहीं हो सकता है। खेती और गाँव का विकास की योजना से ही वास्तव में देश का विकास संभव है।

किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा की किसान आंदोलन के इतिहास में 26 नवंबर ऐतिहासिक दिन है। 26 नवंबर 2020 को दिल्ली में घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन शुरू हुआ तो मोदी सरकार तीनों काले कानूनों को वापस लेने को मजबूर हुई। 26 नवंबर से पटना की धरती पर लाखों किसानों की हुंकार के सामने बिहार सरकार टिक नहीं पाएगी। कन्वेंशन की अध्यक्षता प्रो आनंद किशोर,रामायण सिंह,यशवंत सिंह और जितेंद्र कुमार आर्य की संयुक्त अध्यक्षमंडली ने की।

कन्वेंशन को किसान नेता देव कुमार,धनंजय कुमार मधु, शाश्वत जी,ओम प्रकाश मिश्रा,महेश महतो, जालंधर यदुवंशी, कमला प्रसाद शर्मा, राजकुमार सिंह, बृजेश राय, चंदन कुमार यादव पुष्पराज, भोला यादव, अश्वनी चौबे, रामनरेश महतो, जगपति सिंह, डा विनय कुमार, शिव शंकर चित्तू, सतीश कुमार, शैलेश राय, जवाहर निराला, मनीष कुमार, रमेश सिंह आदि ने की ।

बिहार के हित में फरक्का जल संधि पर पुनर्विचार जरूरी : संजय कुमार झा

30 वर्षों से एक साथ बाढ़ और सूखे का दंश झेल रहा बिहार : उमेश सिंह कुशवाहा

दैनिक नवसंदेश

सारण/ पटना । छपरा में जदयू के "फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद" कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के तहत पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का गंगा किनारे बसे बिहार के 12 जिलों - बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार - में संवाद निर्धारित है, जो इस संधि के कारण सबसे अधिक प्रभावित हैं। इस जन-जागरुकता अभियान का शुभारंभ 5 सितंबर को बक्सर से हुआ, जबकि समापन कटिहार में होगा क्योंकि बिहार में गंगा बक्सर से प्रवेश करती है और कटिहार से निकलती है।

इस मौके पर छपरा के भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मंत्री सुनील कुमार, विधायक सह कार्यक्रम प्रभारी रंधीर सिंह, विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमलजी, विधानपार्षद बीरेन्द्र नारायण यादव, विधान परिषद् के पूर्व उपसभापति सलीम परवेज,



जदयू के "फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद" कार्यक्रम का छपरा में भव्य आयोजन, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने किया संवाद।

पूर्व सांसद लालबाबू राय, पूर्व विधायक छोटेलाल राय, जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद विकल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारीगण और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान इस विषय पर पार्टी द्वारा तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म खास तौर से दिखाई गई। साथ ही विस्तृत जानकारी वाला पम्फलेट भी बांटा गया।

अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि 1996 में भारत और बांग्लादेश के बीच हुई यह संधि भारत के, खासकर बिहार के हित में नहीं है, इसलिए इसका नवीनीकरण नहीं होना चाहिए और अगर कोई संधि होती भी है तो बिहार की वर्ष 2050 तक की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इस जल संधि के कारण बिहार का जल-प्रबंधन बुरी तरह बिगड़ा है और हम गंभीर जल-संकट का सामना कर रहे हैं। बिहार के हित में इस पर पुनर्विचार जरूरी है।

संजय कुमार झा ने आगे कहा कि फरक्का (गंगा) जल संधि के मुताबिक शुष्क मौसम (1 जनवरी से 31 मई) में जब बक्सर के पास गंगा का प्रवाह महज 400 क्यूमेक (लगभग 14 हजार क्यूसेक) तक रह जाता है, तब भी फरक्का से बांग्लादेश के लिए 1500 क्यूमेक (लगभग 53 हजार क्यूसेक) पानी छोड़ना पड़ता है, इसका मतलब यह है कि सिर्फ गंगा ही नहीं, बल्कि बिहार की आंतरिक नदियों से भी पानी खींचकर बांग्लादेश को दिया जा रहा है। यह सीधे तौर पर बिहार की हकमारी है।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मैं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने बड़ी मुखरता से इस विषय को उठाया, इस विषय पर अखबारों में लिखा और अभी हाल में संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में भी इस मुद्दे को उठाया।

भोजपुरी गीत में आपत्तिजनक एवं जातिसूचक सामग्री के मामले में मंत्री डा. प्रमोद कुमार सख



मंत्री डा. प्रमोद कुमार ।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने वायरल भोजपुरी गीत, जिसमें जाति सूचक तथा अश्लिल शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, से संबंधित विवाद का संज्ञान लेते हुए मामले में आवश्यक साइबर जांच एवं विधि-सम्मत कार्रवाई के लिए साइबर आईजी एवं साइबर एसपी को निर्देश दिया है। यह गीत सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर प्रसारित होने के बाद आपत्तियों के घेरे में आया है।

मामले में नाई -सैन समाज की ओर से भी ज्ञापन सौंपकर संबंधित वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटाने तथा गायक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में संदीप ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, अखिलेश शर्मा, देव किशन ठाकुर, सतीश ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि लोकगीत एवं लोकसंगीत बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनके माध्यम से समाज और संस्कृति की सकारात्मक अभिव्यक्ति होनी चाहिए। लोकगीत-संगीत के नाम पर अश्लीलता, फूहड़ता, जातिसूचक टिप्पणी अथवा किसी समुदाय, व्यक्ति या विशेष रूप से महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। मंत्री ने साइबर पुलिस से कहा है कि उपलब्ध वीडियो एवं डिजिटल सामग्री की निष्पक्ष जांच की जाए।

जिज्ञासा से प्रश्न, प्रश्न से अनुसंधान और अनुसंधान से समाधान : शिक्षा मंत्री

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मंगलवार को राज्य विज्ञान संगोष्ठी2026 में सहभागिता की। संगोष्ठी का मुख्य विषय भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047 : संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ रहा।

उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि सोचने, प्रश्न करने और समाधान खोजने की वैज्ञानिक पद्धति है। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक एवं आलोचनात्मक चिंतन विकसित करना तथा उन्हें अनुसंधान और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाना आवश्यक है।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मंगलवार को राज्य विज्ञान संगोष्ठी2026 में सहभागिता की।

इस अवसर पर विज्ञान, तकनीक एवं ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं तथा वर्ष 2047 तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं की भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई।

कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न प्रमंडलों से चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, तर्कशक्ति एवं प्रस्तुतीकरण क्षमता का प्रदर्शन किया। कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों की सहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, प्रश्न पूछने, प्रयोग करने तथा समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया गया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का वर्ष है। ऊर्जा देश की आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति की आधारशिला है। आने वाले वर्षो में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं के साथ ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास जैसी चुनौतियाँ सामने होंगी, जिनका समाधान युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं की सोच, अनुसंधान और नवाचार से संभव है।

उन्होंने भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था को पर्यावरण-अनुकूल, सस्ती, सुलभ एवं टिकाऊ बनाने पर जोर देते हुए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जैव ऊर्जा सहित अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

विशेष भूमि सर्वेक्षण में धीमी प्रगति पर सख्ती, 15 दिनों में दें कार्ययोजना : डा. दिलीप जायसवाल

हर सोमवार मौजावार प्रगति की शुरू हुई समीक्षा, खराब प्रदर्शन पर तय होगी जवाबदेही

सभी जिलों के नोडल अधिकारियों के साथ मंत्री ने की समीक्षा बैठक

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण की धीमी प्रगति को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में सभी नोडल अधिकारियों के साथ सर्वेक्षण कार्य की साप्ताहिक समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले जिलों और अंचलों को चिति कर अलग से समीक्षा करने तथा अगले 15 दिनों की विशेष कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

मंत्री ने कहा कि विशेष भूमि सर्वेक्षण महज जमीन की नापी नहीं, बल्कि रैयतों के अधिकारों की सुरक्षा और शुद्ध भूमि अभिलेख तैयार करने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसलिए लक्ष्य पूरा करने के साथ अभिलेखों की शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी और कर्मियों की जवाबदेही तय की जाएगी।



डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने सर्वेक्षण कार्य की साप्ताहिक समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार को सभी जिलों की मौजावार प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। स्वघोषणा, खानापुरी, नक्शा, प्रारूप प्रकाशन, दावा-आपत्ति और अंतिम प्रकाशन के स्तर पर लंबित कार्यो की समय-सीमा तय कर उनका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, अधिकारियों और कर्मियों की फील्ड में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए मौजा स्तर पर शिविर लगाकर रैयतों की समस्याओं का समाधान करने को कहा।

विभाग के सचिव जय सिंह ने समीक्षा के दौरान सभी जिलों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित दावा-आपत्तियों की अधिकारीवार सूची तैयार कर पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय जनता दल के सांसदों और नेताओं ने चुनाव आयोग कार्यालय पर लोकतंत्र बचाओ मार्च को सफल बनाया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नेता एजाज अहमद ने बताया कि इंडिया गठबंधन की ओर से लोकतंत्र बचाने की लड़ाई को बिहार में मजबूती प्रदान करने के लिए दिनांक 7 अक्टूबर,2026 को राज्य भर के 534 प्रखंड मुख्यालयों पर ज्ञानेश भगाओ लोकतंत्र बचाओ आक्रोश मार्च और पुतला दहन का कार्यक्रम किया जाएगा।

ज्ञानेश भगाओ लोकतंत्र बचाओ आंदोलन को धार देने के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से दिनांक 8 अक्टूबर को राज्य भर के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना दिया जाएगा। और उसी दिन नेता प्रतिपक्ष और इंडिया गठबंधन के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं, सांसदों, पूर्व सांसदों , विधायकों, पूर्व विधायकों, विधान पार्षदों तथा पूर्व विधान पार्षदों के अलावा इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पटना में सचिवालय के समीप शहीद स्मारक स्थल से राज भवन मार्च किया जाएगा, और राजपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

एजाज ने कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में तेजस्वी जी के नेतृत्व में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई को मजबूती से लड़ेंगी। और चुनाव आयोग के बेईमानी का पर्दाफाश करेंगी। बिहार में नरेंद्र मोदी -अमित शाह और चुनाव आयोग के खिलाफ लोकतंत्र बचाने की लड़ाई तेजस्वी जी के नेतृत्व में लड़ी जाएगी ।

बैंड मास्टर : रवि मिश्रा के अभिनय ने दर्शकों का जीत लिया दिल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना के प्रेमचंद रंगशाला में अदाकार ख्वाहिश नाट्य संस्था, पटना के द्वारा बैंड मास्टर नाटक की प्रस्तुति की गई। इस नाटक के निर्देशक रवि मिश्रा एवं लेखक - प्रशांत चटर्जी हैं।

कथासार बैंड मास्टर : कथानक का महत्वपूर्ण पात्र नरसू मियां संगीत का बहुत बड़ा मर्मज्ञ है, और जवानी के दिनों में उसने अपनी कला से लोगों को दीवाना बना रखा था। लोग उसके साज की आवाज पर अपना सब कुछ न्योछावर करने को आतुर रहते थे, पर नरसू मियां वृद्धावस्था को ज्यों-ज्यों प्राप्त करता है, उसके साथी जिन्होंने भी उसके उस दौर को देखा ही नहीं था, आज उसे शक की नजर से देखते हैं, उसके लोग मानते ही नहीं कि कभी उसकी बैंड की दुनिया में तूती बोलती थी, लोग उसे सम्मान देते थकते नहीं थे। उसका एक शागिर्द हुसैन भी जिसने नरसू मियां के पुराने दौर को देखा नहीं था पर उससे सहानुभूति रखता है। अली जो उसका गोद लिया हुआ बेटा है, क्लैरिनेट का माहिर उस्ताद है, पर बैंड वर्ग की उपेक्षा की वजह से, इस धंधे से दूर रहना चाहता है। हजरत जिसे क्लैरिनेट का अल्पज्ञान है पर मास्टरी छीनना चाहता है और इसी क्रम में वो बूढ़े मास्टर को



प्रेमचंद रंगशाला में बैंड मास्टर नाटक का मंचन।

बेइज्जत भी करता रहता है। घटनाक्रम में परिस्थितियाँ उभरती है और मालिक की चापलूसी कर हजरत मास्टर बन जाता है, पर जब एक ग्राहक नरसू मियां के ख्याति को सुनकर दुकान पर आता है तो हजरत के बेसुरे क्लैरिनेट को सुनकर ग्राहक भागने लगता है और उसी समय नरसू मियां अपने कला की पराकाष्ठा को दिखाता है। और.....तब...

पात्र परिचय

'मंच पर'

बैंड मास्टर नरसू मियाँ - रवि मिश्रा
हजरत - आजाद शक्ति
अली - सुधीर कमल
मुबारक - नवीन कुमार अमूल
ग्राहक - प्रवीण सप्पू
ढोलवाला - राजकुमार
मालिक - दीपक श्रीवास्तव
हुसैन - हुकुमदेव यादव
गुलाब - लक्षित कुमार पाण्डेय
बच्ची - ऋषा कश्यप

'मंच परे'

संगीत - लक्ष्मी मिश्रा
संगीत संचालन - हर्ष आजाद
प्रकाश - विनय चौहान
रूप सज्जा - सुमन कुमार
उद्घोषक - मधुसूदन कुमार मैडी
छायाचित्र - जय प्रकाश
वीडियो रिकॉर्डिंग - राजू मिश्रा
मीडिया प्रभारी - लोक पंच
व्यवस्थापक - रितेश परमार
संयोजक - ऋषि कुमार

मुख्य अतिथि

पद्मश्री डा. आर एन सिंह
पूर्व अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद ।

नगर पंचायत सभागार में आंगन ट्रस्ट के सेफ्टी स्टूडियो का आयोजन आगामी त्योहारों पर लड़कियों की सुरक्षा को लेकर हुई गंभीर चर्चा

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। सामाजिक संस्था आंगन ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को नगर पंचायत सभागार में नगर अध्यक्ष मिंटू कुमार की मौजूदगी में सेफ्टी स्टूडियो का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में संस्था की 10 महिला लीडर्स और उनकी टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों, विशेषकर दुर्गा पूजा (दशहरा) के दौरान लड़कियों और महिलाओं के ऊपर मंडराने वाले आसन्न खतरों पर विस्तार से चर्चा करना और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

'दशहरा मेले में दुपट्टा खींचने और पीछा करने की घटनाएं आम': पीड़ित बच्चियाँ : कार्यक्रम में शामिल स्थानीय बच्चियों और युवतियों ने बेबाकी से अपनी समस्याएं और डर साझा किए। बच्चियों ने बताया कि दशहरा मेले के दौरान उचक्कों और हुड़दंगियों द्वारा लड़कियों का दुपट्टा खींचने और फब्तियां कसने जैसी घटनाएं आम हो जाती हैं। मेला घूमने आने वाली लड़कियों का दूर-दूर तक पीछा किया जाता है, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं।

'सिटी पार्क के पास मनचलों का जमावड़ा और अश्लील गानों पर रोक की मांग': छात्राओं ने शिकायत की कि नगर के सिटी पार्क के पास आए दिन मनचले लड़कों द्वारा लड़कियों के साथ उदंडता की जाती है। बच्चियों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की कि इस बार दशहरा के मौके पर पूजा पंडालों और सार्वजनिक स्थानों पर बजने वाले अश्लील गानों पर सख्ती से रोक लगाई जाए, क्योंकि ऐसे गानों से हुड़दंगियों को बढ़ावा मिलता है।

'को-ऑर्डिनेटर ने किया मोटिवेट, नगर अध्यक्ष व पुलिस ने दिया सुरक्षा का आश्वासन': आंगन ट्रस्ट की को-अर्डिनेटर शकुंतला श्रीवास्तव ने बच्चियों को आत्मरक्षा और सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को लेकर जागरूक किया और उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खुसरूपुर पुअनि शकील अंसारी ने भी बच्चियों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चियों की शिकायतों को बेहद गंभीरता से लिया और भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। पुलिस अधिकारी ने मनचलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और बच्चियों को हरसंभव सहयोग देने का पूर्ण आश्वासन दिया।

खबरें खास-खास

विधान परिषद चुनाव के पश्चात संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मी आन्दोलन करेंगे : फैक्टनेब

पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 को रद्द करने, याचिका संख्या 6943/26 में पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा के आलोक में नियमित वेतन - पेंशन भुगतान करने, 5 सितम्बर 26 को मुख्यमंत्री द्वारा अनुदानित शिक्षाकर्मियों को नियमित वेतन भुगतान की आधिकारिक घोषणा को अमलीजामा पहनाने हेतु मंत्रिमंडल से स्वीति, परीक्षा परिणाम आधारित वेतन मद बकाया अनुदान राशि (इण्टर खण्ड सहित) को बढ़े हुए मंहगाई दर से अधिसीमा बंधेज समाप्त कर शिक्षाकर्मियों के बैंक खाते में एकमुश्त भुगतान करने, समयबद्ध तरीके से सभी विश्वविद्यालयों में सिनेट सदस्य का चुनाव कराने, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन पारिश्रमिक एवं भत्ते एक समान करने, 2007 के बाद नियुक्त शिक्षकों का सेवा समायोजन करने आदि 9 सूत्री मांगों को लेकर संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मी विधान परिषद चुनाव के पश्चात आक्रोश पूर्ण आन्दोलन करेंगे।



राज्य समिति की बैठक ।

यह निर्णय हिन्दी साहित्य सम्मेलन सभागार, कदमकुआं, पटना बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई राज्य समिति की बैठक में लिया गया ।

इसकी जानकारी देते हुए बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि बैठक में अन्य पहलुओं के अलावा याचिका संख्या 6943/ 26 में पटना उच्च न्यायालय द्वारा बिहार सरकार को 90 दिन का दिया गया मोहलत 14 अक्टूबर को समाप्त होने के पश्चात फैक्टनेब वरिष्ठ अधिवक्ताओं से विमर्श कर अगली न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ 25 अक्टूबर को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय शाखा का विक्रमगंज में एवं नवम्बर माह में मुंगेर विश्वविद्यालय एवं बी एन मंडल विश्वविद्यालय का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक को डा. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, प्रो राजीव रंजन, प्रो अरुण गौतम, डा. रविन्द्र कुमार, डा. सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रो मो. अदु रसीद, प्रो. पाठक अरुण कुमार सुमन, डा शंभुनाथ सिंह, प्रो. अवधेश कुमार, डा शशिरंजन सिंह, डा राज नारायण पाण्डेय, डा रविकांत सिंह, प्रो. विजय कुमार मिठ्ठू, प्रो. अरविन्द कुमार राय, प्रो. श्रवण कुमार, डा. पितृ कुमार, डा. अरविन्द कुमार सिंह , प्रो महेन्द्र सिंह आदि ने संबोधित किया।

नहीं रहीं सुप्रसिद्ध कथा-लेखिका डा. कल्याणी कुसुम सिंह

साहित्य समाज में शोक की लहर, सम्मेलन में आयोजित हुई शोक-गोष्ठी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सुप्रसिद्ध कथा-लेखिका और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा कल्याणी कुसुम सिंह नहीं रहीं। सोमवार की रात दो बजे, वर्ष की आयु में अपने पश्चिमी पटेलनगर स्थित अपने आवास पर उन्होंने अपनी अंतिम साँस ली। उनके निधन से साहित्य समाज में गहरा शोक व्याप्त है। निधन की सूचना मिलते ही साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ अपने संगठन मंत्री ईं अशोक कुमार और पूर्व अर्थमंत्री सुनील कुमार दूबे के साथ उनके आवास पर पहुँचे और पुष्पांजलि अर्पित की तथा शोक-संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।



डा कल्याणी कुसुम सिंह (फाइल फोटो)।

मंगलवार की संध्या सम्मेलन के अध्यक्षीय कक्ष में शोक-सभा भी आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता करते हुए डा सुलभ ने कहा कि कल्याणी जी विचार-संपदा और भाव-संपदा से अत्यंत समृद्ध और मनोवैज्ञानिक-दृष्टि रखनेवाली एक अत्यंत संवेदनशील कथाकार और कवयित्री थीं। विद्वता और विनम्रता उनकी शोभा थी। स्वतंत्रता-संग्राम में महिलाओं के योगदान और आचार्य नलिन विलोचन शर्मा पर लिखी गयी उनकी पुस्तक हिन्दी साहित्य की धरोहर हैं। उनकी लघुकथाओं के संग्रह घटती उम्र और बढ़ती लालसाएँ पर गत सितम्बर में ही सम्मेलन में चर्चा हुई थी। सितम्बर को सम्मेलन के नए सत्र के लिए पुनर्गठित कार्य समिति के सभी पदाधिकारियों के पदभार-ग्रहण के समारोह में उपस्थित हुई थीं और उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया था।सम्मेलन के प्रति उनकी श्रद्धा अप्रतिम थी। उनके निधन से साहित्य और साहित्य सम्मेलन की ऐसी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई होने में वर्षो लगेंगे। शोक व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ कवयित्री आराधना प्रसाद, ईं अशोक कुमार, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, नीता सहाय, पं गणेश झा, कृष्ण रंजन सिंह, डा शालिनी पाण्डेय, प्रवीर कुमार पंकज, शंभुनाथ पाण्डेय, ईं आनन्द किशोर मिश्र, नन्दन कुमार मीत, डा अर्चना त्रिपाठी तथा विजय कुमार सिंह के नाम सम्मिलित हैं। आभासी माध्यम से सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शिववंश पाण्डेय, डा शंकर प्रसाद, डा उपेन्द्रनाथ पाण्डेय, रमेश कँवल, भावना शेखर, डा किशोर सिन्हा, शमा कौसर श्शमाश , निकहत आरा, डा पुष्पा जमुआर, डा पूनम आनन्द आदि सैकड़ों साहित्यकारों ने शोकोार व्यक्त किए। डा मनोज गोवर्धनपुरी ने शोक-सभा का संचालन किया ।

भू-अर्जन में तेजी और विवादों में कमी के लिए जिलों से मांगी जाएंगी 10 प्रमुख समस्याएं : डा. दिलीप जायसवाल

परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव का होगा संस्थागत अध्ययन, प्रभावित परिवारों और किसानों की समस्याओं को समझने पर जोर, सामाजिक प्रभाव आकलन में विशेषज्ञ संस्थानों की भूमिका बढ़ाने पर हुई चर्चा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए चल रहे भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाने और उससे जुड़ी सामाजिक एवं व्यावहारिक अड़चनों को दूर करने के लिए मंगलवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के भू-अर्जन निदेशालय की बैठक हुई। मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य के प्रमुख सामाजिक अध्ययन एवं प्रबंधन संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के भू-अर्जन निदेशालय की बैठक करते मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल।

बैठक में मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी जिलों से भू-अर्जन के दौरान सामने आने वाली 10 प्रमुख समस्याओं की जानकारी मंगाई जाए। इन समस्याओं का संस्थागत स्तर पर अध्ययन कर उनके व्यावहारिक समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन की प्रक्रिया को केवल भूमि अधिग्रहण तक सीमित नहीं रखा जा सकता। परियोजनाओं के कारण प्रभावित होने

संक्षिप्त खबरें

एनडीपीएस मामले में फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोइलवर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरवल जिले के जिंदपुरा थाना क्षेत्र निवासी चुन्नू कुमार है। थानाध्यक्ष सुशांत मंडल ने बताया कि कोइलवर थाना क्षेत्र के एनएच-922 पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 450.91 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ, एक ब्रेजा कार एवं अन्य सामग्री बरामद की गई थी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत संकल्प सेतु शिविर का शुभारंभ



आरा (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड कार्यालय कोइलवर स्थित सभागार में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत तीन दिवसीय संकल्प सेतु शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर का आयोजन 6, 7 एवं 8 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के साथ पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी। कार्यक्रम में बीडीओ वीर बहादुर पाठक, 20 सूत्री अध्यक्ष संजीत रजक, उपाध्यक्ष जयशंकर कुशवाहा समेत प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि संकल्प सेतु शिविर का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना और जरूरतमंद लोगों को योजनाओं से जोड़ना है।

सहयोग शिविर में मिले आवेदन पर कारवाई

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड में आयोजित सहयोग शिविर के दौरान विभिन्न पंचायतों से कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत में 16 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। गौरा पंचायत से 13 तथा लहंग डुमरिया पंचायत से 52 आवेदन सहयोग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। शिविर में प्राप्त आवेदनों को सहयोग पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। करीब एक दर्जन मामलों को ऑन द स्पॉट निष्पादित कर दिया गया। शिविर में नोडल अधिकारी के रूप में जेई जयनंदन चैधरी, एमओ शंभू शरण प्रसाद एवं कार्यक्रम पदाधिकारी अवधेश कुमार उपस्थित रहे। शिविर में मुखिया मनोज ठाकुर, सुनील कुमार साह, बिनोद कुमार साह, अखिलेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

वनमंत्र श्रद्धांजलि शत-शत नमन



आरा/संदेश (दैनिक नवसंदेश)। विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय झमन प्रसाद के पुत्र सिविल कोर्ट आरा के अधिवक्ता देवेंद्र प्रसाद सिंह का आज इलाज के दौरान पटना के अस्पताल में निधन हो गया उनके पुत्र छोटे भाई। बैंक अधिकारी अभिषेक कुमार से फोन कर घटना की जानकारी लिया श्रद्धांजलि अर्पित किया पटना में है उनका दाह संस्कार होगा।

सेवा सेतु शिविर में उमड़ी फरियादियों की भीड़



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड मुख्यालय परिसर में सरकार के निर्देश पर तीन दिवसीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के पहले दिन प्रखंडस्तरीय विभिन्न विभागों की ओर से अलग-अलग स्टाल लगाए गए। आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविका, पेंशन, बाल विकास परियोजना सहित अन्य विभागों के स्टाल पर बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर में प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में आम ग्रामीण भी पहुंचे। लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों एवं कर्मियों ने मौके पर ही कई शिकायतों का समाधान किया। जबकि कुछ मामलों को आवश्यक कार्रवाई एवं निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह ने शिविर में लगाए गए सभी स्टालों का समय-समय पर निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मियों को लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर का शुभारंभ



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पीरो व तरारी प्रखंड के सभागार में सेवा सेतु शिविर का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। पीरो में शिविर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय व तरारी में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सिकरहटा अंकित सिंह चन्द्रवंशी, लोजपा (आर) प्रखंड अध्यक्ष प्रमानंद पासवान एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुमेर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि सेवा सेतु शिविर का उद्देश्य आम लोगों तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ सहज और सरल तरीके से पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने तथा उन्हें आवश्यक सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। सेवा सेतु शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक लगातार तीन दिनों तक प्रखंड सभागार में किया जाएगा।

पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा बने बिहार उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता



आरा (दैनिक नवसंदेश)। पटना के गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति के समक्ष आयोजित बिहार उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के विस्तार एवं मजबूती पर चर्चा हुई। इस दौरान पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा को सर्वसम्मति से संघ का प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया। नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि वे शिक्षकों के अधिकार और सम्मान की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। बिहार के शिक्षकों के लिए 7वां पे कमिशन का लाभ सुनिश्चित कराना संघ की प्रमुख प्राथमिकताओं में है। इसके साथ ही सुरक्षित सेवा-शर्तों, वैधानिक अवकाश एवं विभागीय कार्यों में अनावश्यक विलंब के विरुद्ध भी संघ मजबूती से आवाज उठाएगा। उन्होंने कहा कि वैधानिक कार्यों के निष्पादन के लिए शिक्षकों पर किसी भी प्रकार का अनुचित दबाव या मांग स्वीकार नहीं की जाएगी। संगठन शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और पारदर्शी कार्यसंस्कृति के लिए लगातार संघर्ष करेगा। बैठक में उपस्थित शिक्षक प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

भारत की जनगणना के द्वितीय चरण को लेकर जनजागरूकता को ले जिला स्तरीय बैठक आयोजित

आरा (दैनिक नवसंदेश)। प्रधान जनगणना पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता डॉ. शशि शेखर की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या परिगणना हेतु ह्यजनजागरूकता एवं मीडिया आउटरीच गतिविधियों की अग्रिम योजनाह्न को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जनगणना-2027 का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है तथा द्वितीय चरण प्रारंभ होने वाला है। द्वितीय चरण की सफलता के लिए व्यापक जनजागरूकता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए नागरिकों को जनगणना के उद्देश्य एवं उपयोगिता, स्व-गणना (स्व-गणना) की सुविधा, सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के महत्व तथा जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत व्यक्तिगत सूचनाओं की पूर्ण गोपनीयता के संबंध में समयपूर्व जागरूक करने पर जोर दिया गया।

‘सबका सम्मान, जीवन आसान’ अभियान के तहत बरौरा पंचायत में सहयोग शिविर



आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के जनकल्याणकारी अभियान ह्सबका सम्मान, जीवन आसानह्न के अंतर्गत आज गड़हनी प्रखंड की बरौरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चईयांचक में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक महेश पासवान एवं जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना तथा उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील निष्पादन हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्री मीणा ने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि सहयोग शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन किया जाए। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहयोग शिविरों में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। सहयोग शिविर में कुल 95 आवेदन प्राप्त हुवे जिसमे जिला पदाधिकारी द्वारा 17 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन भी किया गया, जिससे संबंधित लाभुकों को तत्काल राहत एवं सहायता प्राप्त हुई। शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं से संबंधित स्वीकृति पत्र एवं लाभार्थी दस्तावेजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आमजन उपस्थित रहे।

महाराजा कॉलेज के अतिथि शिक्षकों की हुई बैठक, पुरानी समिति भंग

कमलेश सिंह अध्यक्ष व राजेश कुमार सिंह बने सचिव



आरा (दैनिक नवसंदेश)। महाराजा कालेज परिसर में मंगलवार को अतिथि शिक्षकों की एक आवश्यक आम सभा हुई। अध्यक्षता वनस्पति विज्ञान विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ. राजेश कुमार ने की। बैठक में अतिथि शिक्षकों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा सांगठनिक मजबूती पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने एकमत से माना कि पूर्व की समिति द्वारा अतिथि शिक्षकों के हितों की अनदेखी की जा रही थी, जिसके कारण सर्वसम्मति से पूर्व गठित समिति एवं उसके सभी पदों को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया गया। इसके उपरांत सांगठनिक कार्यों के कुशल संचालन और शिक्षकों की बात प्रमुखता से रखने के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का चयनध्मनोनयन किया गया। जिसमें कॉलेज अध्यक्ष डॉ. कमलेश सिंह (इतिहास विभाग), कॉलेज उपाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार (वनस्पति शास्त्र विभाग), सचिव डॉ. राजेश कुमार सिंह (इतिहास विभाग), उपसचिव डॉ. अरविन्द कुमार सिंह (भूगोल विभाग), कोषाध्यक्ष डॉ. विशाल देव (भूगोल विभाग), कॉलेज प्रतिनिधि डॉ. राजेश कुमार (वनस्पति शास्त्र विभाग), विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (पुरुष) डॉ. राजीव कुमार (इतिहास विभाग), राज्य प्रतिनिधि (पुरुष) डॉ. कमलेश सिंह (इतिहास विभाग), राज्य प्रतिनिधि (महिला) डॉ. सरिता देवी (मनोविज्ञान विभाग) हैं। बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा पारित प्रस्तावों का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए गए। बैठक में डॉ. कमलेश सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. विशाल देव, डॉ. सरिता देवी, डॉ. रजनी चैधरी, डॉ. इंदु कुमारी तिवारी, डॉ. शहनवाज आलम, डॉ. शारिक हैदर, डॉ. कमलेश कुमार, गिरिधर कुमार, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय सहित अन्य अतिथि शिक्षक उपस्थित रहें।

27 पंचायतों एवं 7 नगर निकाय क्षेत्रों में आयोजित हुए सहयोग शिविर

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के जनकल्याणकारी अभियान ‘सबका सम्मान, जीवन आसान’ के तहत भोजपुर जिले के सभी 14 प्रखंडों की 27 पंचायतों एवं 07 नगर निकाय क्षेत्रों में आज दिनांक 06 अक्टूबर 2026 को सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। सहयोग शिविरों में जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर शिविर की व्यवस्थाओं एवं प्राप्त आवेदनों की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान आम नागरिकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं के लाभ हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए। पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिले के विभिन्न प्रखंडों की 27 पंचायतों में 1007 तथा 07 नगर निकाय क्षेत्रों को मिलाकर कुल 1307 आवेदन प्राप्त हुवे। सहयोग शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, योजनाओं के लिए पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने तथा प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों के निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने निर्देश दिया कि शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र डिजिटाइजेशन कराते हुए उनकी विभागवार समीक्षा एवं निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा पात्र लाभुकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला प्रशासन, भोजपुर द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे सहयोग शिविरों में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा पात्रता के अनुसार सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राज्य की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन को लेकर आज उप विकास आयुक्त, भोजपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय युवा उत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रतियोगिताओं के आयोजन, प्रतिभागियों के पंजीकरण, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 30 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से 08 से 24 अक्टूबर 2026 तक जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु सीमा 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। इस वर्ष जिला स्तरीय युवा उत्सव के कल्चरल ट्रैक के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, कविता लेखन, चित्रकारी एवं वक्तृत्व कला प्रमुख हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिले के युवा अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उक्त सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करने हेतु भेजा जाएगा। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जिला स्तरीय युवा उत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सुविधाएं एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ससुराल जाने के लिए निकले युवक का शव व बाइक नहर से बरामद

आरोपी के गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया रोड जाम



आरा/तरारी (दैनिक नवसंदेश)। सिकरहटा थाना क्षेत्र के कोयल-कुसमी मोड़ के समीप बड़ी नहर से ससुराल जाने के लिए निकले युवक का शव एवं उसकी बाइक बरामद हुआ। मृतक के ससुराल वालों द्वारा उसे मारकर बाइक सहित नहर में फेके जाने की बात कही जा रही है।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण एवं ससुराल वालों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने कोयल-कुसमी मोड़ के समीप रोड जाम कर दिया एवं आरोपी की गिरफ्तारी एवं एसपी को घटनास्थल पर बुलाने की मांग करने लगे। करीब तीन घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार एवं सिकरहटा थानाध्यक्ष सनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के काफी मशक्कत के बाद उन्हें समझा-बुझाकर जाम को हटाया। मृतक शाहपुर थाना के बरीसवन गांव निवासी वीरेंद्र तिवारी का 30 वर्षीय पुत्र संतोष तिवारी उर्फ खरखरी है। मृतक के भाई सरोज तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनकी पत्नी नेहा कुमारी की नानी की मौत हो गई थी। पूछार में जाने के लिए वह गांव के विश्वास नामक लड़के के साथ सोमवार की शाम बाइक द्वारा ससुराल निकला था। रात दस बजे उनके ससुराल वालों के पास कॉल किया गया तो, वह वहां नहीं पहुंचा था। इसी बीच उसके ससुराल वालों द्वारा फोन पर बताया गया कि कोयल-कुसमी मोड़ के समीप नहर से एक व्यक्ति का शव एवं बाइक बरामद हुआ। जब वे लोग वहां पहुंचे और शव को देख उसकी पहचान की। मृतक के भाई सरोज तिवारी ने उसके बाइक सहित नहर में गिरने एवं पानी में डूबने के कारण मौत होने की बात कही है। उसने किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार का कोई आरोप या आशंका नहीं जताया है। मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मृतक की शादी वर्ष 2017 में हुई थी।

5 किलो 620 ग्राम गांजा के साथ बाइक सवार पिता-पुत्र गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुफस्सिल थाना पुलिस ने फोरलेन स्थित एक ढाबा के पास से मादक पदार्थ के साथ पिता-पुत्र तस्कर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उनके पास से 5 किलो 620 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उनकी बाइक को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में बिहिया थाना क्षेत्र के बारा खतौनी गांव निवासी रामाशंकर रजक एवं उसका पुत्र मुकेश रजक शामिल है।

डीएम के सामने ग्रामीणों ने खोला समस्याओं का पिटारा

विधायक के सामने गूंजा सड़क का सवाल



गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। ईयाचक गांव में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में उस समय माहौल गरमा गया, जब ग्रामीणों ने सड़क, आवास सूची में गड़बड़ी, जमीन के म्यूटेशन व परिमार्जन और पेंशन सहित कई समस्याओं को लेकर अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए जमकर आवाज उठाई।सहयोग शिविर के नोडल पदाधिकारी जिला उप समाहर्ता मो. मोइजिया रहे। शिविर में प्रखंड प्रमुख बिनोद यादव, बीडीओ अर्चना कुमारी, सीओ दीपा कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार अरबिंद सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं और जल्द समाधान की मांग की। दोपहर करीब 12 बजे जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा सहयोग शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे। डीएम के सामने ग्रामीणों ने सबसे प्रमुखता से शिवपुर-चईयाचक की जर्जर सड़क का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क वर्षों से बदहाल है और इसके कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग करते हुए जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने आवास सर्वे सूची में गड़बड़ी, जमीन के म्यूटेशन और परिमार्जन तथा पेंशन से जुड़े मामलों को भी डीएम के सामने रखा। जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि संबंधित समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। विधायक महेश पासवान के सामने भी ग्रामीणों ने शिवपुर-चईयाचक सड़क निर्माण का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। ग्रामीणों ने विधायक को उनके चुनावी वादे की याद दिलाते हुए कहा कि सड़क निर्माण का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक सड़क नहीं बन सकी। श्री पासवान ने कहा कि एक साल का समय दीजिए, सड़क जरूर बनेगी। सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहने के कारण ग्रामीणों ने एक ही जगह पर अपनी कई समस्याएं रखीं। मौके पर पंचायत के मुखिया कमलावती देवी, रामनाथ सिंह, संजय चैधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

बेनीपुर में 10.8 लीटर नेपाली शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

बेनीपुर (एनएसबी)। मद्य निषेध थाना पुलिस ने सोमवार कि रात थाना क्षेत्र के सुहथ गांव में छापेमारी कर नेपाली देसी एवं विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। मद्ध निषेध थानाध्यक्ष श्रीनिवास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर देवेंद्र यादव के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 180 एमएल की 10 बोतल विदेशी शराब और 300 एमएल की 30 बोतल नेपाली मामाश्री शराब बरामद हुई।कुल 10.8 लीटर शराब के साथ धंधेबाज देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया।

अपहरण मामले का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बेनीपुर (एनएसबी)। बहेड़ा थाना पुलिस ने बीती रात लवानी गांव में छापेमारी कर अपहरण मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि लवानी गांव निवासी संजीत कुमार अपहरण मामले का आरोपी है, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपहृता के पिता रंजीत कुमार के आवेदन पर 25 सितंबर को अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें संजीत कुमार, मंजू देवी, पुतुल देवी एवं शीला देवी को आरोपी बनाया गया है। इनमें संजीत को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

शांति समिति की बैठक, डीजे पर प्रतिबंध

बेनीपुर (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को लेकर बहेड़ा थाना परिसर में मंगलवार को एसडीपीओ बासुकीनाथ झा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि भीड़ वाले पंडालों में महिला-पुरुष के लिए अलग प्रवेश द्वार हो, बिना लाइसेंस जुलूस न निकले और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। एसडीपीओ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार जुलूस में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने और उपद्रवियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने भी सरकारी गाइडलाइन का पालन करने को कहा। बैठक में बीडीओ, मुख्य पार्षद मो. अकबाल सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

09 अक्टूबर को आयोजित होगा जॉब कैम्प

दरभंगा (एनएसबी)। सहायक निदेशक नियोजन जिला नियोजनालय दरभंगा द्वारा बताया गया कि युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार पटना के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, दरभंगा के माध्यम से 09 अक्टूबर 2026 शुक्रवार संयुक्त श्रम भवन रामनगर लहेरियासराय दरभंगा के कार्यालय परिसर में स्वतन्त्र माइक्रोफीन पी वी टी लिमिटेड द्वारा 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एस एफ ओ के लिए, कुल 50 पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

चन्द्रकला पेट्रोल पम्प के मालिक संजय शर्मा के हृदय गति रुक जाने से निधन

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। प्रखंड के चिगड़ी सिमराहा पंचायत के चिगड़ी गाँव निवासी व चन्द्रकला हॉस्पिटल समस्तीपुर के संस्थापक चर्चित डॉक्टर डी. के. शर्मा के बड़े भाई सह व अपने गांव मे खोले चन्द्रकला पेट्रोल पम्प के मालिक संजय शर्मा के हृदय गति रुक जाने के कारन समस्तीपुर के निजी अस्पताल मे निर्धन हो गया। शर्मा के निर्धन कि खबर सुनते ही उनके पैतृक गांव चिगड़ी सहित पूरे क्षेत्र मे शोक के लहर छा गये। समस्तीपुर मे अवस्थिति मां चन्द्रकला हॉस्पिटल मे अपने पंचायत चिगड़ी सिमराहा के मरीजो के बिना फिस लिए अपने छोटे भाई डी के शर्मा को इलाज करने को कह रखा था। मृतक संजय शर्मा दो भाईयों मे सबसे बड़े भाई थे। गत माह पेट्रोल पम्प खोले ताकि अपने पंचायत सहित सुधूर इलाकों के लोगो के दूर दराज हसनपुर नही जाना पड़ । उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे पूर्व मंत्री डॉकटर अशोक कुमार , पूर्व मुखिया शिव बालक यादव , समस्तीपुर से आयेविभिन्नविभाग के डॉक्टर , समाजसेवी त्रिभुवन कुमार , विनोद कुमार , राम अनुज यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बेरि चौक पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत बेरि चौक पर मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री प्रभाकर तिवारी एवं थानाध्यक्ष श्री गौरव कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय संदिग्ध तत्वों एवं असामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखना तथा विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। इस दौरान थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ स्वयं सड़क पर मौजूद रहे। उनके द्वारा प्रत्येक आने-जाने वाले वाहनों की बारीकी से तलाशी ली गई। चेकिंग के क्रम में वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट की अनिवार्यता एवं संदिग्ध वस्तुओं पर विशेष ध्यान दिया गया।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बिना हेलमेट, बिना नम्बर प्लेट, बिना कागजात एवं अवैध तरीके से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखे।

डीपीएस कादिराबाद में दिया गया नशा मुक्ति चेतना का संदेश



कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। दिल्ली पब्लिक स्कूल कादिराबाद, दरभंगा के परिसर में मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्यों के सहयोग से नशा मुक्ति चेतना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, मानसिक तनाव और जीवन मूल्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नशा न केवल शरीर को बल्कि परिवार और समाज को भी नष्ट करता है। ध्यान और सकारात्मक सोच के माध्यम से नशे से कैसे बचा जा सकता है, इस पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशा मुक्त जीवन जीने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने ब्रह्माकुमारी संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर पिरहौली में हुई बैठक



बैठक करते सदस्य।

अलीनगर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के पिरहौली गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुभाष कुमार यादव ने की, जबकि संचालन प्रदीप कुमार ने किया। बैठक में पूजा आयोजन की तैयारियों, आवश्यक व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कुमार यादव, पंचायत के मुखिया मुनेसुर रहमान, पंचायत समिति सदस्य डावर जी, सरपंच लाल मोहम्मद, पैक्स अध्यक्ष मिलन कुमार सुधाकर, सामाजिक कार्यकर्ता विसंबर यादव तथा जदयू प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मुस्लिम आजाद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।बैठक में उपस्थित लोगों ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मिलजुलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

सदर अस्पताल : गंगवाड़ा में द्वितीय चरण की स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

आईपीडी, इमरजेंसी, आईसीयू एवं 24 घंटे प्रसव सेवा के संचालन को लेकर तैयारियों की समीक्षा



जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार द्वारा सदर अस्पताल, गंगवाड़ा का निरीक्षण कर द्वितीय चरण में प्रारंभ की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं एवं अस्पताल में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर निर्माण, आधारभूत संरचना, चिकित्सा सुविधाओं, मरीजों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं तथा अन्य तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से द्वितीय चरण में शुरू होने वाली सेवाओं के संचालन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने बताया कि सदर अस्पताल,गंगवाड़ा में द्वितीय चरण के अंतर्गत आईपीडी, इमरजेंसी सेवा, आईसीयू तथा 24 घंटे प्रसव सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इन सेवाओं के प्रारंभ होने से जिले के मरीजों को बेहतर एवं व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी तथा गंभीर मरीजों एवं प्रसव संबंधी मामलों में त्वरित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में बीएमएसआईसीएल के संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि द्वितीय चरण की स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन सुचारू एवं प्रभावी ढंग से किया जा सके।उन्होंने अस्पताल में बिजली, पानी, स्वच्छता, आवश्यक उपकरण, मरीजों एवं परिजनों के लिए सुविधाओं सहित अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अस्पताल में इलाजरत मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बातचीत की तथा उपचार के दौरान उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से चिकित्सकीय सेवाओं, दवा, जांच एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में फीडबैक लिया तथा संबंधित अधिकारियों को मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। अस्पताल में चरणबद्ध रूप से सुविधाओं का विस्तार कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है।निरीक्षण के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार, अधीक्षक डीएमसीएच डॉ. जगदीश चंद्रा, उपाधीक्षक डीएमसीएच डॉ. अमित कुमार झा, प्रभारी उपाधीक्षक सदर अस्पताल, गंगवाड़ा-सह-स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया नारायण, डीपीएम स्वास्थ्य श्री प्रभात कुमार राजू, डीसीएम श्री रवि कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

रानीपुर व खरुआ पंचायत में पंचायत सहयोग शिविर का आयोजन



कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी, प्रखंड प्रमुख व अन्य ।

दरभंगा (एनएसबी)। सदर प्रखंड अंतर्गत रानीपुर एवं खरुआ पंचायत में मंगलवार को पंचायत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय 'सरकार आपके द्वार' शिविर का आयोजन प्लस टू जनता उच्च विद्यालय, जीवछघाट के प्रांगण में किया गया।

शिविर का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं 20-सूत्री कार्यक्रम के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सरावगी तथा दरभंगा ग्रामीण के विधायक राजेश मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संजय सरावगी ने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार आम जनता के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसी उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। ऑनलाइन शिकायत की भी सुविधा है और 30 दिनों के अंदर निष्पादन का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि एनडीए सरकार जनसेवा और विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मौके पर प्रखंड प्रमुख उदय सहनी, उप प्रमुख राकेश कुमार रोशन, 20-सूत्री प्रखंड अध्यक्ष घनश्याम कुमार राय, उपाध्यक्ष र, बीडीओ डॉ रवि रंजन , सीओ नीशश्र प्रेम , पंचायती राज पदाधिकारी करुणा कश्यप, रानीपुर मुखिया राजकुमार दास सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन ब्रजेश सिंह राठौर ने किया।

रोटरी क्लब ऑफ मिथिला का इंस्टॉलेशन सेरेमनी सिलिगुड़ी में संपन्न

■ रोटेरियन रिंकू कुमार झा अध्यक्ष, अमन पाठक सचिव तथा डॉ. रजना मिश्रा बनी कोषाध्यक्ष



कार्यक्रम में रिंकू झा व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। रोटरी क्लब ऑफ मिथिला के सत्र 2026झ27 की भव्य इंस्टॉलेशन सेरेमनी का आयोजन सिलिगुड़ी में उत्साहपूर्ण वातावरण में बीते 4 अक्टूबर रविवार को किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ मिथिला के अनेक सदस्य विशेष रूप से सिलिगुड़ी पहुंचे। वहीं सिलिगुड़ी के विभिन्न रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब के पदाधिकारी मनीषा शरण मीरा एवं अन्य सदस्य भी समारोह में शामिल हुए। जिन्हें मिथिला का पाग और रोटरी मिथिला की पहचान चादर एवं मखाना से स्वागत किया गया।

समारोह में नए सत्र के लिए रोटेरियन रिंकू कुमार झा को अध्यक्ष, रोटेरियन अमन पाठक को सचिव तथा रोटेरियन डॉ. रजना मिश्रा को कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया। नए सत्र में क्लब को नई ऊंचाइयों तक ले जाने तथा समाजहित में निरंतर सेवा कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. मिनी प्रियदशीर्नी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं विधिवत रूप से पदभार सौंपकर इंस्टॉलेशन सेरेमनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रेसिडेंट रोटेरियन रिंकू कुमार झा ने रोटरी मिथिला के आईकॉनिक प्रोजेक्ट स्कूल ऑन व्हील सिग्नेचर प्रोजेक्ट पर विभिन्न रूप से प्रकाश डाला और उसकी उसके फायदे भी बताए गए। नए मेंबर के रूप में रोटेरियन सोनिका झा को भी लेपल पिन पहनाकर नया मेंबर के रूप में इंडक्ट किया गया। कार्यक्रम में रोटेरियन राघवेंद्र कुमार, रोटेरियन रमन प्रधान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

हत्या कांड का फरार अभियुक्त दरभंगा में गिरफ्तार

दरभंगा (एनएसबी)। रेलवे,पूर्व मध्य रेल हाजीपुर मंडल के समस्तीपुर डिवीजन अंतर्गत रेसुब पोस्ट दरभंगा को ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। रेलवे सुरक्षा बल ने हत्या कांड के नामजद फरार अभियुक्त को ट्रेन से गिरफ्तार कर कोलकाता पुलिस को सौंप दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 05.10.2026 को डीएससीआर समस्तीपुर से सूचना मिली थी कि कोलकाता के गार्डन रीच थाना क्षेत्र के हत्या कांड का नामजद अभियुक्त मोहम्मद मुश्ताक उर्फ आसिफ उर्फ सरफराज, पिता इब्राहिम शेख, निवासी पंथ, थाना दलसिंहसराय, जिला समस्तीपुर, गाड़ी संख्या 13155 से कोलकाता की ओर यात्रा कर रहा है।सूचना के आलोक में रेसुब पोस्ट दरभंगा के प्रभारी के निर्देश पर टीम ने जाल बिछाया। गाड़ी संख्या 13155 के दरभंगा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर सुबह लगभग 09:15 बजे पहुँचते ही ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षी इंद्रजीत ने फोटो से मिलान कर संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान फरार अभियुक्त के रूप में हुई। इसके बाद रेसुब पोस्ट दरभंगा ने तत्काल कोलकाता पुलिस से समन्वय स्थापित किया। गार्डन रीच पुलिस स्टेशन के कांड संख्या के इस अभियुक्त के बारे में बताया गया कि वह पुलिस कस्टडी से भाग निकला था।सूचना पर गार्डन रीच थाने के एस आई रिज्वानुजमान मौला अपने 04 सदस्यीय दल के साथ दिनांक 06.10.2026 को रात 01:30 बजे दरभंगा रेसुब पोस्ट पर पहुँचे।

लहेरियासराय में पॉकेटमारी के दौरान मोतिहारी का पॉकेटमार गिरफ्तार

दरभंगा (एनएसबी)। पिछले कई महीनो से लहेरियासराय थाना क्षेत्र चोर उचक्कों का सेफ जोन बन गया है। थाना क्षेत्र में कई लोगों को ठगी सहित अन्य घटना का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। स्नातक एवं शिक्षक नामांकन के दौरान कई थानों के थानाध्यक्ष सहित भारी पुलिस बल तैनात थे। फिर भी पॉकेटमार पॉकेटमारी कर फरार होने का प्रयास कर रहा था। हालांकि एक पॉकेटमार चकमा देकर फरार हो गया जबकि दूसरा पकड़ा गया। भीड़ का फायदा उठाकर सोमवार को एक व्यक्ति के पॉकेट से 31 हजार रुपए निकाल कर भागने लगा। इस दौरान जिनके पॉकेट से रूपया निकाला था उनके द्वारा हल्ला करने पर लोगों ने पॉकेट मार को पकड़ लिया। पॉकेट से निकाले गए रुपया भी उसके पॉकेट से बरामद हुआ। उपस्थित भीड़ ने पकड़कर जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। थाना को दिए आवेदन में हायाघाट थाना क्षेत्र के खरारी गांव के रहने वाले अशोक कुमार सिंह के पुत्र राजीव कुमार सिंह ने बताया की वह एमएलसी चुनाव के नामांकन हेतु उम्मीदवार के साथ आए थे।

डीएमसीएच में महिला के परिजन को डॉक्टर ने मारा

दरभंगा (एनएसबी)। डीएमसीएच में एक महिला मरीज को दिखाने के लिए उनके परिजन लेकर आए । इमरजेंसी में बैठे डॉक्टर से कुछ कहा सुनी होने पर डॉक्टर ने उनके साथ मारपीट किया। महिला के परिजन को मारने की स्थिति देख अन्य परिजन सभी गोल बंद हो गए हल्ला हंगामा करने लगे। लेकिन गार्ड के सुपरवाइजर के द्वारा बेंता थाना एवं डायल 112 के पुलिस पहुंचने के बाद हंगामा कर रहे व्यक्ति को शांत किया गया। रोगी की पहचान इस प्रकार रूप में की गई वह खरथुआ निवासी रवि कुमार की पत्नी फूलों देवी उम्र 19 साल के रूप में की गई। मारपीट लगने के बाद भी रवि कुमार ने बताया कि 15 दिन पहले मैं अपनी पत्नी का इलाज करा कर मेडिसिन विभाग से गए हैं लेकिन उन्हें शौच नहीं हो रहा है फिर मैं सर्जन सै दिखाने के लिए आया था। डॉक्टर को इलाज के दरमियां सारी बात बताए। इस पर जूनियर डॉक्टर मुझे मारने लगे। डीएमसीएच में मारपीट की स्थिति बार-बार हो रही है।

तीन पंचायतों में किया गया सहयोग शिविर का आयोजन

कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत सहयोग शिविर का आयोजन तीन पंचायतों में किया गया जिसमें मध्य विद्यालय धबोलिया, मध्य विद्यालय तिलकेश्वर और उजुआ में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जहां ऊर्जा विभाग,पशुपालन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग,गृह विभाग,भिबीबि राम जी और खाद उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग,कृषि विभाग,समाज कल्याण विभाग,स्वच्छता विभाग नगर विकास एवं आवास, जीविका विभाग,शिक्षा विभाग,स्वास्थ्य विभाग, सीएफएल ईस प्रकार हर विभाग का अलग-अलग काउंटर लगाया गया जिसमें जनता के द्धारा संबंधित विभाग के काउंटर पर जा के आवेदन दिया और बिडीओ प्रभा शंकर मिश्रा ने तीनो पंचायतों के सहयोग शिविर का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के कर्मी को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में आवेदक का आवेदन वापस ना हो और जनता को कोई परेशानी ना हो और जनता का आवेदन जमा होना चाहिए बिडीओ श्री मिश्रा ने बताया कि तिलकेश्वर पंचायत में 15 आवेदन और तीन आवेदन इससे पहले शिविर का है पहले और उजुआ सिमरटोका में 11 आवेदन एवं नगर पंचायत कुशेश्वरस्थान पूर्वी में 17 आवेदन जमा हुए जिसको हर हाल में 30 दिनों के अंदर समाधान करना है।

एथलेटिक्स, बास्केटबॉल व खो-खो में हुआ रोमांचक मुकाबला



खेल प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

दरभंगा, मधुबनी व समस्तीपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

दरभंगा (एनएसबी)। खेल विभाग, बिहार, पटना, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन,दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय अंतर जिला विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 के दूसरे दिन मंगलवार को अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में एथलेटिक्स,बास्केटबॉल एवं खो-खो के विभिन्न मुकाबले आयोजित किए गए।

प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय, दरभंगा सहित निर्धारित खेल स्थलों पर किया जा रहा है।एथलेटिक्स के 400 मीटर बालक वर्ग में दरभंगा के आदित्य चौधरी प्रथम, समस्तीपुर के सीमांत कुमार द्वितीय तथा मधुबनी के चंदन कुमार तृतीय रहे। 400 मीटर बालिका वर्ग में दरभंगा की प्रीति कुमारी प्रथम, समस्तीपुर की नेहा कुमारी द्वितीय एवं मधुबनी की सोनी कुमारी तृतीय रहीं।400 मीटर अंडर-14 बालिका वर्ग में दरभंगा की साक्षी रानी प्रथम, मधुबनी की रितिका कुमारी द्वितीय एवं राधा कुमारी तृतीय रहीं। अंडर-14 बालक वर्ग में मधुबनी के हर्ष कुमार प्रथम, दरभंगा के शिवम यादव द्वितीय एवं समस्तीपुर के अनमोल कुमार तृतीय रहे।400 मीटर अंडर-17 बालिका वर्ग में समस्तीपुर की रिया कुमारी प्रथम,दरभंगा की ईशा कुमारी द्वितीय एवं रितिका कुमारी तृतीय रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में मधुबनी के प्रिंस कुमार प्रथम, दिव्यांशु रंजन द्वितीय तथा समस्तीपुर के अभिषेक कुमार तृतीय रहे।100 मीटर अंडर-14 बालक वर्ग में मधुबनी के शिवकुमार सदा प्रथम, दरभंगा के तुषार राज द्वितीय एवं सावन कुमार तृतीय रहे। वहीं 600 मीटर अंडर-14 बालिका वर्ग में मधुबनी की ज्योति कुमारी प्रथम, दरभंगा की मंतशा द्वितीय एवं साक्षी रानी तृतीय रहीं।अंडर-14 वर्ग बालिका ऊँची खुद में दरभंगा की दीक्षा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।बास्केटबॉल के अंडर-14 बालक वर्ग में दरभंगा विजेता तथा समस्तीपुर उपविजेता रहा। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में समस्तीपुर विजेता और दरभंगा उपविजेता रहा।खो-खो के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने तेज गति, बेहतर तालमेल एवं खेल रणनीति का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए पूरा जोर लगाया।जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान कर रही है। 7 अक्टूबर को कबड्डी,साइकिलिंग एवं रग्बी के विभिन्न मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।प्रतियोगिता के सफल संचालन में तकनीकी पदाधिकारियों आशीष कुमार, देवनंदन झा,राजन कुमार पासवान, निशांत कुमार, बृजेश सिंह राठौड़, राजेश कुमार,साकेत चौधरी एवं यशपाल,प्रकाश कश्यप,सत्यप्रकाश ने अपने-अपने खेल विधाओं का सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संचालन कराया। वहीं मंच संचालन एवं विभिन्न खेल विधाओं के परिणामों के संधारण की जिम्मेदारी अवकाश प्राप्त शारीरिक शिक्षक रविंद्र कुमार सिंह, यूएचएस अनुमंडल परिसर, बिरौल के शिक्षक केशव कुमार चौधरी, कुमार अनुराग, निशांत कुमार,राकेश कुमार, एकलव्य प्रशिक्षक अमित कुमार ने किया।

संक्षिप्त खबरें

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर बिस्फी में धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन आज

मधुबनी (एनएसबी)। राजद के आह्वान पर मतदाता सूची से वैध मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोप तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को बिस्फी प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची से कई वैध मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग के साथ देशभर में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि मतदाता सूची में पारदर्शिता एवं प्रत्येक योग्य नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। उन्होंने महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं, कार्यकताओं, समर्थकों एवं आम लोगों से बिस्फी प्रखंड मुख्यालय पर आयोजित धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

आयुष ग्राम कार्यक्रम में 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, 50 महिलाओं को किचन गार्डन किट वितरित



मधुबनी (एनएसबी)। आयुष ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को मुरलियाचक, बिस्फी में स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परसौनी एवं नहास पंचायतों के जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष पद्धति, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर लगभग 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकीय परामर्श के उपरांत आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित योग सत्र में प्रतिभागियों को प्राणायाम एवं विभिन्न योगाभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने नियमित योगाभ्यास के महत्व की जानकारी देते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के तहत 50 महिलाओं के बीच किचन गार्डन किट का वितरण किया गया। इसके माध्यम से महिलाओं को अपने घर के आसपास पौष्टिक एवं उपयोगी सब्जियों तथा औषधीय पौधों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को औषधीय पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने आयुष ग्राम की गतिविधियों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य, योग, पोषण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयासों को ग्रामीण स्तर तक निरंतर पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

छात्राओं, महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर 'पुलिस दीदी' स्कूटी से तैनात



मधुबनी (एनएसबी)। छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई स्कूटी एवं मोटरसाईकिलों के साथ 'पुलिस दीदी' पूरी तरह मुस्तैद हैं। जिले के विभिन्न अनुमंडलों एवं थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी स्कूलों और कॉलेजों के आसपास असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और महिला अपराधों की रोकथाम के लिए इनकी तैनाती की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और छात्राओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा उनके मन में सुरक्षा का भाव जगाना है। 'पुलिस दीदी' निर्धारित क्षेत्रों में नियमित गश्त कर छात्राओं से सीधा संवाद कर रही हैं और उनकी सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रही हैं।

जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पहुंचा जनता के द्वार : जिलाधिकारी

- 'जिले मे सहयोग पोर्टल से 25172 आवेदन प्राप्त एवं 22893 का हुआ निष्पादन'
- 'जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा चार भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा एवं पांच लाभुकों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र वितरित'
- 'डीएम एसएसपी ने लदनिया प्रखंड के एकहरी पंचायत मे आयोजित सहयोग शिविर में की शिरकत'

'सहयोग पोर्टल : जनसमस्या के निदान का सशक्त एवं प्रभावी हथियार, अपील का भी प्रावधान'



जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक संबोधन करते।



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

मधुबनी (एनएसबी)। जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविर के क्रम में मंगलवार को लदनिया प्रखंड अंतर्गत एकहरी पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र कुमार सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने शिरकत की। जिला पदाधिकारी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं परिवादियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर शिविर मे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए सहयोग पोर्टल एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए सहयोग पोर्टल का अधिकाधिक उपयोग करें। उन्होंने बताया कि मधुबनी जिले में सहयोग पोर्टल के माध्यम से अब तक 25,172 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 22,893 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदन के निष्पादन से यदि कोई आवेदक संतुष्ट नहीं है, तो उसके लिए अपील की व्यवस्था भी है। इससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को और अधिक जवाबदेह एवं प्रभावी बनाया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को उचित माध्यम से दर्ज कराएं तथा उपलब्ध प्रशासनिक व्यवस्थाओं का लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने पंचायतवासियों को पंचायत स्तरीय कर्मियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं का प्रभावी उपयोग होने से आम लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए प्रखंड, अनुमंडल अथवा जिला मुख्यालय का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इससे उनके समय, श्रम एवं पैसे की बचत होगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर शिविर मे पंचायत स्तरीय कर्मियों ने बारी बारी से जनता के बीच उपस्थित होकर अपना नाम, पदनाम मोबाइल नंबर तथा दायित्व से उन्हें अवगत कराया। जिलाधिकारी ने पंचायत कर्मियो को पंचायत मे भ्रमण कर आम लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने को कहा। उन्होंने पंचायत सरकार भवन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह मात्र एक भवन नहीं, बल्कि पंचायतवासियों को स्थानीय स्तर पर सरकारी सेवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी पंचायत स्तरीय कर्मी अपने पंचायत में नियमित रूप से उपस्थित रहकर पूरी तत्परता एवं जवाबदेही के साथ आम लोगों के कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन पूरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। अभियान बसेरा की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि पात्र एवं योग्य भूमिहीन परिवारों को वास योग्य भूमि उपलब्ध कराने एवं वासगीत पर्चा प्रदान करने के उद्देश्य से 26 से 30 सितंबर तक पांच दिनों का पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए गए थे। उन्होंने बताया कि भूमिहीन परिवार वासगीत पर्चा के लिए अंचल कार्यालय अथवा पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच के बाद पात्र एवं योग्य लाभुकों को वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन एवं प्रगति लाई जा सकती है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपने बच्चे-बच्चियों को अनिवार्य रूप से विद्यालय भेजने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों को छोटी-मोटी समस्याओं, आपसी मतभेद एवं स्थानीय विवादों के समाधान के लिए ग्राम कचहरी की व्यवस्था का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वैधानिक संस्थाओं के माध्यम से समस्याओं का समाधान कराने से समय एवं संसाधनों की बचत होगी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने एकहरी पंचायत के ग्रामीणों द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पंचायत सरकार भवन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक किया। शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी के कर-कमलों से अभियान बसेरा के तहत चार भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा प्रदान किया गया। वहीं पांच लाभुकों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सहयोग शिविर में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र कुमार, सिविल सर्जन डॉ. हरेंद्र कुमार, जयनगर के अनुमंडल पदाधिकारी श्री दीपक कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री कुमार दीपक, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. संजीव रंजन, मुखिया श्रीमती चंद्रकला देवी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी-कर्मी तथा पंचायत प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

लूट की घटना का 24 घंटे के अंदर सफल उद्भेदन

लूट की सभी सामान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 4 अक्टूबर को थानाध्यक्ष, भैरवस्थान थाना को वादी ललन चौपाल, थाना-लखनौर द्वारा एक लिखित आवेदन के माध्यम से बताया गया कि वादी दिल्ली से दरभंगा रेलगाड़ी के माध्यम से आया था एवं दरभंगा रेलवे स्टेशन के बाहर एक टेम्पू अपने घर जाने के लिये रिजर्व कर अपना सभी सामान (02 सूटकेश, 02 बैग जिसमें उस व्यक्ति की कपड़ा/खाने का सामान एवं बैग के अन्दर 50,000 /- रू० नगद था) के साथ टेम्पू पर बैठ गया। घर जाने के क्रम में 02 मोटरसाईकिल पर सवार 04 अज्ञात व्यक्तियों नें टेम्पू को बिच रास्ते में रोक कर सभी सामान लूट कर भागने लगे। भागने के क्रम में उनमें से 01 अपराधियों को पकड़ कर स्थानीय थाना भैरवस्थान को उक्त घटना के बारे में सूचित किया गया। सूचना प्राप्त होते हीं थानाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई कर घटनास्थल पर पहुँचकर घटना का जायजा लेते हुए पकड़ाये व्यक्ति का नाम/पता पूछने पर उसने अपना नाम-रोहित राय, पे०-लाला राय, सा०-शखवाट, थाना-मनिगाछी, दरभंगा बताया। अभियुक्त रोहित राय से अन्य व्यक्तियों के बारे में पूछ-ताछ कर उनका पहचान कर लिया गया। इस घटना के संदर्भ में अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्त के विरूद्ध भैरवस्थान थाना कांड सं0-158/26 दिनांक-04.10.2026 को सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही थी। उक्त घटना को वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना एवं जिले में स्थापित तकनीकी टीम के सहयोग से आसूचना संकलन कर तथा तकनीकी / मानवीय पहलुओं पर अनुसंधान कर घटना में संलिप्त दो अप्राथ० अभि० 01. सुजीत चौपाल एवं 02. रामलाल चौपाल को विधिवत गिरफ्तार कर इन दोनों अभियुक्तों के घर से कांड में लुटे गये सामान 02 ट्रोली बैग एवं 02 बैग जिसमें कपड़ा / खाने को सामान था एवं कांड में प्रयुक्त 02 मोटरसाईकिल बरामद कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है एवं घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सघन छापेमारी की जा रही है।

9.2 किलो गांजा व स्कार्पियो के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



गिरफ्तार तस्कर जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि मधुबनी एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), मधुबनी के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से मधुबनी पुलिस द्वारा लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में दिनांक-05.10.26 की संध्या समय करीब 18:45 बजे राजनगर थाना अंतर्गत रॉटी टी०ओ०पी० में पदस्थापित पु०अ०नि० सर्वी कुमार पुलिस टीम के साथ गौसनगर कब्रिस्तान के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान भगवतीपुर की तरफ से आ रही एक काले रंग का स्कार्पियों गाड़ी का चालक पुलिस को वाहन चेकिंग करते देख कर काफी तेजी से गौसनगर की तरफ भागने लगा। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन का पीछा किया गया तो गाड़ी का चालक स्कार्पियों को लेकर गौसनगर गाँव में मो० बारीक के घर में प्रवेश कर गया।

तदोपरांत पुलिस बल द्वारा उक्त स्कार्पियों को घेराबंद कर अपने कब्जे में लिया गया। गाड़ी के अंदर तीन व्यक्ति बैठे हुए थे। तीनों व्यक्तियों से नाम/पता पूछने पर वे अपना अपना नाम 01. विनोद कामत 02. मो0 मेहबुब एवं 03. रंजीत कुमार बताये। उक्त स्कार्पियों वाहन एवं तीनों व्यक्तियों का विधिवत तलाशी लेने पर स्कॉर्पिया के बीच वाली सीट से 07 पॉकेट गाँजा, तीन एण्ड्रायड मोबाईल एवं नगद-5250/- रू0 बरामद हुआ। बरामद गाँजा के संबंध में पूछताछ करने पर विनोद कामत के द्वारा बताया गया कि वह नेपाल कमलपुर के सिकेन्द्र यादव से गाँजा लाकर गौसनगर के मो० बारीक एवं मो० महबूब को देता है। इसके पहले भी वह मो० बारीक एवं मो० महबूब को गाँजा लाकर दिया है। पकड़ाये व्यक्तियों के निशानदेही पर मो० बारीक के घर के गोईठा (उपला) वाले दालान में जमीन के अंदर गढ्?ढा खोदकर एवं छिपा कर रखा कुल-03 पॉकेट गाँजा बरामद हुआ। बरामद सभी गाँजा का इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन कराने पर कुल वजन-09.200 किलाग्राम हुआ। बरामद मादक पदार्थ को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार सभी अभियुक्त को थाना लाया गया। इस संदर्भ में राजनगर थाना कांड सं0-488/26, एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार तीनों अभियुक्त को को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है एवं अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

सहयोग शिविर के तहत एसडीएम ने सुनी आमजनों की समस्याएं, समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



मौके पर उपस्थित पदाधिकारी।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सोहॉस एव रघेपुरा पंचायत में एसडीएम शारंग पाणि पांडेय, एसडीपीओ अमित कुमार, बीडीओ बसंत कुमार सिंह,,एमओ कौशल कुमार मंडल,वीएओ कौशल कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हमीद गफूर, बीपीएम अमर ज्योति मिश्रा, पीएचईडी जेई रवि कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी राकेश कुमार झा, बीपीआरओ शेखर राजस्व पदाधिकारी सविता कुमारी, एमओ कौशल कुमार सिंह, बिजली जेई रितेश कुमार, पंचायत के मुखिया सतीश प्रसाद मेहता, जिवछ देवी, समाजसेवी सूरज यादव ने पंचायत सरकार भवन के परिसर में सहयोग शिविर का शुभारंभ किया.शिविर में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, महिला समूहों की सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे. कई आवेदनों का निष्पादन तत्काल कर दिया गया. सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं कि जानकारी भी दी गई. शिविर में उपस्थित एक-एक ग्रामीणों से संवाद कर 95 आवेदनों में से अधिकांश समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना कर निष्पादन किया.एसडीएम पांडेय ने शिविर मे उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक है सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है. एसडीएम ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके.शिविर मे बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कि गई.आए हुए आवेदनों को तीस दिनों के अंदर निष्पादन किया जाना है।

भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर व राजस्थान में किसानों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



बैठक में उपस्थित कर्मचारी अधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), मधुबनी के तत्वावधान में किसानों के लिए भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर (राजस्थान) में 05 से 09 अक्टूबर 2026 तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मधुबनी जिले के चयनित किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सरसों एवं अन्य तिलहनी फसलों की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती, उन्नत किस्मों का चयन, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक एवं पोषक तत्व प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा प्रदान की जा रही है।

किसानों को विशेष रूप से कम लागत में अधिक उत्पादन, जल एवं मृदा संरक्षण, समेकित कीट प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण तथा उत्पादन के बाद मूल्य संवर्धन एवं विपणन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी भी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने संस्थान के वैज्ञानिकों से संवाद कर सरसों उत्पादन से जुड़ी अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर किसानों को बदलते कृषि परिवेश में नई तकनीकों को अपनाने, उन्नत कृषि पद्धतियों का प्रयोग करने तथा तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि करते हुए उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में वृद्धि करना है। किसानों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर में प्राप्त वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी को वे अपने खेतों में अपनाकर सरसों सहित अन्य तिलहनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के रहिका प्रखंड से श्री अरुण कुमार भंडारी, बाबूबरही से श्री अशोक कुमार यादव ,खजौली प्रखंड से श्री सूर्य नारायण चौधरी , झंझारपुर से श्री राघव चौधरी, बेनीपट्टी से राजकुमार झा सहित जिले के सभी प्रखंडों से किसान श्री बिनोद कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, एवं श्री देवकी नंदन पाल, सहायक तकनीकी प्रबंधक के नेतृत्व में भाग ले रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

कचरा प्रबंधन और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर फ्रांस और जर्मनी की टीम ने किया निरीक्षण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सिटीज 2.0 परियोजना के तहत शहर में कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को एएफडी, केएफडब्ल्यू और एनआईयूए की टीम ने रौतिनिया, चांदवारा और बाबा गरीबनाथ



रौतिनिया और नगर क्षेत्र का निरिक्षण करती विदेशी संस्था की टीम।

मंदिर क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया। टीम ने कचरा संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण, लीचेट प्रबंधन और प्रस्तावित विकास कार्यों की संभावनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्थानीय जरूरतों को देखते हुए मोबाइल एमआरएफ वाहन की व्यवस्था का सुझाव दिया। इससे सूखे कचरे को मौके पर अलग कर उपयोगी सामग्री को पुनर्चक्रण के लिए भेजने में मदद मिलेगी। कचरे से निकलने वाले गंदे पानी यानी लीचेट की उचित निकासी और प्रबंधन पर भी जोर दिया गया। टीम ने चिन्हित स्थलों को स्वच्छ और आकर्षक बनाने तथा जन-जागरूकता गतिविधियों को मजबूत करने की सलाह दी। सिटीज 2.0 के तहत होने वाले निर्माण कार्यों से पहले उनके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों की जांच करने पर भी जोर दिया गया। इसके बाद टीम ने नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह से मुलाकात कर सुझाव साझा किया। नगर आयुक्त ने कहा कि टीम के फीडबैक के आधार पर परियोजना के विभिन्न घटकों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय महापौर सम्मेलन में शामिल हुईं मेयर, शहरों के समग्र विकास पर मंथन

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय महापौर कौन्सिल की 118वीं कार्यकारिणी बैठक 2026 में देशभर से आए महापौरों के साथ मुजफ्फरपुर की महापौर निर्मला देवी साहू ने भी सहभागिता की। सम्मेलन में नगरीय विकास, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, आधुनिक शहरों की आवश्यकताओं और शहरों के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन की मेजबानी चंडीगढ़ के महापौर सौरव जोशी ने की। देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे महापौरों ने अपने-अपने शहरों में किए जा रहे विकास कार्यों, नवाचारों और नागरिक सुविधाओं से जुड़े अनुभव साझा किए। सम्मेलन के दौरान स्वच्छ और आधुनिक शहरों के निर्माण, नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा बदलती शहरी जरूरतों के अनुरूप विकास की योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। महापौरों ने शहरों की समस्याओं के समाधान और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर भी अपने सुझाव रखे। महापौर निर्मला देवी साहू ने कहा कि देशभर के महापौरों का एक मंच पर जुटना नगरीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजनों में अनुभव और सुझावों के आदान-प्रदान से शहरों के विकास के लिए नई संभावनाएं सामने आती हैं तथा बेहतर कार्ययोजनाएं तैयार करने में मदद मिलती है।



सम्मेलन में शामिल मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला देवी साहू।

वोट चोरी के आरोप के खिलाफ प्रखंड मुख्यालयों पर कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन और पुतला दहन आज

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिला कांग्रेस कमिटी मुजफ्फरपुर पश्चिमी के अध्यक्ष कृपाशंकर शाही ने पत्रकार वार्ता मे मंगलवार को बताया कि 7 अक्टूबर को इंडिया महागठबंधन की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों पर विरोध-प्रदर्शन और पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस की ओर से यह कार्यक्रम मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लगाए गए कथित वोट-चोरी के आरोपों के विरोध में आयोजित की जाएगी।जिलाध्यक्ष ने सभी प्रखंड अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्र में महागठबंधन के सहयोगी दलों के नेताओं और कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को वोट-चोरी के खिलाफ शुरू किए गए जन आंदोलन की अहम कड़ी बताया है। जिला कांग्रेस कमिटी मुजफ्फरपुर पश्चिमी के अध्यक्ष कृपा शंकर शाही द्वारा कांटी में मोहम्मद रफी अंसारी, मड़वन में ओंकार नाथ चौधरी, सरैया में रामकिशोर सिंह, पारू में सुनील सहनी, साहेबगंज में राजा अंसारी, मोतीपुर में रितेश झा और कुढ़नी में सुशील शाही को कार्यक्रम के प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने पार्टी कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने और महागठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर इसे सफल बनाने की अपील की है।



मुजफ्फरपुर पश्चिमी कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

भगवानपुर स्टेशन पर टिकट दलाली का खेल आया सामने

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेलखंड के भगवानपुर रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर टिकट दलाली का मामला सामने आया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन उपलब्ध के तहत कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये से अधिक मूल्य के अवैध आरक्षित टिकटों के साथ एक टिकट दलाल को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।

10 हजार के आरक्षित रेलवे टिकट के साथ एक दलाल गिरफ्तार, दूसरा फरार

आरपीएफ उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। आरपीएफ पोस्ट हाजीपुर के निरीक्षक प्रभारी के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सिंह और आरक्षी धर्मेंद्र कुमार की टीम भगवानपुर स्टेशन पर जांच कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से टिकटों की खरीद-बिक्री करते मिला। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 हजार रुपये से अधिक मूल्य के आरक्षित टिकट बरामद हुए। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपित की पहचान वैशाली जिले के कटहरा थाना क्षेत्र के चेहराकला वार्ड-12 निवासी मोहम्मद नुरैन (29) के रूप में हुई है। आरपीएफ के अनुसार, बरामद टिकट यात्रियों को अधिक कीमत पर बेचने के लिए रखे गए थे। पूछताछ में नुरैन ने अपने साथी चेहराकला निवासी मोहम्मद जावेद आलम (24) के बारे में जानकारी दी, जो कार्रवाई के दौरान फरार हो गया। बताया गया कि भगवानपुर स्टेशन पर टिकट दलाली का मामला नया नहीं है। करीब एक दशक से यहां समय-समय पर टिकट दलाली की शिकायतें और कार्रवाई सामने आती रही हैं। पूर्व में टिकट दलाली में कथित संलिप्तता को लेकर बुकिंग काउंटर पर तैनात रेल कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई हो चुकी है। इसके बावजूद अवैध टिकट खरीद-बिक्री के मामले सामने आने से निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। आरपीएफ ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे टिकट दलालों के झांसे में न आएं और टिकट केवल अधिकृत रेलवे आरक्षण काउंटर या आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से ही बुक करें।

बैंककर्मी से दिनदहाड़े 1.30 लाख की लूट

कांटी थाना क्षेत्र में घटना, बाइक व टैब भी ले गए अपराधी

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। कांटी थाना क्षेत्र अंतर्गत काँटी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-24 में कांटी थर्मल पावर प्लांट से प्रखंड चौक जाने वाली सड़क पर रातल मैदान के समीप मंगलवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने एक निजी बैंक के कर्मचारी से लगभग 1.30 लाख रुपये, बाइक, टैब और अन्य सामान लुटकर फरार हो गए। वहीं दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

बताया गया कि निजी बैंककर्मी अमित कुमार उक्त मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान दो तीन अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर उन्हें रोक लिया और रुपये व अन्य सामान लूटने के बाद उनकी बाइक लेकर फरार हो गए घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी मौके पर पहुंचीं और पीड़ित अमित कुमार से घटना की जानकारी ली। उन्होंने कांटी थानेदार रविकांत पाठक समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों को अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अपराधियों की पहचान कर त्वरित गिरफ्तारी के लिए घटनास्थल के आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसके साथ हीं पुलि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान भी शुरू कर दिया है। लूट के शिकार हुए बैंककर्मी अमित कुमार ने इस मामले में काँटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने कहा कि घटना में शामिल अपराधियों की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा हैऔर जल्दी हीं उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



घटनास्थल पर पहुंची एसडीपीओ पश्चिमी एवं काँटी थाना पुलिस।

बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर घर लौट रहे सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर लूट

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। अहियापुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर में बाइक सवार तीन अपराधियों ने मंगलवार को बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे सीएसपी संचालक से हथियार के बल 50 हजार रुपये लूट लिए और मौके से सभी अपराधी बाइक से फरार हो गए। पीड़ित की पहचान सलेमपुर निवासी सीएसपी संचालक अनिल कुमार के रूप में हुई है।

बताया गया कि अनिल कुमार बैंक ऑफ बड़ौदा से 50 हजार रुपये निकालकर अपने घर सलेमपुर लौट रहे थे। इसी दौरान मुस्तफापुर के पास बाइक सवार तीन अपराधियों ने उनका पीछा करते हुए रास्ते में रोक लिया। अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर रुपये से भरा झोला लूट लिया और मौके से फरार हो गये। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही अहियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। अनिल कुमार ने देर शाम थाने में लिखित शिकायत भी दी है।

पुलिस अपराधियों के भागने की दिशा में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि अपराधियों ने बैंक से रुपये निकालने के बाद सीएसपी संचालक का पीछा किया था या घटना अचानक हुई। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

रिश्वत मांगने के आरोप में एसएसपी ने हथौड़ी थाना में पदस्थापित एएसआई को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने रिश्वत मांगने के आरोपी एक एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस कप्तान की इस कड़ी कार्रवाई से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है। मामला मुजफ्फरपुर जिले के हथौड़ी थाना से जुड़ा हुआ है। हथौड़ी थानाध्यक्ष द्वारा एसएसपी को एक गोपनीय रिपोर्ट सौंपी गई थी। इस रिपोर्ट में बताया गया कि हथौड़ी थाना कांड संख्या 167/26 के अनुसंधानकर्ता रामप्रवेश प्रसाद द्वारा मामले के एक आरोपी से केस में रियायत देने के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही थी।

थानाध्यक्ष से प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया। आरोपों को अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार का गंभीर मामला मानते हुए उन्होंने बिना किसी देरी के एएसआई रामप्रवेश प्रसाद के निलंबन का आदेश जारी कर दिया। पुलिस विभाग में इस तरह की पारदर्शी और त्वरित कार्रवाई की चर्चा हर तरफ हो रही है। कार्रवाई के बाद मुजफ्फरपुर पुलिस कप्तान ने जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में किसी भी स्तर पर रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता के साथ पारदर्शिता और न्यायपूर्ण व्यवहार ही पुलिस की पहली प्राथमिकता रहेगी।



निलंबित एएसआई राम प्रवेश प्रसाद।

700 एकड़ उपजाऊ जमीन के प्रस्तावित अधिग्रहण के विरोध में किसानों का मार्च

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। पारू प्रखंड के चैनपुर चिउटाहा, विशुनपुर सरैया, हरपुर कपरफोरा, भोजपट्टी और चतुरपट्टी गांव के किसानों की करीब 700 एकड़ उपजाऊ जमीन का औद्योगिक विकास के नाम पर प्रस्तावित अधिग्रहण के विरोध में मंगलवार को क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने साइकिल और मोटरसाइकिल मार्च निकाला। मार्च का आयोजन अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा एवं भूमि बचाओ किसान संघर्ष समिति के संयुक्त आह्वान पर किया गया। किसानों ने प्रभावित गांवों में भ्रमण करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान किसानों ने "जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे", "भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आम किसान एक हो" और "उपजाऊ जमीन के जबरन अधिग्रहण पर रोक लगाओ" जैसे नारे लगाए। मार्च चतुरपट्टी स्थित विषहर स्थान पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। इसके पश्चात

किसान जवाहर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के राज्य अध्यक्ष उदय चौधरी ने कहा कि किसानों की सहमति के बिना उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, जो किसान विरोधी नीति है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के प्रावधानों के तहत जमीन लेने से पहले किसानों की सहमति का भी प्रावधान है, लेकिन सरकार जबरन जमीन अधिग्रहण करने का प्रयास कर रही है।

भगत सिंह छात्र नौजवान सभा के राज्य कमिटी सदस्य अनुकूल कुमार ने कहा कि सरकार को बंद पड़े उद्योगों को पहले चालू करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि योग्य जमीन लेकर उसे पूंजीपतियों को देने की साजिश की जा रही है। भूमि बचाओ किसान संघर्ष समिति के संयोजक विश्वनाथ साह ने कहा कि किसानों के पास खेती के लिए जमीन नहीं होगी तो जनप्रतिनिधियों को वोट नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। सभा को किसान नेता रामानंद राम, जद्दू राय, अनिसुर रहमान, शोभाजित यादव, रामेश्वर सिंह, मंजूर आलम, रामाधार राय, नागेंद्र बैठा सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। यह जानकारी अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के जिला कमेटी सदस्य रामानंद राम एवं भूमि बचाओ किसान संघर्ष समिति के संयोजक विश्वनाथ साह ने दी।



मार्च निकालकर प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध मे प्रदर्शन करते किसान एवं भू स्वामी।

मुजफ्फरपुर की बेटी शिक्षा कुमारी ने हासिल की पीएचडी भ्रामक विज्ञापनों पर शोध कर बढ़ाया शहर का मान

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नई बाजार, यदुपति रोड निवासी शिक्षा कुमारी ने अकादमिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। शिक्षा, सुनील कुमार शर्मा एवं सोनी शर्मा की पुत्री हैं। शिक्षा कुमारी ने विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग से अपना शोध कार्य पूरा किया।

उनके शोध का विषय द रोल ऑफ गवर्नमेंट रेगुलेशन इन रिड्यूसिंग द इम्पैक्ट ऑफ मिसलीडिंग एडवरटाइजिंग ऑन कंज्यूमर बिहेवियर विद स्पेशल रेफरेंस टू कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स था। शोध कार्य विभाग के डीन डॉ सैयद आले मुजतबा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शोध प्रबंध की मौखिक परीक्षा 6 अक्टूबर को विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। इसमें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व डीन एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् विनोद शंकर सिंह ने बाह्य परीक्षक के रूप में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश चंद्र राय, विभागाध्यक्ष डॉ रवि कुमार श्रीवास्तव, डॉ विनोद बैठा, डॉ साकेत एवं डॉ सलाउद्दीन समेत कई फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे। शिक्षा का शोध कॉस्मेटिक उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों से उपभोक्ताओं के व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभाव तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा में सरकारी नियमों की भूमिका पर केंद्रित है। तेजी से बढ़ते कॉस्मेटिक बाजार और डिजिटल विज्ञापनों के दौर में उनका शोध उपभोक्ता जागरूकता और नियामकीय व्यवस्था के अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पीएचडी की उपाधि मिलने पर परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।



शिक्षा कुमारी को डॉक्टरेट की उपाधि का प्रमाणपत्र प्रदान करते कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय।

मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े सात तस्करों की तलाश तेज

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सिकंदरपुर थाना पुलिस की गिरफ्त में आए पूर्वी चंपारण के मादक पदार्थ कारोबारी मनीष राज से पूछताछ में नेपाल से जुड़े नशे के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पूछताछ के दौरान पुलिस के सामने सात बड़े तस्करों के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने इनके मोबाइल नंबर भी जुटा लिए हैं। अब विशेष टीम आरोपितों की गतिविधियों और नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

पुलिस के अनुसार मनीष राज की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। चिन्हित आरोपितों के मोबाइल नंबरों का डिटेल भी खंगाला जा रहा है। जांच में सामने आया है कि नेपाल से मादक पदार्थों की खेप उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों तक पहुंचाई जाती थी। इसमें स्मैक सहित अन्य नशीले पदार्थ शामिल हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि खेप किन माध्यमों से विभिन्न जिलों तक पहुंचती थी और नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। ज्ञात हो कि एक दिन पहले सिकंदरपुर थाना पुलिस ने छापेमारी कर मनीष राज को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 45 पुड़िया गांजा, 50 पुड़िया स्मैक और 12 डब्बा कोटा मादक पदार्थ बरामद किया गया था।

पूछताछ में उसके तार नेपाल के तस्करों से जुड़े होने की जानकारी मिली। पुलिस मनीष के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है और इसके लिए मोतिहारी के विभिन्न थानों से संपर्क किया गया है। सितंबर में मादक पदार्थ के खिलाफ चले अभियान के दौरान उत्तर बिहार में दो दर्जन से अधिक धंधेबाजों की गिरफ्तारी हुई थी। अब पुलिस नए खुलासे के आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने में जुटी है।

जिस विभाग में पढ़े और पढ़ाया, उसी के मेधावियों के लिए शुरू की स्थायी छात्रवृत्ति, 30 लाख की एफडी से चलेगी योजना

रसायनशास्त्र के पांच टॉपर्स को हर साल मिलेंगे 25-25 हजार रुपये

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिस रसायन शास्त्र विभाग में कभी डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह ने विद्यार्थी के रूप में शिक्षा ग्रहण की और बाद में शिक्षक बनकर नई पीढ़ी को पढ़ाया, उसी विभाग के मेधावी विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए उन्होंने एक महत्वपूर्ण और स्थायी पहल की है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय रसायनशास्त्र विभाग एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती विकास सेवा संस्थान, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह मेधा छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की गई है।

विश्वविद्यालय रसायनशास्त्र विभाग स्थित प्रो टी शर्मा मेमोरियल हॉल में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में योजना की औपचारिक शुरूआत की गई। योजना के तहत रसायनशास्त्र विषय के पांच मेधावी टॉपर्स को प्रत्येक वर्ष 25-25 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति योजना को स्थायी रूप से संचालित करने के लिए 30 लाख रुपये की राशि बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के रूप में जमा की गई है। एफडी से प्राप्त ब्याज की राशि से प्रत्येक वर्ष पांच मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस व्यवस्था से यह योजना एक बार की सहायता तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आने वाले वर्षों में भी लगातार विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलता रहेगा। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं उच्च जातियों के विकास के लिए बनी राज्य सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि रसायनशास्त्र विभाग से उनका रिश्ता केवल एक विद्यार्थी या शिक्षक के रूप में नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस विभाग ने उनके शैक्षणिक जीवन को दिशा दी और जहां उन्हें विद्यार्थियों को पढ़ाने का अवसर मिला, उसी विभाग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए कुछ स्थायी करने की इच्छा लंबे समय से थी। इसी सोच को अब छात्रवृत्ति योजना के रूप में मूर्त रूप दिया गया है। डॉ सिंह ने कहा कि इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को आर्थिक मदद देना नहीं है, बल्कि उनकी प्रतिभा, मेहनत और उपलब्धि को सम्मान देना भी है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे की पढ़ाई और शोध जारी रख सकें।

समारोह की अध्यक्षता बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ समीर कुमार शर्मा ने की। उन्होंने डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह की पहल की सराहना करते हुए कहा कि अपने ही शिक्षण संस्थान से जुड़े मेधावी विद्यार्थियों के लिए स्थायी छात्रवृत्ति की व्यवस्था करना अनुकरणीय कदम है। आरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ एस मुमताजुद्दीन ने कहा कि इस तरह की छात्रवृत्ति से बच्चों के भीतर उत्साह बढ़ाता है एवं उनके भीतर स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना जगती है एवं संस्थानों में शैक्षणिक वातावरण को दिशा मिलती है। मौके पर सिंडिकेट सदस्य डॉ. सीमा शर्मा, विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ बिपिन राय, डॉ शिवनाथ प्रसाद, श्री विकास, उपेंद्र सिंह, डॉ रामकुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संयोजन, संचालन एवं स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नावेदुल हक ने किया। इस दौरान विभाग के कृति मिलन, रूपा कुमारी, दिवाकर कुमार, राजीव रंजन, परिणिष्ठा को 25- 25 हजार रुपए का चेक, स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विभाग के डॉ अभिनंदन श्रीवास्तव ने किया। मौके पर डॉ विनोद कुमार चौधरी, डॉ नूतन, डॉ ललन कुमार, डॉ भावना एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी, कई विभागों, महाविद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिका छात्र छात्राओं की महती उपस्थिति रही।



छात्रवृति वितरण समारोह मे मंचासीन अतिथि गण।

फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर रात्रि रक्त पट्ट संग्रह एनबीएस पर 'प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण' कार्यक्रम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने एवं जिले में एनबीएस (नाईट ब्लड सर्वे/रात्रि रक्त पट्ट संग्रह) गतिविधि को निर्धारित प्रोटोकॉल एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप संचालित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रैनर्स (टीओटी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन, सीतामढ़ी डॉ. आरके यादव के नेतृत्व में किया गया।

प्रशिक्षण में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार, जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार एवं डीपीएम विजय चंद्र झा के साथ जिले के सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक तथा प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक ने भाग लिया।

17 प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र में होगा एनबीएस : प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जिले के सभी 17 प्रखंडों तथा शहरी क्षेत्र में एनबीएस गतिविधि संचालित की जाएगी। प्रत्येक प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र से निर्धारित सेंटिनल एवं रैंडम साइटों पर रात्रि रक्त पट्ट संग्रह किया जाएगा। प्रत्येक चयनित साइट से 300-300 लोगों के रक्त के नमूने एकत्र कर उनकी जांच की जाएगी।

प्रत्येक प्रखंड में एक सेंटिनल साइट तथा दो रैंडम साइट निर्धारित की गई हैं। एनबीएस के अंतर्गत रक्त पट्ट संग्रह की प्रक्रिया रात्रि 10 बजे से प्रारंभ की जाएगी, ताकि फाइलेरिया परजीवी की पहचान के लिए निर्धारित समय के अनुरूप रक्त नमूने एकत्र किए जा सकें।

1 प्रतिशत या उससे अधिक पॉजिटिविटी पर होगा व्यापक सर्वेक्षण : प्रशिक्षण के दौरान एनबीएस से प्राप्त परिणामों के आधार पर आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया भी समझाई गई। यदि किसी चयनित साइट पर जांच किए गए लोगों में 1 प्रतिशत या उससे अधिक फाइलेरिया पॉजिटिव पाए जाते हैं, तो संबंधित प्रखंड में व्यापक स्तर पर एनबीएस गतिविधि संचालित की जाएगी, जिससे संक्रमण की स्थिति का बेहतर आकलन एवं आवश्यक नियंत्रणात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

फील्ड टीमों के क्षमता वर्धन पर जोर : टीओटी का मुख्य उद्देश्य प्रखंड एवं फील्ड स्तर की टीमों को रात्रि रक्त पट्ट संग्रह की निर्धारित प्रक्रिया, लक्षित आबादी की पहचान एवं मोबिलाइजेशन, रक्त पट्ट की सही तकनीक से तैयारी, लेबलिंग, सुरक्षित रख-रखाव तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया सर्वेक्षण में निर्धारित प्रोटोकॉल, गुणवत्ता मानकों एवं फील्ड स्तर पर संभावित चुनौतियों के प्रभावी समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव व अन्य।

विश्व स्तर पर फाइलेरिया एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है और वर्तमान में 52 देश फाइलेरिया से प्रभावित हैं। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण, समय पर संक्रमण की पहचान तथा प्रभावी फील्ड-स्तरीय कार्रवाई फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर डब्लूएचओ की जोनल कोऑर्डिनेटर माधुरी देवराजू, पीरामल फाउंडेशन से कार्यक्रम प्रबंधक प्रभाकर कुमार एवं कार्यक्रम लीड रोहित कुमार ने प्रशिक्षण में सहभागिता की तथा फाइलेरिया उन्मूलन के लिए विभागीय टीमों के साथ समन्वय एवं फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया।

प्रखंड एवं फील्ड स्तर की टीमों के बेहतर क्षमता वर्धन, सामुदायिक सहभागिता और विभागीय समन्वय के माध्यम से सीतामढ़ी को फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मलेरिया कार्यालय से वीडीसीओ पवन कुमार, आरिफ खान, रजनीश कुमार एवं कमलेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

निर्वाचन से संबंधित विषयों पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने की बैठक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया (भाप्रसे) द्वारा मंगलवार को सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत सभी आठ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक की गयी। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के अद्यतन निदेश से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसमें बताया गया कि जिन राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न करा लिया गया है, उन राज्यों में निर्वाचक सूची में नाम पंजीकृत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र-6 के साथ एनेक्सचर-डी. की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के अद्यतन निदेश के आलोक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को अग्रेत्तर कार्रवाई करने के निदेश के साथ-साथ निर्वाचक सूची में पंजीकरण/विलोपन/संशोधन हेतु सतत अद्यतीकरण के दौरान प्राप्त हो रहे प्रपत्रों (यथा- प्रपत्र-6, 7 एवं 8) को गुणवत्तापूर्ण तथा निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत निष्पादित करने का निदेश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी अहर्ता प्राप्त युवा वर्ग का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करने हेतु मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से प्रचार प्रसार करने एवं युवा वर्ग को चिह्नित कर निर्वाचक सूची में पंजीकृत कराने हेतु सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निदेश दिया गया।

8 अक्टूबर को किसान कॉलेज बरियारपुर के कार्यक्रम में होगा एमडीओ जिला कमेटी का विस्तार

सीतामढ़ी (एनएसबी)। मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (एमडीओ) की जिला कमेटी के विस्तार को लेकर मंगलवार को मदरसा अजीजिया, पुपरी में बैठक हुई। अध्यक्षता संगठन के प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरुल इस्लाम ने की। बैठक में विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में संगठन को प्रखंड स्तर तक मजबूत बनाने, मदरसा शिक्षकों व कर्मियों को संगठन से जोड़ने तथा सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी प्रखंडों में सक्रिय भागीदारी और आपसी समन्वय जरूरी है। बैठक में आगामी 8 अक्टूबर को किसान कॉलेज, बरियारपुर में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में एमडीओ की जिला कमेटी का विस्तार किया जाएगा तथा आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय की जाएगी। कार्यक्रम में एमडीओ के महासचिव फतेह अहमद उर्फ महताब आलम मुख्य अतिथि और एमडीओ बिहार के संयोजक शफी अंसारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरुल इस्लाम ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में सचिव मो. अजमल, मौलाना बसरुद्दीन, मो. अरमान अली, मौलाना जाहिद हुसैन, मौलाना जियाउर्रहमान कासमी, मो. मुख्तार अंसारी, मो. फखरूल हसन, कलीम अख्तर, नुरुल इस्लाम, महबूब रेजा, खुर्शीद कासमी, मुतुर्जा हसन सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।



सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम में मंगलवार को अक्टूबर माह के प्रथम मंगलवार के अवसर पर मां वैष्णो देवी महिला सेवा समिति के तत्वावधान में सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया। दोपहर 12 बजे आयोजित पाठ में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भाग लिया। समिति की सचिव श्रीमती उषा रानी गुप्ता ने स्वास्थ्य लाभ होने के उपरांत परम बलशाली बजरंगबली एवं माता श्री वैष्णो देवी की सेवा में सुंदरकांड पाठ समर्पित किया। पाठ के उपरांत आरती की गई तथा बजरंगबली और माता वैष्णो देवी से भक्तों पर असीम कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच वृहत प्रसाद का वितरण भी किया गया। उपस्थित भक्तों ने सामूहिक पाठ एवं आरती में भाग लेकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

त्योहारों के मद्देनजर रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के टिकौली-बघारी पंचायत में शांति समिति की बैठक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। आगामी दुगार्पूजा एवं पर्व-त्योहारों के मद्देनजर रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकौली-बघारी पंचायत में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी से आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की गई। किसी भी प्रकार की संदिग्ध परिस्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय थाना अथवा डायल-112 पर देने की अपील की गई। बैठक में अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण, पूजा-पंडाल आयोजक, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति सहित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

छठ से पहले जर्जर सड़कों की मरम्मत को लेकर विधायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ किया सड़कों का निरीक्षण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने मंगलवार को ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ प्रखंड क्षेत्र की जर्जर सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान रेवा रोड एनएच-722 से करजा रोड नंबर-दो के अलावा खलीलपुर-महमदपुर की क्षतिग्रस्त सड़कों का जायजा लिया। विधायक ने सड़क की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण को अभी मात्र ढाई वर्ष ही हुए हैं और फिलहाल इनके मेंटेनेंस का समय है। ऐसे में सड़क के क्षतिग्रस्त होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि दशहरा, दीपावली और छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व सामने हैं। पर्व के दौरान ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। विधायक ने ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों को छठ पर्व से पहले हर हाल में जर्जर सड़कों की मरम्मत पूरी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने और निर्माण के बाद सड़क के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।

सहयोग शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से जिलाधिकारी ने किया संवाद, लिया फीडबैक, कहा-

जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करें अफसर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने मंगलवार को डुमरा प्रखंड के ग्राम पंचायत भासर मच्छहां दक्षिणी स्थित पंचायत भवन परिसर में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदन एवं शिकायतों का गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आमजनों की समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को अविलंब सहयोग पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।



सहयोग शिविर में ग्रामीणों से संवाद करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

आमजन की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ करें कार्य : जिलाधिकारी

उन्होंने विशेष रूप से राजस्व, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र, पेयजल, स्वास्थ्य, आवास तथा अन्य जनसेवा से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों एवं ग्रामीणों से प्राप्त फीडबैक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी, सरल एवं सुगम तरीके से पहुँचना चाहिए। उन्होंने बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

शिविर में कई आवेदनों का निष्पादन स्वयं जिलाधिकारी के द्वारा ऑन द स्पॉट किया गया। जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने शिविर में उपस्थित कई लाभार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए फीड बैक भी लिया।

सहयोग शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी सदर आनंद कुमार, साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरा, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

यू-मेंटर ऐप से वीएचएसएनडी सत्रों की सपोर्टिव मॉनिटरिंग होगी सुदृढ़, एक दिवसीय ट्रेनिंग दी गई

सीतामढ़ी (एनएसबी)। विलेज हेल्थ, सैनिटेशन एंड न्यूट्रिशन डे (वीएचएसएनडी) सत्रों की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की पहल यू-मेंटर ऐप को जिले में प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव के मार्गदर्शन और जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार के नेतृत्व में हुआ।



इसमें सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक तथा प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायकों को यू-मेंटर ऐप के उपयोग एवं वीएचएसएनडी सत्रों की सपोर्टिव मॉनिटरिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य टीम को ऐप के माध्यम से वीएचएसएनडी सत्रों की नियमित निगरानी के लिए सक्षम बनाना है। इसके जरिए चिकित्सा पदाधिकारी एवं सीएचओ समेत संबंधित स्वास्थ्य कर्मी सत्रों का अवलोकन एवं अनुश्रवण कर सकेंगे। इससे फील्ड स्तर पर सामने आने वाली कमियों की पहचान कर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

सिविल सर्जन डॉ. यादव ने कहा कि वीएचएसएनडी सत्र मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण मॉनिटरिंग पर जोर दिया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने ऐप के प्रभावी उपयोग और नियमित फील्ड मॉनिटरिंग की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में डीपीएम विजय चंद्र झा, यूनिसेफ के एजाज अफजल व धर्मेंद्र, वाधवानी एआई के ओम प्रकाश यादव व राकेश कुमार, जेएसआई के संकेत कुमार, यूएनडीपी के संतोष पाण्डेय, पीरामल फाउंडेशन के प्रभाकर कुमार, रोहित कुमार, दुर्गा प्रसाद सहित संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैरगनिया नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद फिर से सज गयी हटी दुकानें

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। नगर परिषद प्रशासन और पुलिस द्वारा शहर के पटेल चौक से अस्पताल चौक तक चलाया गया अतिक्रमण अभियान पूरी तरह विफल साबित हुआ है। नप के ईओ संजीव कुमार सुमन, थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी के संयुक्त नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस, एसएसबी जवान जेसीवी, कूड़ा ढोने वाले कई ट्रैक्टर के साथ मंगलवार की दोपहर को सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण खाली कराने की औपचारिकता पूरी कर सब्जी वालों की बास्केट, बेंच को लोड कर लिया साथ ही सड़क किनारे खड़े बाइक, ऑटो पर नप के कर्मियों को बैठाकर नप कार्यालय भेजा जहां उनसे जुमार्ना वसूल कर कर्तव्यों की इतिश्री कर चले गए और जाते ही सड़को पर प्रतिदिन की भांति ठेला, सब्जी सहित अन्य सामानों की दुकानें तीन-तीन, चार-चार लेन में सज गयी जिससे पुनः जाम की समस्या कायम हो गयी फलतः नगर प्रशासन, पुलिस की करवाई की कलई खुल गयी है।



अतिक्रमण खाली कराने के बाद का नजारा।

मुजफ्फरपुर के तीन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय सीनियर गटका चैंपियनशिप में लहराया परचम

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। श्रीनगर के शेरे-ए-कश्मीर इंडोर स्टेडियम में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय सीनियर गटका चैंपियनशिप में मुजफ्फरपुर के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता सोटी इवेंट मे 30 वर्ष आयु वर्ग में गौतम कुमार ने कांस्य पदक, 25 वर्ष वर्ग में निभा कुमारी ने कांस्य पदक और 19 वर्ष वर्ग में विपुल कुमार ने कांस्य पदक जीत जिले एवं बिहार का मान बढ़ाया। सभी को जिला खेल पदाधिकारी राजेन्द्र कुमार ने पुरष्कृत किया। जिला गतका सचिव सनातन राज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों गौतम, निभा और विपुल के साथ जिला खेल पदाधिकारी व अन्य।

एसडीएम पुपरी ने राजकीय मध्य विद्यालय भेटुआ एवं आंगनबाड़ी केंद्र, नानपुर का किया औचक निरीक्षण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी पुपरी गौरव कुमार द्वारा मंगलवार को राजकीय मध्य विद्यालय भेटुआ एवं आंगनबाड़ी केंद्र, नानपुर का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान पठन-पाठन की स्थिति, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र नानपुर के निरीक्षण के दौरान केंद्र के संचालन, बच्चों की उपस्थिति, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं तथा केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के लिए निर्धारित सेवाओं का सुचारु एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही केंद्र की साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया। इसके पश्चात एसडीएम द्वारा अंचल कार्यालय चोरौत एवं प्रखंड कार्यालय चोरौत का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालयों में संचालित विभिन्न कार्यों, अभिलेखों के संधारण तथा लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया।



तिरहुत प्रमंडल स्तरीय विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता अखाड़ाघाट रोड स्थित स्विम्फीट तरणताल में संपन्न

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। खेल विभाग बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान तिरहुत प्रमंडल स्तरीय विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता अखाड़ाघाट रोड स्थित स्विम्फीट तरणताल में मंगलवार को संपन्न हुई। इसमें मुजफ्फरपुर जिला विजेता तथा सीतामढ़ी उपविजेता बनी।

परिणाम : अंडर 19 बालक वर्ग मे 50 मी फ्री स्टायल में स्वर्ण आर्यन आर्या, रजत सत्यम कुमार, कांस्य रघु कुमार, 50 मी बैक स्ट्रोक मे स्वर्ण आर्यन आर्या, रजत रघु कुमार, कांस्य रघु कुमार, अंडर 17 मे 50 मी बैक स्ट्रोक में स्वर्ण तरुश मोर, रजत आर्यन अग्रवाल,100 मी बैक स्ट्रोक में स्वर्ण तरुष मोर, रजत आर्यन अग्रवाल, अंडर 14 मे 200 मी फ्री में स्वर्ण आयुष राज, रजत अक्षय कुमार, कांस्य मोहमद अब्दुला,100 मी फ्री स्टायल में स्वर्ण अक्षय कुमार, रजत रियान सिंहा, कांस्य अतुल्य सुर्याश, 100 मी बैक स्ट्रोक मे स्वर्ण आयुष राज, रजत अक्षय कुमार, कांस्य अतुल्य सुर्याश,100 मी ब्रेस्ट मे स्वर्ण आयुष राज, रजत रियान सिंहा, कांस्य मोहम्मद अब्दुला, 50 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण मोहम्मद अब्दुल्लाह, रजत रियान सिंहा, कांस्य अतुल्य सुर्याश, अंडर 14 बालिका 100 मी फ्री स्टायल मे स्वर्ण रुही गोयनका, रजत अदिती कश्यप, 50 मी बैक स्ट्रोक में स्वर्ण अदिती कश्यप, रजत रुही गोयनका। विजेताओं को जिला खेल पदाधिकारी राजेन्द्र कुमार व तैराकी के नोडल पदाधिकारी कुंदन राज, अभाष कुमार आदि ने विजेताओं को पुरष्कृत किया। तकनीकी पदाधिकारी मे अजीत कुमार, उमेश कुमार, कमलदेव सहनी, अजय मिश्रा ने सहयोग किया।



तैराकी प्रतियोगिता के प्रतिभागी, आयोजन से जुड़े पदाधिकारी व अन्य।

पर्व-त्योहारों के मद्देनजर मेजरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। आगामी दुगार्पूजा एवं पर्व-त्योहारों के मद्देनजर मेजरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुगार्पूजा एवं अन्य पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी पूजा-पंडाल आयोजकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने तथा शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा परिस्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय थाना या डायल-112 पर देने की अपील की गई। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पूजा-पंडाल आयोजक, गणमान्य व्यक्ति सहित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

कानून के साथ सामाजिक सोच में बदलाव

दुष्कर्म जैसी घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। यह केवल कानून-व्यवस्था से जुड़ा अपराध नहीं, बल्कि व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता और सुरक्षा पर गंभीर आघात है। ऐसी घटना का प्रभाव पीड़िता तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके परिवार और व्यापक समाज पर भी पड़ता है। इसलिए दुष्कर्म की घटनाओं को केवल सनसनीखेज खबर के रूप में देखने के बजाय उनके कारणों, रोकथाम और न्याय की प्रक्रिया पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। हर घटना के बाद पुलिस कार्रवाई, गिरफ्तारी और न्याय की मांग स्वाभाविक रूप से उठती है। कानून का निष्पक्ष और प्रभावी क्रियान्वयन अपराध नियंत्रण का महत्वपूर्ण आधार है। शिकायत मिलने पर पुलिस को संवेदनशीलता के साथ त्वरित जांच करनी चाहिए और साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया में भी पीड़िता की गरिमा और गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। आरोप और दोष सिद्ध होने के बीच के कानूनी अंतर को समझना भी उतना ही जरूरी है। किसी व्यक्ति को केवल आरोप के आधार पर दोषी मान लेना न्याय के मूल सिद्धांतों के अनुकूल नहीं है।

दूसरी ओर, ऐसी घटनाओं की रोकथाम केवल पुलिस और अदालतों की जिम्मेदारी मान लेना पर्याप्त नहीं होगा। परिवार, विद्यालय, समाज और प्रशासन सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चों और किशोरों को उम्र के अनुरूप सुरक्षित एवं सम्मानजनक व्यवहार, व्यक्तिगत सीमाओं और अच्छे-बुरे स्पर्श की जानकारी देना आवश्यक है। युवाओं में महिलाओं के प्रति सम्मान, सहमति और जिम्मेदार व्यवहार की समझ विकसित करना भी सामाजिक शिक्षा का हिस्सा होना चाहिए।

समाज की एक बड़ी जिम्मेदारी यह भी है कि किसी पीड़िता को दोषी ठहराने या उसके चरित्र पर सवाल उठाने की प्रवृत्ति को समाप्त किया जाए। अपराध का दायित्व अपराध करने वाले पर होना चाहिए। पीड़िता की पहचान सार्वजनिक करना, अफवाह फैलाना या घटना को लेकर अनावश्यक चर्चा करना उसके मानसिक आघात को और बढ़ा सकता है। मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी यहां बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। खबरों में तथ्य, संवेदनशीलता और कानूनी मर्यादा का पालन होना चाहिए। सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों, परिवहन व्यवस्था, विद्यालयों और कार्यस्थलों पर सुरक्षा के प्रभावी उपाय जरूरी हैं। शिकायत तंत्र ऐसा होना चाहिए जिसमें पीड़ित व्यक्ति बिना भय और दबाव के अपनी बात रख सके। पुलिस की संवेदनशीलता, महिला हेल्पलाइन और सहायता तंत्र की पहुंच तथा जांच की गुणवत्ताइन सभी का लगातार मूल्यांकन होना चाहिए।

यह भी समझना होगा कि कठोर कानून अपने आप में पर्याप्त नहीं हैं। कानून का डर तभी प्रभावी होगा जब अपराधी को यह विश्वास न रहे कि वह जांच या न्याय प्रक्रिया से बच सकता है। इसलिए निष्पक्ष जांच, वैज्ञानिक साक्ष्य, समयबद्ध सुनवाई और दोष सिद्ध होने पर कानून के अनुसार दंडपूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए आवश्यक हैं। साथ ही, झूठे आरोप की संभावना को भी निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया के तहत देखा जाना चाहिए। किसी भी मामले में पूर्वाग्रह के बजाय तथ्य और साक्ष्य को आधार बनाया जाना चाहिए। इससे वास्तविक पीड़ितों को न्याय मिलेगा और निर्दोष लोगों के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। यही संतुलित न्याय व्यवस्था की पहचान है।

दुष्कर्म की घटनाओं पर राजनीति या सामाजिक ध्रुवीकरण के बजाय संवेदनशील और तथ्यपरक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। हर घटना को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय बनाने से मूल समस्या पीछे छूट सकती है। समाज को यह प्रश्न पूछना चाहिए कि ऐसी घटनाएं क्यों होती हैं, उन्हें रोकने के लिए संस्थागत स्तर पर क्या कमी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति कैसे रोकी जा सकती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा केवल किसी एक वर्ग या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है। यह पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। कानून अपराध होने के बाद न्याय देता है, लेकिन संस्कार, शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी अपराध को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। दुष्कर्म के विरुद्ध लड़ाई केवल कठोर दंड की मांग तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसका लक्ष्य ऐसा समाज बनाना होना चाहिए जहां हर महिला और बच्चा बिना भय के अपने घर, विद्यालय, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित महसूस कर सके। न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता, पुलिस की संवेदनशीलता, समाज की जागरूकता और परिवार की जिम्मेदारीइन चारों के मजबूत होने से ही सुरक्षित समाज की नींव मजबूत होगी।

भारत का स्वास्थ्य : सियासत का कब्जा और बाजार की लूट



प्रभात कुमार।

स्वास्थ्य सेवा में आज नैतिकता का दबाव खत्म हो चुका है। जो क्षेत्र कभी सेवा था, वहां अब सियासत का दबाव है, बाजार का दबाव है और भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा दबाव है। डॉक्टर के बारे में हमारे भीतर कल तक जो छवि थी, वह दूसरे भगवान की थी। मां कहती थी, डॉक्टर साहब देख लेंगे तो बच्चा ठीक हो जाएगा। वह भरोसा था। बदलाव के इस कठिन समय में वह छवि न सिर्फ धूमिल हुई है बल्कि विश्वसनीय नहीं रह गई है। देश की एक बड़ी आबादी, फटेहाल जनता पर यह क्षेत्र आज सबसे बड़ा बोझ बन चुका है। कमाई का एक बड़ा हिस्सा दवा ले जाती है। यह इस देश की सबसे बड़ी विडंबना है कि आजादी से लेकर अब तक सियासत और सरकार दोनों इस मुद्दे पर उदासीन रही है।

सरकारी अस्पताल : उम्मीद बेमानी है

देश में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत इतनी दयनीय है कि आम आदमी के लिए वहां इलाज कर स्वस्थ होने की उम्मीद बेमानी लगती है। 25 हजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 5,500 सामुदायिक केंद्र और 1,200 जिला अस्पताल कागज पर हैं। धरातल पर क्या है।

मुजफ्फरपुर जिला अस्पताल में जाइए, 2024 में बरामदे में कुत्ते सो रहे थे, एक ही बिस्तर पर दो मरीज। पटना मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड के लिए दो महीने की तारीख मिलती है। बिहार में 4,000 डक्टरों के पद रिक्तहैं, जो 6,000 पदस्थापित हैं उनमें 55 प्रतिशत कभी आते ही नहीं। वे पटना, दिल्ली में अपना नर्सिंग होम चलाते हैं। स्वास्थ्य कर्मचारी हाजिरी बनाकर खेत पर चला जाता है। दवा उपलब्ध है पर गुणवत्ता नहीं। सीएजी रिपोर्ट 2023 कहती है कि सरकारी अस्पतालों में सप्लाई होने वाली 60 प्रतिशत दवाएं मानक स्तर से नीचे हैं। 2 रुपये की पैरासिटामोल में टेल्क पाउडर मिलता है।

तथ्य यह है कि सरकारी डॉक्टर की पोस्टिंग है पर उपस्थिति नहीं। बायोमेट्रिक मशीन लगी है पर चलती नहीं। 1.6 लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बने, पर 2024 की ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी कहती है कि इनमें 40 प्रतिशत पर डॉक्टर नहीं, 25 प्रतिशत पर बिजली नहीं। आशा कार्यकर्ता 10.5 लाख हैं, उन्हें 2,000 रुपये मानदेय मिलता है और वे ही पूरी व्यवस्था की रीढ़ हैं। डॉक्टर नहीं, आशा है।

आम आदमी वहां जाता है तो क्या मिलता है। पर्ची के लिए सुबह 4 बजे लाइन, दलाल के बिना भर्ती नहीं, शौचालय में ताला, अपरेशन थियेटर में गी। इसलिए गरीब भी कर्ज लेकर निजी में जाता है।

निजी अस्पताल : बाजार ने पहुंच से बाहर कर दिया

जहां तक निजी क्षेत्र का सवाल है, बाजारवाद ने इस क्षेत्र को जरूरत से ज्यादा महंगा और कमजोर लोगों की पहुंच से बाहर बना दिया है। आम आदमी बीमार होने पर भटकाव का शिकार होता है। विश्वसनीय इलाज का संकट इस देश की आज सबसे बड़ी समस्या है। शिक्षा से ज्यादा बड़ी समस्या आज स्वास्थ्य है।

तथ्य देखिए। देश में 70 प्रतिशत इलाज निजी में होता है। एक सामान्य डिलीवरी 40 से 80 हजार, सीजेरियन 1 से 2 लाख, आईसीयू एक दिन का 20 से 50 हजार। हार्ट स्टेंट जिसकी सरकारी खरीद 20 हजार है, निजी में 15 से 2 लाख में लगता है। घुटना प्रत्यारोपण 15 लाख का, बिल 4 लाख का। 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि कैंसर के इलाज में 60 प्रतिशत परिवार कर्ज में डूब गए और 20 प्रतिशत ने जमीन बेची।

यह महंगाई क्यों है। क्योंकि हर स्तर पर कमीशन है। डॉक्टर को दवा कंपनी से 30 प्रतिशत, जांच से 40 प्रतिशत, अस्पताल से रेफरल पर 20 प्रतिशत। 500 रुपये की जांच में 200 रुपये डॉक्टर को। इसलिए बुखार में भी पांच जांच लिखी जाती है। सीबीसी, सीआरपी, डेंगू, टाइफाइड, अल्ट्रासाउंड। जरूरत एक की, लिखी पांच। फार्मा कंपनी 2 रुपये की गोली को 20 रुपये में बेचती है क्योंकि उसे एमआर के माध्यम से डॉक्टर को विदेश यात्रा, फ्रिज, एसी देना है।

देश में 1 लाख पैथोलॉजी लैब हैं, 60 प्रतिशत बिना पैथोलॉजिस्ट के चल रही हैं। पर लाइसेंस सबके पास है। क्यों, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग में पैसा पहुंचता है।

प्रधानमंत्रियों की उदासीनता और सियासत का कब्जा

1947 में 15 मेडिकल कॉलेज, औसत आयु 32 वर्ष। नेहरू ने एम्स बनाया, बजट का 2.8 प्रतिशत स्वास्थ्य पर दिया। इंदिरा गांधी ने 1983 में स्वास्थ्य नीति लाई पर डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस की छूट भी दी। यही वह बीज था।

असली मोड़ 1991 था। नरसिम्हा राव सरकार ने वर्ल्ड बैंक के कहने पर स्वास्थ्य को बाजार को सौंप दिया। 80 निजी

इस क्षेत्र को बाजार बनाने में राजनेताओं की सीधी भूमिका है। 332 निजी मेडिकल कॉलेजों में से 210 पर राजनीतिक घरानों का नियंत्रण है। महाराष्ट्र में 32 में से 18, कर्नाटक में 22 में से 15, यूपी में 30 में से 18 कॉलेज मंत्री, सांसद, विधायक परिवारों के हैं। 500 बिस्तर से बड़े 200 निजी अस्पताल 2014 के बाद खुले, 80 प्रतिशत में किसी नेता की हिस्सेदारी है।

मेडिकल कॉलेज 1996 तक 150 हो गए। दवा पर से नियंत्रण हटा। मनमोहन सिंह काल में बजट बढ़कर 2.2 प्रतिशत हुआ, पोलियो मुक्ति मिली, पर निजी अस्पताल 1.2 लाख से 2 लाख हो गए। क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 में बना, आज तक किसी राज्य ने ईमानदारी से लागू नहीं किया। क्यों, क्योंकि निजी अस्पताल लबी सबसे बड़ी चंदा देने वाली लबी बन गई। 2023 में फार्मा लबी ने चुनावी बॉन्ड से 1,200 करोड़ चंदा दिया।

मोदी काल में आयुष्मान भारत का प्रचार है, 35 करोड़ कार्ड। पर हकीकत यह है कि इसका 60 प्रतिशत पैसा निजी अस्पतालों में गया और 2023 में 40 प्रतिशत बिल फर्जी निकले। बजट आज 1.9 प्रतिशत है, मनमोहन काल से भी कम।

इस क्षेत्र को बाजार बनाने में राजनेताओं की सीधी भूमिका है। 332 निजी मेडिकल कॉलेजों में से 210 पर राजनीतिक घरानों का नियंत्रण है। महाराष्ट्र में 32 में से 18, कर्नाटक में 22 में से 15, यूपी में 30 में से 18 कॉलेज मंत्री, सांसद, विधायक परिवारों के हैं। 500 बिस्तर से बड़े 200 निजी अस्पताल 2014 के बाद खुले, 80 प्रतिशत में किसी नेता की हिस्सेदारी है। जमीन, नक्शा, एनओसी सबके लिए नेता चाहिए, इसलिए नेता साझेदार है। जब स्वास्थ्य मंत्री ही अस्पताल का मालिक हो तो वह सरकारी अस्पताल को क्यों सुधरेगा। वह तो चाहेगा कि सरकारी अस्पताल बदहाल रहे ताकि मरीज उसके निजी अस्पताल में आए। यही खेल चल रहा है।

नैतिकता की मौत और भरोसे का संकट

कभी डॉक्टर गरीब से फीस नहीं लेता था। पटना के डा. गोपाल प्रसाद जैसे लोग साइकिल से मरीज देखने जाते थे। आज स्थिति यह है कि मेडिकल कॉलेज में एडमिशन 1.2 करोड़ में बिकता है। जो छात्र 1.2 करोड़ देकर डॉक्टर बनेगा वह सेवा कैसे करेगा, वह तो वसूली करेगा। 5 साल में क्लीनिक, 10 साल में नर्सिंग होम। यह आज की सामान्य यात्रा है।

इसीलिए विश्वसनीय इलाज का संकट है। मरीज को लगता है कि डॉक्टर जांच इसलिए लिख रहा है कि उसे कमीशन मिले। दवा इसलिए लिख रहा है कि कंपनी से पैसा मिले। यह संदेह अकारण नहीं है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के ही एक सर्वे में 70 प्रतिशत डॉक्टरों ने माना कि फार्मा कंपनियां उन्हें उपहार देती हैं।

देश में शिक्षा से ज्यादा स्वास्थ्य बड़ी समस्या है, फिर भी इस पर कोई बड़ा राजनीतिक चिंतन या आंदोलन नहीं दिखा। किसान आंदोलन होता है, आरक्षण आंदोलन होता है, पर स्वास्थ्य पर कोई आंदोलन नहीं। क्यों, क्योंकि बीमार आदमी आंदोलन नहीं करता, वह भटकता है। वह पहले सरकारी में जाता है, वहाँ से निराश होकर निजी में जाता है, वहाँ लुटकर कर्ज लेता है और फिर चुप हो जाता है। सियासत जानती है कि बीमार आदमी वोट नहीं माँगता, वह दया माँगता है।

दुनिया से तुलना

ब्रिटेन 11.3 प्रतिशत जीडीपी स्वास्थ्य पर खर्च करता है, हर नागरिक का इलाज मुफ्त। कनाडा 11.2 प्रतिशत, जेब से खर्च 15 प्रतिशत। भारत में जेब से खर्च 47 प्रतिशत। क्यूबा 12.5 प्रतिशत खर्च करता है, प्रति 10 हजार पर 84 डॉक्टर, भारत में 9। शिशु मृत्यु क्यूबा में 5, भारत में 28। ब्रिक्स में भारत सबसे नीचे, 2.1 प्रतिशत। ब्राजील 9.5, दक्षिण अफ्रीका 8.5, चीन 5.4 प्रतिशत। श्रीलंका में शिशु मृत्यु 8, बांग्लादेश में 24, भारत में 28। पड़ोसी भी बेहतर हैं।

अंतिम बात : तीखा प्रहार जरूरी है

इस देश की विडंबना यह है कि सरकार ने 75 वर्षों में स्वास्थ्य को कभी अधिकार नहीं माना, हमेशा दया माना। संविधान में शिक्षा और स्वास्थ्य राज्य का दायित्व है पर दोनों को बाजार को सौंप दिया गया। नेता का बच्चा निजी स्कूल में, नेता का इलाज निजी अस्पताल में, इसलिए सरकारी की चिंता किसी को नहीं।

जब तक तीन काम नहीं होंगे, यह लूट बंद नहीं होगी।

पहला, स्वास्थ्य बजट 1.9 से 5 प्रतिशत करना, सरकारी डॉक्टर की निजी प्रैक्टिस पर गैर जमानती प्रतिबंध और बायोमेट्रिक उपस्थिति।

दूसरा, दवा और जाँच पर कमीशन को अपराध घोषित करना, फार्मा के राजनीतिक चंदे पर रोक।

तीसरा, मेडिकल शिक्षा की फीस 10 लाख से अधिक नहीं और हर सांसद, विधायक, कलेक्टर का इलाज सरकारी अस्पताल में अनिवार्य करना।

जब तक यह नहीं होगा, तब तक डॉक्टर की छवि भगवान से व्यापारी की ही बनी रहेगी, सरकारी अस्पताल भगवान भरोसे रहेगा और निजी अस्पताल गरीब की पहुँच से बाहर रहेगा। और आम आदमी के लिए बीमार पड़ना इस देश में सबसे बड़ी सजा बनी रहेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

कविता, शब्दों का शोर नहीं, संकेतों की रोशनी है : सिद्धेश्वर

अनुज प्रभात और प्रज्ञा कुमारी की कविताओं में प्रेम और जीवन को देखने वाली परिपक्व दृष्टि है : सिद्धेश्वर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आज आवश्यकता ऐसे कवियों की है, जो कविता को समझें, कविता पढ़ें, जीवन को देखें और फिर कविता लिखें। जो शब्दों का प्रदर्शन नहीं, संवेदना का स्पर्श देना चाहते हों। जो पाठक को आदेश न दें, बल्कि उसके भीतर कोई प्रश्न जगा दें। जो सब कुछ कह देने के बजाय इतना कहें कि पाठक शेष अर्थ स्वयं खोजने के लिए रुक जाए।

भारतीय युवा साहित्यकार परिषद एवं अवसर साहित्य यात्रा के तत्वावधान में गत सप्ताह 'अवसर कविता सप्ताह' का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत एपिसोड 622 में 'हेलो फेसबुक कवि सम्मेलन' का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से फेसबुक एवं यूट्यूब के पटल पर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सिद्धेश्वर ने कहा कि मेरी दृष्टि में कविता की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वह बहुत बड़ी बात को बहुत कम शब्दों में कह सकती है। वह सीधे उपदेश नहीं देती, संकेत करती है। वह पाठक के सामने अर्थ का दरवाजा खोलती है और फिर उसे स्वयं भीतर प्रवेश करने देती है। डा. अनुज प्रभात और प्रज्ञा कुमारी की इन कविताओं में यही अलग-अलग रंग दिखाई देते हैं । एक ओर अनुभवी रचनाकार की स्मृति, प्रेम और जीवन को देखने वाली परिपक्व दृष्टि है, तो दूसरी ओर नई पीढ़ी की कवयित्री की संवेदनशीलता, चित्रात्मकता और मानवीय विश्वास। बहुत दिनों के बाद



एपिसोड 622 में 'हेलो फेसबुक कवि सम्मेलन' का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से फेसबुक एवं यूट्यूब के पटल पर किया गया।

'अवसर' के मंच पर ऐसी प्रतिभाओं को सामने रखते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। साहित्य का वास्तविक सौंदर्य इसी में है कि अनुभवी रचनाकार अपनी यात्रा से नई पीढ़ी को रास्ता दिखाएँ और नई प्रतिभाएँ अपनी संवेदना से साहित्य को नई ऊर्जा दें।

इस एपिसोड में अध्यक्ष डा. अनुज प्रभात ने अपनी तीन कविताओं का पाठ किया। इसके बाद एक-एक कर नंदकुमार आदित्य, अनीता पंड्या 'अन्वी', प्रज्ञा कुमारी, सिद्धेश्वर, विजय कुमारी मौर्या, लोक कवि सालिक राम पटेल, और राज प्रिया रानी ने एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ किया। इन कविताओं पर समीक्षात्मक टिप्पणी डा. अनुज प्रभात ने की। वहीं, डा. अनुज प्रभात की कविताओं पर समीक्षात्मक टिप्पणी विशिष्ट अतिथि विजयाकुमारी मौर्य ने की।

इस एपिसोड में 'आमने-सामने' के तहत सिद्धेश्वर द्वारा ली गई छोटी-सी भेंटवार्ता में डा. अनुज प्रभात ने कहा कि कहानी और उपन्यास लिखते हुए मैं इस मंच पर आकर कविता लिखने में अधिक समृद्ध हुआ।

पिछले सप्ताह सिद्धेश्वर के संयोजन एवं डा. अनुज प्रभात की अध्यक्षता में आयोजित कविता सप्ताह में शामिल कवियों में प्रमुख थे। सर्वश्री विज्ञान वत, अनिता रश्मि, अपूर्व कुमार, प्रज्ञा कुमारी, पुष्प रंजन कुमार, डा. अनुज प्रभात, जयंत, कालजयी घनश्याम, सिद्धेश्वर, सुरेंद्र कुमार अरोड़ा, हरि नारायण हरि, प्रभात कुमार धवन, विजय कुमारी मौर्या, अनीता पंड्या 'अन्वी', नंदकुमार आदित्य, नरेश कुमार आस्टा, दिलीप समदर्शी, पुष्पा पांडेय, निर्मल कुमार दे, सालिक राम पटेल आदि।

(प्रस्तुति : बीना गुप्ता)

बेहतर प्लानिंग के साथ अब हर कल आसान

मुंबई/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। आज की बदलती जिंदगी में करियर, परिवार और पैसों से जुड़ी जरूरतें भी बदल रही हैं। ऐसे में, अपने और परिवार के भविष्य की तैयारी आसान और समझने योग्य हो, यह हर किसी की जरूरत है। इसी सोच के साथ आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपनी नई ब्रांड पहचान और टैगलाइन हर कल आसान लान्च की है।

पहले आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जानी जाने वाली कंपनी की नई पहचान जीवन बीमा को सरल, पारदर्शी, लचीला और आसान बनाने के वादे पर आधारित है।

आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के मार्केटिंग, डिजिटल और बैंकेश्योरेंस प्रमुख श्रीनिवास बालासुब्रमण्यन ने कहा कि आईसीआईसीआई नाम देश के लाखों लोगों के लिए भरोसे और वित्तीय पहुँच से जुड़ा है। पिछले 25 वर्षों में कंपनी ने 20 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के सपनों और भविष्य को सुरक्षित करने में मदद की है। बदलते करियर, परिवार की जरूरतों, लंबी होती उम्र और अलग-अलग वित्तीय प्राथमिकताओं के कारण भविष्य की योजना बनाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में जीवन बीमा जरूरी है, लेकिन इसे समझने और लेने का अनुभव अक्सर जटिल माना जाता है।

उन्होंने कहा कि नई ब्रांड पहचान सिर्फ नाम बदलने तक सीमित नहीं है। कंपनी का उद्देश्य जीवन बीमा के जरिए भविष्य की तैयारी को आसान बनाना है, ताकि लोग बेहतर जानकारी के साथ आत्मविश्वास से फैसले ले सकें। कंपनी अपनी 25 साल की मजबूत नींव पर आगे बढ़ते हुए उद्योग में नए मानक बनाने और वर्ष 2047 तक सभी के लिए बीमा के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने पर भी फोकस कर रही है।

आईसीआईसीआई बैंक ने खरीदारी, यात्रा और लाइफस्टाइल ब्रांड्स पर आकर्षक ऑफर के साथ 'फेस्टिव बोनांजा' की फिर की शुरुआत

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आईसीआईसीआई बैंक ने अपने वार्षिक 'फेस्टिव बोनांजा' ऑफर की फिर शुरुआत की है। इसके तहत ऑनलाइन खरीदारी, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा, फर्नीचर और होम डेकोर, फैशन, कि कॉमर्स सहित कई क्षेत्रों के प्रमुख ब्रांड्स पर आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, कार्डलेस ईएमआई और नो-कस्ट ईएमआई विकल्पों के जरिए विशेष अफर, छूट और कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।

बैंक ने फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी की है। फ्लिपकार्ट की 'बिग बिलियन डेज' सेल 8 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी। इस दौरान ग्राहक विभिन्न उत्पादों की खरीदारी पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकेंगे।

बैंक नए आईफोन डुओ', आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स पर 7,000 रुपये तक का तत्काल कैशबैक दे रहा है और चुनिंदा एप्पल उत्पादों पर 15,000 रुपये तक का कैशबैक भी मिलेगा। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्डधारक विशेष रूप से एप्पल के 'आईफोन फॉर लाइफ' कार्यक्रम का विकल्प चुन सकते हैं। इसके तहत चुनिंदा आईफोन मॉडल 24 महीने की ब्याज-मुक्त किस्तों में, 2,497 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली राशि पर खरीदे जा सकते हैं और साथ ही, अगला आईफोन खरीदते समय मौजूदा आईफोन के लिए गारंटीड बायबैक का विकल्प भी मिलेगा।

फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल में 10 प्रतिशत की छूट

नए आईफोन डुओ', आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स पर 7,000 रुपये तक का तत्काल कैशबैक

एलजी, सैमसंग और हायर के इलेक्ट्रॉनिक्स पर 30,000 रुपये तक की छूट

मेकमायट्रिप के हॉलिडे पैकेज पर 35,000 रुपये तक की छूट

बैंक ने गूगल पिक्सल, एलजी, सोनी, सैमसंग, हायर, एचपी, डेल, क्रोमा, रिलायंस डिजिटल, विजय सेल्स, एयर इंडिया, मेकमायट्रिप, गोआईबीबो, यात्रा, आजियो, टाटा क्लिक, ब्लिंकिट, अर्बन लैडर और पेपरफ्राई सहित कई अन्य प्रमुख ब्रांड्स के साथ भी साझेदारी की है।

इन ऑफर के बारे में आईसीआईसीआई बैंक के प्रवक्ता ने कहा, त्योहारों का समय खुशी और अपनों के साथ मिलकर जश्न मनाने का अवसर होता है और हम इसे और भी खास बनाना चाहते हैं। इस वर्ष के 'फेस्टिव बोनांजा' के तहत हमने प्रमुख ब्रांड्स के साथ साझेदारी की है, ताकि अपने ग्राहकों की खरीदारी को अधिक लाभदायक, सुविधाजनक और यादगार बनाया जा सके। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड ईएमआई और इंटरनेट बैंकिंग के जरिए इन अफर का लाभ उठा सकते हैं।

अन्य प्रमुख अफर' जिसमे शामिल हैं :

मोबाइल फोन : गूगल पिक्सल 11 और श्याओमी के स्मार्टफोन पर 10,000 रुपये तक की छूट तथा ओप्पो और वनप्लस के फोन पर 5,000 रुपये तक की छूट।

फैशन : टाटा क्लिक और आजियो पर खरीदारी करने पर 12 प्रतिशत तक की छूट।

इलेक्ट्रॉनिक्स : एलजी, सैमसंग, हायर, सोनी, एचपी, माइक्रोसफ्ट सरफेस और जेबीएल सहित अन्य ब्रांड्स पर 30,000 रुपये तक की छूट।

सैमसंग गैलेक्सी ए 08 में बेहतर चिपसेट, 50 एमपी डुअल-कैमरा सिस्टम और 6000 एमएएच बैटरी की खूबियां एक साथ

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सैमसंग ने आज भारत में गैलेक्सी ए08 लान्च करने की घोषणा की है। यह डिवाइस सोशल नेटवर्किंग, वीडियो स्ट्रीमिंग, कैजुअल गेमिंग और फोटोग्राफी जैसे रोजमर्रा के कामों में भरोसेमंद परफार्मेंस देने के लिए बनाया गया है। आसानी से खरीदे जा सकने वाले लेकिन फीचर्स से भरपूर स्मार्टफोन के रूप में तैयार गैलेक्सी ए08 हर दिन के कामों में एआई की मदद लाता है, ताकि यूजर्स बिना किसी मशक्कत के कनेक्टेड और प्रोडक्टिव रह सकें।

4 जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज के साथ आने वाले गैलेक्सी ए08 की कीमत 18,499 रुपये है। यह डार्क ब्लू, सिल्वर और ग्रीन रंगों में मिलेगा और 1 अक्टूबर से सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, पार्टनर स्टोर्स, उनदहबवउ और दूसरे ऑनलाइन प्लेटफर्म पर उपलब्ध है। ग्राहक आसान पेमेंट प्लान भी चुन सकते हैं, जिनमें बैंक कार्ड पर छह महीने तक और एनबीएफसी पार्टनर्स के जरिए नौ महीने तक की जीरो-इंटरेस्ट ईएमआई शामिल है। गैलेक्सी ए08 की सबसे बड़ी खासियत लंबे समय तक मिलने वाली वैल्यू है। सैमसंग इसके साथ छह जेनरेशन तक के ओएस अपग्रेड और छह साल के सिक्योरिटी अपडेट दे रहा है, जिससे यह डिवाइस आने वाले कई सालों तक सुरक्षित और अप-टू-डेट बना रहेगी।

धरमन बीबी और करमन बाई का 1857 के संग्राम में अप्रतिम योगदान : मुरली मनोहर श्रीवास्तव

'रोटरी क्लब पटना में 'वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा' पर विशेष परिचर्चा आयोजित'

पटना (दैनिक नवसंदेश)। रोटरी क्लब, पटना के तत्वावधान में प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा लिखित ऐतिहासिक पुस्तक 'वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा' पर एक विशेष साहित्यिक एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में पुस्तक के लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने 1857 के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवन के अनछुए पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि यह महज एक प्रेमकथा नहीं, बल्कि देशप्रेम और अप्रतिम त्याग की अद्वितीय गाथा है। उन्होंने रेखांकित किया कि किस तरह समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी एक नर्तकी धरमन बीबी ने बाबू कुंवर सिंह के साथ मिलकर आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाई और अपनी जीवनभर की संचित पूंजी को देश सेवा में समर्पित कर दिया। लेखक ने कहा कि धरमन बीबी और उनकी छोटी बहन करमन बाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बाबू कुंवर सिंह के कंधे से कंधा मिलाकर भागीदारी निभाई और इतिहास के पन्नों में सदा के लिए अमर हो गईं।



लेखक एवं पत्रकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव।

गोष्ठी का कुशल संचालन रोटरी क्लब, पटना के अध्यक्ष डा. रवि कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर लेखक कमल किशोर वर्मा ने भी बाबू वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व, तित्व और 1857 के संग्राम में उनके ऐतिहासिक योगदान पर अपनी कविता प्रस्तुत किया।

इस साहित्यिक विचार गोष्ठी में अचलेश नंदन, रंजीत राम, रश्मि जी और शिक्षाविद मृत्युंजय सिंह सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक, साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने इतिहास के इन उपेक्षित स्वर्णिम अध्यायों को समाज के समक्ष लाने के लिए लेखक के शोधपरक प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नहीं मिलेगी पूजा पंडालों को अनुमति

जिला अग्निशमन पदाधिकारी मो. अरिफुज्जमन ने बलुआ चौक स्थित पूजा पंडाल का किया निरीक्षण

मोतिहारी (एसएनबी)। दुर्गा पूजा को लेकर शहर में तैयार हो रहे पूजा पंडालों में अगि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अगिशमन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। मंगलवार को जिला अगिशमन पदाधिकारी मो़ अरिफुज्जमन के नेतृत्व में अगिशमन विभाग की टीम ने बलुआ चौक स्थित निर्माणाधीन दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। इस दौरान पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पूजा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान टीम ने पंडाल की संरचना, बांस-बल्ले की मजबूती, विद्युत वायरिंग, आपातकालीन निकास, अगिशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने की व्यवस्था की जानकारी ली। अधिकारियों ने आयोजकों को पंडाल में अगिशमन यंत्रों के साथ पर्याप्त मात्रा में बालू और पानी की व्यवस्था रखने को कहा।जिला अगिशमन पदाधिकारी मो़ अरिफुज्जमन ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडालों में पहुंचते हैं। ऐसे में अगि सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूजा समितियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करना होगा। उन्होंने आयोजकों को निर्देश दिया कि पंडाल में आपातकालीन निकास द्वार को हमेशा खुला और सुगम रखा जाए। विद्युत तारों की वायरिंग सुरक्षित तरीके से कराई जाए तथा किसी भी ज्वलनशील सामग्री को बिजली के स्रोत के आसपास नहीं रखा जाए। उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में शुरुआती स्तर पर तत्काल बचाव कार्य शुरू करने के लिए अगिशमन उपकरणों का उपयोग करने की जानकारी समिति के सदस्यों को होनी चाहिएस मो़ अरिफुज्जमन ने कहा कि विभाग की टीम पूजा पंडालों का निरीक्षण जारी रखेगी और सुरक्षा व्यवस्था में कमी मिलने पर संबंधित आयोजकों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।



पूजा पंडाल का निरीक्षण करते जिला अगिशमन पदाधिकारी मो़ अरिफुज्जमन।

हरपुर पंचायत के सहयोग शिविर में 76 आवेदन, 28 का मौके पर निष्पादन

126 मामलों में 62 का निपटारा, 64 लंबितय एडीएम ने कहा- अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं

मोतिहारी (एनएसबी)। चकिया। चकिया प्रखंड के हरपुर पंचायत में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में समस्याओं के समाधान को लेकर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। शिविर में एक दिन में 76 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 28 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष 48 आवेदन लंबित हैं। इससे पहले प्राप्त 50 आवेदनों में 34 का निष्पादन हो चुका था। इस प्रकार अब तक कुल 126 आवेदनों में 62 का निष्पादन किया गया है, जबकि 64 आवेदन लंबित हैं।एडीएम (पीजीआरओ) शैलेन्द्र कुमार भारती ने शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, सहयोग शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। लंबित मामलों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर उसकी प्रगति की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।



निरीक्षण करते एडीएम पीजीआरओ।

दुर्गापूजा को लेकर प्रशासन सख्त

डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, भीड़ वाले स्थलों पर सीसीटीवी से निगरानी के निर्देश

अरेराज (एनएसबी)। दुर्गापूजा के दौरान विधि-व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर मंगलवार को अनुमंडल सभागार में शांति समिति की बैठक हुई। अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार, डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा एवं एलआरडीसी पवन कुमार झा के निर्देशन में आयोजित बैठक में पूजा समितियों और थाना क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गईस एसडीओ ने गोविंज, अरेराज, हरसिद्धि, पहाड़पुर, संग्रामपुर एवं मलाही थाना क्षेत्रों के थानाध्यक्षों से बारी-बारी उनके क्षेत्रों की तैयारियों और संवेदनशील स्थलों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पूजा के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। भीड़भाड़ वाले पूजा पंडालों एवं संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा लाइसेंस के लिए निर्धारित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन कराने को कहा गया।डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गश्त और निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने असामाजिक तत्वों, अपराधियों एवं मनचलों पर विशेष नजर रखने तथा किसी भी स्थिति में विधि-व्यवस्था बिगड़ने नहीं देने की हिदायत दी। पुलिस अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में गोविंज थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर सच्चिदानंद पांडेय, अरेराज थानाध्यक्ष प्रत्यासा कुमारी समेत हरसिद्धि, पहाड़पुर, संग्रामपुर एवं मलाही के थानाध्यक्ष मौजूद रहे। अधिकारियों ने पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने की अपील की।



शांति समिति की बैठक8

संक्षिप्त खबरें

अरेराज प्रखंड कार्यालय में लगे सेवा सेतु शिविर का एसडीओ ने किया निरीक्षण

अरेराज(एनएसबी)।बिहार में अब लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए नई व्यवस्था शुरू हो गई है। हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को प्रखंड स्तर पर सेवा सेतु शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां ब्लक, अंचल और थाना से जुड़ी शिकायतों का अन स्पट निपटारा किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को स्थानीय स्तर पर ही त्वरित राहत देना है, ताकि उन्हें बार-बार दफ्तरों के चक्कर नही लगाने पड़ें। शिविर का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया है। जिसका निरीक्षण एसडीओ सुमित कुमार ने किया है। जिसको लेकर मंगलवार को अरेराज प्रखंड कार्यालय में कुल 133 आवेदन प्राप्त किए गए।बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से 102, बिजली विभाग से एक, राजस्व विभाग से 27,सामाजिक सुरक्षा विभाग से दो तथा षि विभाग से एक आवेदन प्राप्त किए गए। कुल 133 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 106 आवेदन को निष्पादित कर दिया गया। 27 आवेदनों को लंबित रखा गया है।

विधायक ने किया तीन दिवसीय शिविर का उद्घाटन

केसरिया(एनएसबी)। प्रखंड परिसर में लगे तीन दिवसीय सेवा सेतु अभियान का उद्घाटन मंगलवार को माननीय विधायक शालनी मिश्रा ने फीता काट कर किया।साथ में नगर उपाध्यक्ष रजनीश कुमार पाठक उर्फ रीकु पाठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार, अंचलाधिकारी पुनम मिश्रा चिकित्सा पदाधिकारी पुजा कुमारी, शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार,समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।यह सेवा संकल्प पखवाड़ा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रशासन आप के ार के तहत प्रखण्ड क्षेत्र के हुसेनी, बैरिया समेत तीन जगहों पर लगाया गया है । विधायक श्री मति मिश्रा ने बताया कि इस में विभिन्न विभागों के पंद्रह स्टाल लगाया गया है इसमें चिकित्सा, पशुपालन, ग्रामीण विभाग,मनरेगा,समेत सभी विभागों का अलग अलग पदाधिकारी आवेदन लेंगे और रिसिविंग देंगे ।सभी समस्याओं का समाधान तीस दिन के अंदर करना अनिवार्य है।

ग्राम कचहरी सचिवों का सम्मेलन, ग्रामीण न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर

मोतिहारी (एनएसबी)। बिहार राज्य ग्राम कचहरी सचिव संघ, पूर्वी चंपारण का चतुर्थ जिला स्तरीय सम्मेलन-सह-सम्मान समारोह मंगलवार को राजेंद्र नगर भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि ग्राम कचहरी ग्रामीण लोकतंत्र और स्थानीय न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके माध्यम से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर न्याय, समाधान और प्रशासन से जोड़ने का कार्य होता है। उन्होंने कहा कि ग्राम कचहरी सचिव अभिलेखों के संधारण, कार्यवाही, पक्षकारों के समन्वय और प्रशासनिक व्यवस्था को गति देने जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उनका पद ग्रामीण जनता के विश्वास और न्याय व्यवस्था से सीधे जुड़ा है। सांसद ने कहा कि बिहार सरकार ने ग्राम कचहरी सचिवों के योगदान को देखते हुए उनके मासिक मानदेय को छह हजार से बढ़ाकर नौ हजार रुपये किया है। यह व्यवस्था एक जुलाई 2025 से प्रभावी है। उन्होंने कहा कि ई-ग्राम कचहरी जैसी पहल के माध्यम से ग्राम कचहरियों को आधुनिक और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में भी काम हो रहा है। उन्होंने ग्राम कचहरी को केवल विवाद निपटारे का स्थान नहीं, बल्कि न्याय, विश्वास, शांति और सामाजिक सद्भाव का केंद्र बनाने का आह्वान किया। निष्पक्षता, पारदर्शिता और सरल व्यवहार को कार्यशैली का आधार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सम्मेलन अनुभव साझा करने और ग्राम कचहरी व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सामूहिक संकल्प लेने का अवसर है। सचिवों की व्यवहारिक समस्याओं और सकारात्मक सुझावों को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

90 पंचायतों में लगा सेवा सेतु शिविर

डीएम ने लंबित आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन का दिया निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। पूर्वी चंपारण जिले की 90 पंचायतों में मंगलवार को सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करने के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं और लोक सेवाओं का लाभ पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराना रहा। शिविर में प्रखंड एवं अंचल स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी निर्धारित काउंटरों पर मौजूद रहे।शिविर में ग्रामीणों ने सड़क, आवास, राशन, पेंशन, राजस्व, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत और पेयजल सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। संबंधित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आवेदनों को विभागवार दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों की जांच कर नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदन के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। शिविर में कई लोक सेवाओं का लाभ भी ग्रामीणों को मौके पर उपलब्ध कराया गया। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र तथा मनरेगा जब कार्ड समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों का वितरण किया गया। इससे ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाएं मिलने से प्रखंड एवं जिला मुख्यालय का चक्कर लगाने से राहत मिली।राजस्व एवं भूमि सुधार, आपूर्ति, सामाजिक कल्याण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, स्वास्थ्य, आवास और ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। तत्काल निष्पादन योग्य मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।शिविर के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी दी। इससे प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। शिविर में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य, सरपंच समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सेवा ज्योति यात्रा के साथ 'विकसित भारत संकल्प सेवा चौक' का लोकार्पण किया जाएगा

प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षो के सार्वजनिक जीवन को समर्पित होगा आयोजन

मोतिहारी(एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षो के सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण को समर्पित 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन बुधवार को सुबह नौ बजे महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में होगा। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम के बाद 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली जाएगी। इसके साथ ही 'विकसित भारत संकल्प सेवा चौक' का लोकार्पण किया जाएगा। सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि यह चौक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षो के सेवा, सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि चौक नागरिकों को जनसेवा, तकनीक, पारदर्शिता और जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करेगा।

सांसद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, 'वोकल फर लोकल', स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित भारत की आधारशिला हैं। विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक विकास की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाए।

उन्होंने मोतिहारी एवं चंपारणवासियों से परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के साथ सुबह नौ बजे महात्मा गांधी प्रेक्षागृह पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण के अभियान से जुड़ने का अवसर है।



राधा मोहन सिंह।

संक्षिप्त खबरें

एक साल बाद वायरल वीडियो से खुला मनीषा देवी मौत कांड का राज

भाई ने पहले आत्महत्या बताते हुए पोस्टमार्टम से किया था इनकार अब हत्या की प्राथमिकीय पांच आरोपित, एसआईटी गठित

मोतिहारीध्संग्रामपुर(एनएसबी)। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के परसौना गांव में करीब एक वर्ष पहले हुई मनीषा देवी की मौत का मामला वायरल हुए एक पुराने वीडियो के बाद फिर जांच के दायरे में आ गया है। घटना के समय आत्महत्या बताई गई मौत के मामले में अब हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। अरेराज एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के परसौना निवासी निकेश कुमार सिंह की पत्नी मनीषा देवी की मौत 02 अक्टूबर 2025 को हुई थी। घटना के बाद मृतका के भाई सुमित कुमार सिंह ने संग्रामपुर थाने में लिखित आवेदन देकर बहन द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात कही थी। आवेदन में किसी को जिम्मेदार नहीं बताया गया था तथा पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार किया गया था। पुलिस ने घटना को स्टेशन डायरी में दर्ज कर शव को परिजनों एवं ग्रामीणों की मौजूी में वीडियोग्राफी के साथ उतारा था। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वायरल वीडियो के बाद बदली तस्वीर करीब एक वर्ष बाद सामने आए कथित वीडियो को लेकर मृतका के मायके पक्ष ने पुलिस से शिकायत की। मायके पक्ष का आरोप है कि वीडियो में मनीषा देवी के साथ मारपीट किए जाने तथा उसके हाथ-पैर बांधे जाने जैसी स्थिति दिखाई दे रही है। गले में कपड़ा डालकर लटकाने जैसी स्थिति का भी दावा किया गया है। इन आरोपों ने पूर्व में आत्महत्या बताए गए मामले की परिस्थितियों पर सवाल खड़े कर दिए।मायके पक्ष ने वीडियो की मूल फाइल, रिकर्डिंग के समय व स्थान, मोबाइल फोन तथा वीडियो में दिखाई देने वाले लोगों की पहचान की तकनीकी एवं वैज्ञानिक जांच कराने की मांग की है। हालांकि वीडियो में दिखाई देने वाली परिस्थितियों और मौत के बीच संबंध की पुष्टि पुलिस अनुसंधान के बाद ही स्पष्ट होगी। तीन नामजद एवं दो अप्राथमिक सहित कुल पांच आरोपित, एसआईटी कर रही जांच पुलिस के अनुसार, मामले में संग्रामपुर थाना कांड संख्या 356ध्26, दिनांक 26 सितंबर 2026 के तहत हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें कुल पांच आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अरेराज एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई है। पुलिस उपलब्ध साक्ष्यों और अनुसंधान में सामने आ रहे तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही हैस पुलिस ने यह भी बताया है कि मृतका के परिजनों द्वारा तत्कालीन थानाध्यक्ष पर लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की वास्तविकता, उसमें दिख रहे लोगों की पहचान तथा घटना से उसके संबंध समेत सभी पहलुओं की जांच के बाद ही मामले की पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी।

राष्ट्रीय लॉन बाउल्स चैंपियनशिप के लिए पूर्वी चम्पारण के चितरंजन कुमार का चयन

मोतिहारी(एसएनबी)। पूर्वी चंपारण जिले के ढाका प्रखंड अंतर्गत परसा निवासी एवं राष्ट्रीय लॉन बाउल्स खिलाड़ी चितरंजन कुमार का ओडिशा में आयोजित होने वाली पहली अंडर-18 एवं छठी अंडर-25 राष्ट्रीय लन बाउल्स चौंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। चितरंजन कुमार वर्तमान में उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा कार्यालय, पूर्वी चंपारण में प्रतिनियुक्त कर्मी के रूप में कार्यरत हैं।राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन के पश्चात खिलाड़ियों के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पटना स्थित गुलजारबाग खेल परिसर में किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं।बिहार सरकार के द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत राष्ट्रीय खिलाड़ी चितरंजन कुमार को निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर समाहरणालय पूर्वी चम्पारण ,मोतिहारी में नियुक्ति दी गई है।चितरंजन कुमार के चयन से पूर्वी चंपारण के खेल प्रेमियों एवं लन बाउल्स खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने उनके चयन पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी हैं।खेल प्रेमियों का कहना है कि चितरंजन कुमार का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन जिले में लन बाउल्स खेल को नई पहचान दिलाने के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों को भी इस खेल के प्रति प्रेरित करेगा।

सेवा संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं समाधान को लेकर अधिकारियों ने की कार्रवाई

मोतिहारी(एनएसबी)। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को मोतिहारी प्रखंड कार्यालय में ब्लक स्तरीय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखा। प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर लगाने से राहत दिलाना रहा।शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों को एक ही स्थान पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल की। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को सुनना, उन्हें संबंधित विभागों तक पहुंचाना और समाधान के लिए समन्वित प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि जनसेवा के कार्यो में जनभागीदारी और प्रशासनिक सहयोग से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

कुख्यात अपराधी नरेश पाण्डेय पर एसपी ने किया 10 हजार रुपये इनाम घोषित

मोतिहारी(एनएसबी)। कुख्यात अपराधी सह छतौनी थाना कांड संख्या 390ध्26 के नामजद अभियुक्त नरेश पाण्डेय की गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।वह छतौनी थाना क्षेत्र के छतौनी बाजार आसमान राय टोला निवासी जगदीश पाण्डेय का पुत्र है। जिसके विरुद्ध छतौनी,नगर एवं मुफस्सिल थाने में करीब डेढ़ दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। ज्ञात हो कि 15 जुलाई 2026 को उक्त अपराधी के घर का पुलिस द्वारा घेराबंदी कर तलाशी ली गयी।इस दौरान उसके घर से करीब 17 लाख भारतीय रुपये,16 हजार नेपाली रुपये, नोट गिनने वाला मशीन, हथियार, कारतूस,सोना, चांदी,कई जमीन के दस्तावेज,बैंक पासबुक, शराब की बोतल सहित अन्य संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए थे। हालांकि छापेमारी के दौरान नरेश पाण्डेय पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। जबकि उसके एक साथी उज्जवल कुमार एवं उसके चालक को पुलिस ने मौके से दबोच लिया था। जिसके बाद से नरेश पाण्डेय फरार ही चल रहा था। इसपर उसके गिरफ्तारी के लिए एसपी ने दस हजार रुपये इनाम घोषित कर दिया है।

थानाध्यक्ष देवेंद्र का स्पष्ट संदेश शराब मामले में कोई समझौता नहीं

पहाड़पुर(एनएसबी)। पहाड़पुर थाना क्षेत्र के नौवाडीह गांव स्थित सरेह में पुलिस ने देसी चुलाई शराब के खिलाफ छापेमारी कर करीब 38 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की। पुलिस टीम को देखकर एक आरोपी गन्ने के खेत में भागकर फरार हो गया। उसकी पहचान सावन राम, पिता रामचंद्र राम, ग्राम नौवाडीह के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी शराब से संबंधित मामले दर्ज हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शराब एवं अन्य आपराधिक मामलों में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। कानून के अनुसार कार्रवाई होगी और किसी प्रकार की पैरवी या दबाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है तथा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

ट्री कटिंग व अन्य मरम्मति कार्य को लेकर बुधवार को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

सहरसा शहर (एनएसबी)। पुराना पावर सब स्टेशन 33/11 शक्ति उपकेंद्र सहरसा पुराना पॉवर हाउस से निकलने वाले गंगजला 3 फीडर, बैजनाथपुर फीडर में ट्री कार्टिंग का कार्य किया जाना है इस कारण दिनांक 07.10.26 को सुबह 08 बजे से 12.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता सहरसा एवं सौरबाजार के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे। मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को अनुरोध किया है कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रखरखाव कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है ताकि निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। प्रभावित क्षेरा, शिवपुत्र, हकपारी, सिमराहा, बावी साह चैक, सियाराम चैक एव छठ मंदिर। रामपुर, खजुरी, मुसहरणीय, सपहा।

प्रख्यात सर्वोदय चिंतक एवं जिला सर्वोदय मंडल अध्यक्ष के निधन पर शोक



सहरसा शहर (एनएसबी)। प्रख्यात सर्वोदय चिंतक एवं जिला सर्वोदय मंडल सहरसा के अध्यक्ष कमल प्रसाद साह के निधन पर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ सहरसा के प्रागण में शोक सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण का उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना किया गया। साथ ही बिहार सर्वोदय मंडल के मंत्री प्रवीण सिंह व जिला सर्वोदय मंडल मंत्री डॉ दीपक कुमार सिंह,बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण, जिला सर्वोदय मंडल सुपौल के अध्यक्ष सूर्य नारायण भारती, सहरसा जिला खादी ग्रामोद्योग संघ अध्यक्ष मुकेश कुमार सुमन, नाजिर अशोक कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, ज्योतिष कुमार सिंह, बालकृष्ण झा, विजय कुमार सिंह, जय प्रकाश सिंह, सुनील कुमार झा सहित अन्य कई सर्वोदय के साथियों ने उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सेरेवल पॉलिसी दिवस पर दिव्यांगों के बीच जागरूकता समारोह आयोजित



सहरसा शहर (एनएसबी)। राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कोसी क्षेत्रीय दिव्यांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति प्रधान कार्यालय सहरसा द्वारा संचालित कोसी दिशा केंद्र में सेरेवल पॉलिसी दिवस के अवसर पर एक समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें केंद्र के अलावे विशेष विद्यालय के सेरेवल पॉलिसी से ग्रसित बच्चों अभिभावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष सह सदस्य मोहन कुमार, विशेष शिक्षक उपेंद्र कुमार शाह, फिजियोथैरेपी डॉक्टर अबुशालेह एवं काउंसलर सुनील ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर अबू सालेह ने अभिभावकों को इस तरह के बच्चों के देखरेख नियमित फिजीओ करवाने की जानकारी दी गई तथा नियमित केंद्र पर लाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष बोर्ड सदस्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्थान एवं राष्ट्रीय न्यास ऐसे बच्चों के लिए आज पूरे दुनिया में सेरेवल पॉलिसी दिवस के रूप में मान रही है। यह एक पर्व के रूप में पूरे दुनिया में मनाया जा रहा है ।आप सभी अभिभावकों से आग्रह है कि अपने बच्चों को नियमित फिजियोथैरेपी करावे ताकि आपके बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक बुद्धि का विकास हो सके जिससे आगे आत्मनिर्भर निर्भर हो सके। संस्थान एवं राष्ट्रीय न्यास आप लोगों को हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर रहती है। आप अपने बच्चों के विकास हेतु सजग रहे ताकि आपके नहीं रहने पर भी आपके बच्चे को आगे चलकर आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम में सुनील ठाकुर के द्वारा जानकारी दिया गया कि राष्ट्रीय न्यास द्वारा वर्चुअल मोड में देश के बड़े-बड़े चिकित्सकों के द्वारा ऐसे बच्चों के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें आप लोग उपस्थित होकर उनसे जानकारी प्राप्त कर अपने बच्चों के विकास में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में विशेष शिक्षक दयानंद कुमार, शिवराम शर्मा, मितन कुमार, सोनू कुमार, केयरगिवर डोली कुमारी, अवधेश राम ने भाग लिया।

इंडिया गठबंधन प्रखंड जिला एवं राज्य स्तर पर चुनाव आयोग के खिलाफ करेगा पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन



सहरसा शहर (एनएसबी)। इंडिया गठबंधन की बैठक शहीद जयप्रकाश भवन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कार्यालय सहरसा में आरजेडी ताहिर की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक की संयोजन समिति एवं बिहार में महागठबंधन की संयोजन समिति के निर्णय के आलोक में 07 अक्टूबर को जिले के सभी प्रखंड में एवं 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश नारायण सहित उपस्थित सभी नेता गठबंधन के नेताओं ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा, जब आम जनता और विपक्षी पार्टी लगाते थे, तो कहा जाता था कि यह सियासी आरोप है, लेकिन अब बातें स्पष्ट हो गई। तीन चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी तीनों को मिलकर जो निर्णय लेना था वह निर्णय ज्ञानेश कुमार दोनों चुनाव आयुक्त को दरकिनार कर अकेले लेते रहे। दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिह, बलविंदर सिंह संधू ने पिछले 10 महीना में एसआईआर और चुनाव से जुड़े एवं वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म सिक्स में बदलाव को लेकर आपत्ति दर्ज की जिसमें माता-पिता दादा दादी का नाम पूछा जाता था कि पिछले एसआईआर में था कि नहीं। यह निर्वाचन पंजीकरण अधिनियम 1960 में संशोधन के बगैर नहीं किया जा सकता। बैठक में मुख्य रूप से राजद नेता रणजीत यादव, धीरेन्द्र यादव, तेज नारायण यादव, सतीश कुमार शाह, गोविंद दास, पवन यादव, सतीश कुमार, कॉंग्रेस पार्टी के मनीष कुमार, सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, सीपीआई के प्रभु लाल दास भवेश यादव, शंकर कुमार, शत्रुघ्न यादव, जाकिर, सीपीआईएम के रणधीर कुमार, आईआईपी के अमित झा, रामलाल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

चांदनी चैक गौशाला में अतिक्रमित 23 दुकान खाली कराने का जांच कमिटि ने दिया निर्देश

सहरसा शहर (एनएसबी)। चाँदनी चैक अवस्थित सहरसा बनगाँव गौशाला में अतिक्रमित भूमि की जाँचोपरांत संयुक्त जाँच प्रतिवेदन के द्वारा आवेदन पत्र समर्पित करते हुए सभी अतिक्रमित दुकानदारों को खाली कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में नगर निगम अन्तर्गत चाँदनी चैक संजय कुमार सिंह के द्वारा दायर जनहित मामले में सूचित किया गया कि सहरसा वार्ड 34 के समीप गौशाला की जमीन पर पक्का मकान बनाकर करीब 25 लोगों के द्वारा कमर्शियल दुकान चलाया जा रहा है। गौशाला की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया है। गौशाला की भूमि पर से अतिक्रमण हटाने के आदेश को स्थगित करने का निर्देश देते हुए परिवाद पत्र में उल्लेखित बिन्दु का निष्पक्ष जाँच करने हेतु त्रिसदस्यीय कमिटि का गठन करते हुए जाँच प्रतिवेदन की मांग की गयी। चाँदनी चैक अवस्थित गौशाला की जाँच करने पर पाया गया है कि लक्ष्मी जायसवाल, पति प्रकाश जायसवाल एवं अन्य 22 व्यक्ति के द्वारा गौशाला की जमीन में अवैध रूप से कब्जा किये हुए हैं जिस पर पक्का मकान इत्यादि है। चाँदनी चैक अवस्थित गौशाला की जमीन पर अवैध रूप से किये गये संरचना को हटाया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में 6 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

बनारस हिंदू विवि से पहुंची प्रोफेसर अनुराधा सिंह ने दिया व्याख्यान





व्याख्याता व बीएन मंडल विश्वविद्यालय।

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। मंगलवार 6 अक्टूबर से आगामी 11 अक्टूबर तक पटना स्थित बिहार लोक भवन के निदेर्शानुसार और मुजफ्फरपुर स्थित मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के तत्वाधान में स्थानीय बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा की अंगीभूत इकाई ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में 6 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। जिसका थीम रिसर्च मेथाडोलॉजी, एकेडमिक राइटिंग और पब्लिकेशन एथिक्स है।

उद्घाटन सत्र का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव, अर्थपाल डॉ. रत्नदीप और रिसोर्स पर्सन सह उत्तर प्रदेश के बनारस स्थित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अनुराधा सिंह द्वारा किया गया। जहां बीएन मंडल विश्वविद्यालय एफडीपी सेल के असिस्टेंट नोडल ऑफिसर डॉ पंचानन मिश्रा सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एफडीपी कोऑर्डिनेटर डॉ. मिथिलेश कुमार के द्वारा किया गया। वही एफडीपी सहायक कोऑर्डिनेटर सह महाविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुमार गौरव ने कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसके बाद एकेडमी सेशन का शुभारंभ हुआ। जिसमें तकनीकी सहायता डॉ. मनीष कुमार के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में पहुंची रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर अनुराधा सिंह ने रिसर्च की गुणवत्ता और रिसर्च डिजाइन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते महाविद्यालय प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों को तैयार करना है। उच्च शिक्षा को उन्नयन बनाया जा रहा है। ताकि शिक्षा रोजगार परक हो सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप हो सके। नैतिक शिक्षा का उदय हो सके। जिससे राष्ट्र का विकास होगा। अब राज्य के सभी महाविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित होगा। जिससे शिक्षकों और छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। महाविद्यालय अर्थपाल डॉ रत्नदीप ने कहा कि भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय का पहला महाविद्यालय ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय बना। जहां फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सरकार और कुलपति का धन्यवाद है। मौके पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. वीणा कुमारी, डॉ. मनोज कुमार यादव, सीनेटर डॉ. दीपक कुमार राणा, डॉ. उपेंद्र प्रसाद यादव, डॉ. स्वर्णमणि, डॉ. मधुनंदा, डॉ. विनय कुमार, डॉ. यास्मिन रशीदी, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ. प्रियंका भारती, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. गुड्डू कुमार, डॉ. भारती कुमारी, डॉ. संजीव कुमार सुमन, डॉ. मिंटू कुमार मेनन, डॉ. चंद्रदीप नंदलाल यादव, डॉ. विजय कृष्ण, डॉ. मनोज कुमार ठाकुर, डॉ. शहरयार अहमद, डॉ. हरित कृष्णा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार सेठी, डॉ. अंकेश कुमार, डॉ. बैजबंश कुमार, डॉ. गौरव प्रकाश, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार, अनामिका, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. अमीषा भारती, डॉ. विदुषी भारती, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ. मनीषा कुमारी, डॉ. मीनू सोडी, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. विदुषी भारती, डॉ. शुभाशीष दास सहित अन्य शिक्षक और महाविद्यालय कर्मी सुनील कुमार, मोती यादव, उपस्थित रहे।

प्रमंडलीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में कौशिक आर्य ने जीता स्वर्ण पदक



स्वर्ण पदक विजेता कौशिक आर्य व अतिथि।

सहरसा शहर (एनएसबी)। जयप्रताप सिंह पब्लिक स्कूल के कक्षा 8वीं के छात्र कौशिक आर्य ने 17 वर्ष आयु वर्ग की प्रमंडलीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मधेपुरा एवं सुपौल के खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। खेल भवन, सहरसा स्टेडियम में आयोजित प्रमंडलीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर कौशिक आर्य ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप, खेल विभाग, पटना के लिए क्वालीफाई किया। कौशिक आर्य की इस उपलब्धि पर उनके पिता इंजीनियर कौशल यादव महानगर अध्यक्ष एवं माता रूबी यादव तथा प्रशिक्षिका रश्मि सोनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि इससे पूर्व जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने माता पिता कोच एवं अन्य लोगों कौशिक आर्य को हार्दिक बधाई एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

मारपीट में युवक घायल, घर में तोड़फोड़ और सामान ले जाने का आरोप



घायल महिला-पुरूष।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के ईटहरी गांव, वार्ड संख्या-8 में सोमवार की सुबह हुई मारपीट की घटना में एक युवक के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर विनीता देवी, पति राधे यादव, ने बनमा ईटहरी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में विनीता देवी ने बताया कि वह सोमवार की सुबह घर पर बर्तन धो रही थीं। इसी दौरान गांव के विनीत कुमार, सुमित कुमार, भवेश यादव, मनोहर यादव, हरेराम यादव, शत्रुधन यादव, कैली देवी, सुलोचना देवी, आशा देवी, खुशबू देवी, सुनीता देवी, अमरेश कुमार, अंकुश कुमार, चांदनी कुमारी, आकाशमैन देवी एवं अंशु कुमारी मौके पर पहुंचे। आवेदन के अनुसार, विनीत कुमार, सुमित कुमार एवं भवेश यादव ने विनीता देवी के देवर गजेंद्र कुमार के साथ मारपीट की। इस दौरान रॉड एवं धारदार हथियार से सिर पर हमला किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना में गजेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, आवेदन में शमिला देवी के साथ भी मारपीट और अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनके साथ खींचातानी की गई तथा कपड़े फाड़ने और गलत हरकत करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा आवेदन में आरोप लगाया गया है कि भवेश यादव के कहने पर विनीत कुमार, अमरेश कुमार एवं अंकुश कुमार घर की छत पर चढ़ गए और डंडे व रॉड से एस्बेस्टस की छत को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़िता के अनुसार, घर से सोने की बाली, करीब 25 हजार रुपये नकद और मंगलसूत्र भी ले जाने का आरोप है।विनीता देवी ने थाना में आवेदन देकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने तथा परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी। आवेदन में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

■ दुर्गा पूजा में सप्तमी से विजयादशमी तक बाजार में बड़े वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद, मनौरी चैक व दुर्गा मंदिर के पास बैरियर लगाने का निर्णय, पंडालों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश



बैठक में इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष व जनप्रतिनिधि।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को लेकर मंगलवार को सोनवर्षा थाना परिसर में थानाध्यक्ष नागमणि कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सीओ ललन चैधरी व इंस्पेक्टर राजीव कुमार झा मौजूद रहे। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा पूजा समितियों के अध्यक्ष व सदस्य शामिल हुए। बैठक में पूजा के दौरान सोनवर्षा बाजार में लगने वाले भीषण जाम का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। लोगों ने श्रद्धालुओं को जाम से होने वाली परेशानी से निजात दिलाने की मांग की। इस पर पदाधिकारियों ने सप्तमी से विजयादशमी तक बड़े वाहनों का परिचालन बायपास सड़क से कराने का आश्वासन दिया। इसके लिए मनौरी चैक और दुर्गा मंदिर के समीप बैरियर लगाने की बात कही गई। इंस्पेक्टर राजीव कुमार झा ने पूजा समितियों से दस दिनों तक चलने वाले पूजा कार्यक्रम एवं विसर्जन को निर्धारित मार्ग से समय पर पूरा करने की अपील की। उन्होंने सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा डीजे का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया। बैठक में आरओ सैयद बादशाह, व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ललन, अजय कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष मनीष कुमार, कांग्रेस नेता सुरेंद्र नारायण सिंह, मो. मसीर आलम, अमीर राम, नरेश साह, गोपाल सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, सत्यदेव सिंह, दिनेश सिंह, मंडल अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह, मो. इब्राहिम, असफाक अंसारी, रंजीत झा, संजय विश्वास, सुधीर यादव, मनोरंजन सिंह, रूद्रनारायण सिंह, मुन्ना यादव, मनटुन सिंह सहित अपर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह व अन्य मौजूद थे।

24 घंटे का मासिक भगैत सम्मेलन संपन्न, भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु



श्रद्धा और भक्तिभाव में गोता लगाते श्रद्धालु।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। सहुरिया पंचायत के बहुअरबा गांव में सत्यनारायण यादव के दरवाजे पर आयोजित 24 घंटे का श्री श्री श्याम वेदियवाणी सनातन धर्म बाबा धर्मराज मासिक भगैत सम्मेलन मंगलवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हो गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भक्ति समर्पित जीवनदानी बाबा सत्यनारायण पंजियार एवं संतोष पंजियार ने की। इस दौरान विभिन्न भगतिया मंडलियों ने पारंपरिक भगैत, भजन और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी। पूरी रात श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम के दौरान गांव में धार्मिक माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाबा धर्मराज की आराधना की। आयोजन को सफल बनाने में राधेश्याम पंजियार, रामप्रवेश पंजियार, दीनानाथ महंथ, सज्जन पंजियार, विलास पंजियार, विकास भारती, रामस्वरूप पंजियार, सुदेश मुलगेन, दिनेश भगता, उपेंद्र यादव शिक्षक, रोशन पंजियार, सूजो पंजियार, अंशु पंजियार, कुमोद पंजियार, कुश पंजियार, कुंदन पंजियार, घनश्याम पंजियार, जयजयराम पंजियार, संजय मुलगेन, जयकिशोर पंजियार, राहुल भगता, ऋतु भारती समेत ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन के मौके पर बाबा सत्यनारायण पंजियार ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं।

महिला उद्यमिता एवं डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



उद्यमियों व डिजिटल सखियां।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बीएआईएफ द्वारा संचालित एवं एलएंड फाइनेंस द्वारा वित्तपोषित डिजिटल सखी प्रोजेक्ट के अंतर्गत सौर बाजार क्लस्टर और नौहट्टा क्लस्टर द्वारा मंगलवार को होटल कोशी बिहार में संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल एवं वित्तीय सेवाओं से जोड़ना, उनके स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं एवं उपलब्ध संसाधनों से जोड़कर उनकी आजीविका को सुदृढ़ करना रहा। कार्यशाला में जिला वानिकी पदाधिकारी एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिला उद्यमियों एवं डिजिटल सखियों ने अपने कार्य, अनुभव, उपलब्धियों तथा व्यवसाय के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी साझा की।कार्यक्रम में जिला वानिकी पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों के माध्यम से आजीविका के नए अवसर विकसित करने तथा संबंधित विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के संबंध में जानकारी दी। वहीं, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने कृषि आधारित आजीविका के विभिन्न अवसरों, सरकारी योजनाओं तथा कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर चयनित महिला उद्यमियों को सिलाई मशीनों का वितरण किया गया, ताकि वे सिलाई-कढ़ाई के माध्यम से अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ाकर आय के नए अवसर विकसित कर सकें। बाइफ के जिला परियोजना प्रबंधक ऋषभ कुमार ने महिला उद्यमिता एवं डिजिटल सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल सखी प्रोजेक्ट के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल सेवाओं, वित्तीय जागरूकता, सरकारी योजनाओं तथा आजीविका के अवसरों से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम में बाइफ के जिला परियोजना प्रबंधक ऋषभ कुमार,अर्पित कुमार, श्री कर्ण, सुश्री रिंकी सिंह एवं शुभ्रोजीत सहित बाइफ की टीम, डिजिटल सखियां, महिला उद्यमी एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।बाइफ द्वारा संचालित एवं एलएंडटी फाइनेंस द्वारा वित्तपोषित डिजिटल सखी प्रोजेक्ट ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उन्हें उद्यमिता एवं आजीविका के अवसरों से जोड़ने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

संक्षिप्त खबरें

पुल जर्जर होने से आवागमन में परेशानी

बेलदौर। एन एच 107 पर बालू गड्ढ़े के समीप पुल के जर्जर होने के बाद से आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। बीते 15 दिनों से जारी मरम्मत कार्य के कारण यहाँ रोजाना घंटों भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें गंतव्य तक पहुँचने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल का ढांचा काफी पुराना और जर्जर हो चुका था, जिसकी तत्काल मरम्मत जरूरी थी।हालाँकि निर्माण कार्य के दौरान यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं किए जाने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों और चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए और जाम से निपटने के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए।

देसी कट्ठा और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

बेलदौर। बेलदौर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को एक देसी कट्ठा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र के श्रीपुर गांव निवासी स्व. गंगा शाह के पुत्र चुनचुन शाह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत एक पुलिस टीम का गठन किया और त्वरित कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने जब संदिग्ध व्यक्ति का पीछा कर उसे रोका और उसकी तलाशी ली, तो उसकी कमर से एक देसी कट्ठा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस छापेमारी दल में एसआई विकास कुमार समेत सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

7,500 एकड़ कृषि भूमि जलजमाव से प्रभावित

खगड़िया। विधायक बबलू कुमार मंडल ने अपने पत्र में बताया है कि खगड़िया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कराची-बदलाघाट तटबंध के किमी 2900 से 3500 के बीच लंबे समय से भीषण जलजमाव की समस्या बनी हुई है। इस जलजमाव के कारण लगभग 7,500 एकड़ षि भूमि प्रभावित होती है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जलजमाव के कारण किसानों को प्रत्येक वर्ष भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। षि भूमि पर लंबे समय तक पानी जमा रहने से खेती प्रभावित होती है तथा किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विधायक ने जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए उक्त तटबंध खंड में तीन एंटी फ्लड स्लूइस गेट के निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताया है।

बेलदौर नगर पंचायत में 'प्याऊ बनी शोभा की वस्तु

बेलदौर। बेलदौर नगर पंचायत में लाखों रुपए की लागत से लगे प्याऊ शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। शुद्ध पेयजल के लिए लगाए गए ये प्याऊकई महीनों से बंद पड़े हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मालूम हो कि प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सामने चपाकल, नगर पंचायत द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर, थाना चौक, पुस्तकालय सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर प्याऊलगाए गए थे।सबसे बुरी हालत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आगे लगे प्याऊकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगने के मात्र तीन महीने बाद से ही यह प्याऊखराब पड़ा है। आलम यह है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और परिजनों को बाहर से बोतलबंद पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इस संबंध में कई बार ग्रामीणों और वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी अमर राय को प्याऊबंद होने की सूचना दी, लेकिन सूचना देने के बावजूद भी लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सभी प्याऊजस के तस बंद पड़े हैं।ग्रामीणों में इसको लेकर काफी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने जिला पदाधिकारी खगड़िया से मांग की है कि संबंधित संवेदक पर कानूनी कार्रवाई की जाए और सभी बंद पड़े प्याऊको जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए। जबकि आईटी भवन के समीप एक भी चपाकल नहीं रहने के कारण आम व्यक्ति को पानी खरीद कर पानी पिना पड़ता है।

लोगों से दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

चौथम(एनएसबी)। आगामी दुर्गा पूजा को लेकर चौथम थाना परिसर स्थित सभा हल में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, प्रतिमा विसर्जन तथा संभावित समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी रविराज ने की। इस मौके पर थाना पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में अंचलाधिकारी रविराज ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चौथम क्षेत्र में पिछले दो-तीन वर्षों से दुर्गा पूजा का पर्व काफी अनुशासित एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है। अब तक पूजा के दौरान किसी भी स्थान पर विवाद अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी इसी परंपरा को कायम रखते हुए सभी लोग आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के वातावरण में पर्व मनाएं। अंचलाधिकारी ने आम लोगों से पूजा के दौरान होने वाली संभावित समस्याओं और प्रशासन



थानाध्यक्ष व अन्य।

से अपेक्षित सहयोग को लेकर अपने सुझाव देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना है, जिसके लिए आम लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। वहीं, थाना अध्यक्ष ने भी पूजा के दौरान संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर उपस्थित लोगों की राय जानी। उन्होंने विभिन्न पूजा स्थलों पर प्रतिनियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की जानकारी देते हुए उनके संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराए, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल प्रशासन को सूचना दी जा सके।थाना अध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों एवं रास्तों पर पुलिस बल और चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके बावजूद यदि किसी पूजा क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता महसूस होती है तो समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोग प्रशासन को इसकी जानकारी दें, ताकि समय रहते आवश्यक व्यवस्था की जा सके। बताया गया कि चौथम क्षेत्र के सरैया, चौथम, ठुठ्ठी मोहनपुर, धुतौली, मालपा एवं सनवर्षा घाट सहित विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। पूजा के दौरान इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है, जिससे सड़कों पर भी यातायात का दबाव बढ़ जाता है। इसे देखते हुए पूजा पंडालों एवं आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित और सुरक्षित रखने पर भी चर्चा हुई। प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई कि वे अनावश्यक रूप से सड़क पर वाहन खड़ा न करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। बैठक में पूर्व पार्षद इंद्रमोहन सिंह, मनोज सिंह, रोहिन साहनी, अशोक यादव, अनिल सिंह, मुखिया शशिभूषण कुमार, डोमी अली, सुभाष यादव, विनय कुमार चौरसिया, थाना के एसआई संतोष कुमार, अभिमन्यु कुमार, सिंटू कुमार सहित विभिन्न पूजा क्षेत्रों से आए दर्जनों प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पुलिस दीदी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र में छात्राओं और महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही 'पुलिस दीदी' मुहिम का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। पुलिस टीम द्वारा लगातार शैक्षणिक संस्थानों और प्राइवेट कोचिंग सेंटरों के आसपास सघन गश्ती की जा रही है, जिससे असामाजिक तत्वों और मंचाचलों में हड़कंप मचा हुआ है।इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस टीम ने विशेष अभियान चलाया। एसआई सरिता कुमारी और महिला सिपाही निशा कुमारी ने संयुक्त रूप से पीएम श्री गांधी इंटर विद्यालय तथा भाभा कोचिंग संस्थान



बच्चों को कानून की जानकारी देती पुलिस दीदी।

सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों का दौरा किया। गश्ती के दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्लासरूम और परिसरों में जाकर छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद किया।बातचीत के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं से उनकी सुरक्षा से जुड़े अनुभव जाने और किसी भी प्रकार की छेड़खानी, संदिग्ध गतिविधि या परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की। इसके साथ ही, सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और जरूरी सुझाव भी साझा किए गए।पुलिस दीदीश् की इस पहल से छात्राओं में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है, जबकि कोचिंग संस्थानों के आसपास बेवजह घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि छात्राओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यह गश्ती अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

बूढ़ी गंडक तटबंध पर पक्की सड़क और जलजमाव से निजात की पहल



ज्ञापन देते बबलू कुमार मंडल।

खगड़िया (एनएसबी)। खगड़िया विधानसभा क्षेत्र के विकास और बाढ़ एवं जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर विधायक बबलू कुमार मंडल ने जल संसाधन विभाग के समक्ष दो महत्वपूर्ण मांगें उठाई हैं। विधायक ने बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी को अलग-अलग दो पत्र भेजकर बूढ़ी गंडक नदी के तटबंधों पर पक्की सड़क निर्माण तथा कराची-बदलाघाट तटबंध के बीच गंभीर जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक संरचनाओं के निर्माण की मांग की है।

बिशौनी गांव में आज होगा आत्मकल्याण सत्संग

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के परबत्ता प्रखंड के लगार पंचायत अंतर्गत बिशौनी गांव में 7 अक्टूबर को स्मृतिशेष उमाकांत मिश्रा एवं स्मृतिशेष उर्मिला मिश्रा के आत्मिक उद्धार के लिए आत्मकल्याण सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जगतगुरु श्री रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा। इस दौरान अंग प्रदेश के भजन सम्राट ड़ हिमांशु मोहन मिश्रा 'दीपक' के भजन तथा अनेक संत-महात्माओं एवं विद्वानों के आध्यात्मिक उद्गार होंगे। सत्संग कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। श्रीशिव शक्ति योग पीठ खगड़िया शाखा के मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में खगड़िया जिला ही नहीं आसपास जिले के लोग पहुंचेंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में दूसरे दिन विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

खगड़िया (एनएसबी)। षहर के जेएनकेटी स्टेडियम समेत कई जगहों पर जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न खेल स्थलों पर अनेक खेल विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जानकारी के अनुसार जेएनकेटी स्टेडियम में अंडर 17 वर्ग में क्रिकेट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। वही रेलवे ग्राउंड, मानसी में फुटबल



प्रतियोगिता में खिलाड़ीगण।

प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रखंडों के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों की बड़ी संख्या में सहभागिता से प्रतियोगिता स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल रहा। खेल भवन, खगड़िया में बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 300 से अधिक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्तयोग, वुशु एवं शतरंज प्रतियोगिताओं में भी 200 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के प्रत्येक विद्यालय एवं प्रखंड से अधिकाधिक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं से जोड़ा जाए तथा उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान किया जाए। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिले में खेल संसति को मजबूत करने के साथ-साथ भविष्य के उत्ष्ट खिलाड़ियों की पहचान एवं उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

बेला नौवाद में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड के बेला नौवाद पंचायत स्थित मध्य विद्यालय बेला नौवाद में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया गौरी शंकर शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ष्णा कुमारी यादव, मुखिया गौरी शंकर शर्मा, राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा एवं जिला मतस्य जिवी पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ग्राम सभा में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स एवं स्थानीय सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत थीम-06 आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पंचायत को आत्मनिर्भर और बुनियादी



उद्घाटन करते जिप अध्यक्ष व अन्य।

सुविधाओं से सुसज्जित बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रतीक्षारत लगभग 1298 लाभार्थियों की सूची की सार्वजनिक घोषणा की गई। साथ ही पंचायत में विधि-व्यवस्था को सुढ़ करने के लिए चयनित 77 ग्राम रक्षा दल के सदस्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।ग्राम सभा में आगामी विकास कार्यो, सड़क, नाली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई।वहीं सेवा संकल्प अभियान के तहत पंचायत के विकास के लिए 10 महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन भी किया गया, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।मौके पर समाज सेवी प्रदीप भगत, पंचायत सचिव देवानंद कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सोनड़ीहा में भीषण आगजनी, कई घर जलकर राख

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के सोनडीहा वार्ड संख्या 13 और 14 में अचानक भीषण आग लगने से लगभग 18 घर जलकर राख हो गए। इस दर्दनाक घटना के बाद इलाके में भारी अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया और एनएच 31 पर राहगीरों व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आग की लपटे इतनी डरावनी और तेज थीं कि कोई भी पीड़ित परिवार या ग्रामीण हिम्मत जुटाकर आग के नजदीक नहीं पहुंच सका। घटना की सूचना मिलते ही पसराहा थाना पुलिस को अवगत कराया गया जिसके तुरंत बाद पसराहा और गोगरी से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। हालांकि, तब तक घरों में रखे गए आवश्यक सामान जैसे कुर्सी, बेंच, लकड़ी की चौकी, कपड़े, अनाज और पशुओं के लिए रखा भूसा पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। स्थानीय पंचायत समिति



आग से जलते घर।

सदस्य जयचंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आग की चपेट में आने वाले सभी पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब हैं और गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं, इसलिए शासन-प्रशासन को जल्द से जल्द सभी पीड़ितों को उचित आर्थिक सहायता और राहत सामग्री मुहैया करानी चाहिए। इस अगिकांड में रामसेवक साह की पत्नी रामपरी देवी, सूरज कुमार की पत्नी प्रतिमा देवी, बोधु साह की पत्नी पार्वती देवी, राम साह की पत्नी दुरोपति देवी, रणबीर साह की पत्नी उषा देवी, ष्ण साह की पत्नी सुलेना देवी, मधुसूदन साह की पत्नी मंजूसा देवी, राममूर्ति साह की पत्नी सलिता देवी, पप्पु साह की पत्नी समिता देवी, धीरंगन साह की पत्नी बबीता देवी, प्रदुमन साह की पत्नी मुन्नी देवी, सिकंदर साह की पत्नी कंचन देवी, अनिरुद्ध साह की पत्नी अमिता देवी, गुरुदेव साह की पत्नी खुशबू देवी, बाल्मीकि साह की पत्नी उषा देवी, नवीन साह की पत्नी सीता देवी, बमबम साह की पत्नी रीना देवी और रामबालक साह की पत्नी लीला देवी के घर पूरी तरह जल गए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए गोगरी के अंचलाधिकारी मो0 आमिर हुसैन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और सभी पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना। अंचलाधिकारी ने मौके पर मौजूद लोगों को आश्वासन दिया कि मामले की विधिवत जांच पूरी होने के बाद सभी प्रभावित परिवारों को सरकारी नियमों के तहत मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

6.41 करोड़ रुपये की योजना विभाग को भेजी गई

खगड़िया (एनएसबी)। पत्र में विधायक ने उल्लेख किया है कि प्रस्तावित स्लूइस गेट के निर्माण को लेकर डिजाइन एवं ड्राइंग पर विभागीय स्वीति की प्रक्रिया के लिए संबंधित तकनीकी सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके लिए लगभग 6 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत का कार्य प्रस्ताव तैयार कर विभाग को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजा गया है।विधायक ने विभागीय मंत्री से आग्रह किया है कि योजना को शीघ्र स्वीति प्रदान करते हुए निर्माण कार्य की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि हजारों एकड़ षि भूमि को जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

स्थायी जलनिकासी व्यवस्था की मांग

विधायक ने कहा कि केवल अस्थायी रूप से पानी निकालने के बजाय क्षेत्र में स्थायी जलनिकासी व्यवस्था विकसित किया जाना आवश्यक है। एंटी फ्लड स्लूइस गेट के निर्माण से जलनिकासी की समस्या का वैज्ञानिक एवं स्थायी समाधान संभव होगा और किसानों को हर वर्ष होने वाली परेशानी से राहत मिल सकेगी।

बूढ़ी गंडक तटबंध पर 39 किलोमीटर पक्की सड़क की मांग

दूसरे पत्र में विधायक ने खगड़िया जिला अंतर्गत बूढ़ी गंडक नदी के बाएं एवं दाएं तटबंध पर पक्की सड़क निर्माण का मामला उठाया है। पत्र के अनुसार नदी के बाएं तटबंध पर लगभग 19 किलोमीटर तथा दाएं तटबंध पर लगभग 20 किलोमीटर, यानी कुल करीब 39 किलोमीटर लंबाई में पक्की सड़क का निर्माण जनहित में अत्यंत आवश्यक है।विधायक ने कहा कि तटबंध पर पक्की सड़क बनने से बाढ़ प्रभावित एवं तटबंध से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा काफी बेहतर होगी। वर्तमान में तटबंध एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

दर्जनों गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

पत्र में विधायक ने बताया है कि प्रस्तावित सड़क निर्माण से तटबंध के आसपास बसे अनेक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इनमें आहोक, सादपुर, चक्की, विशनपुर, तेतरी, मघुवा, विशनपुर आहोक, गोविंदपुर, घर दियारा, जोगिया, चकनौरा सहित अन्य गांव शामिल हैं।पक्की सड़क का निर्माण होने से इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को वर्षभर आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। विशेषकर बरसात एवं बाढ़ के समय ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानी काफी कम हो सकती है।

प्रखंड मुख्यालय और अस्पताल तक पहुंच होगी आसान

खगड़िया। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि तटबंध पर पक्की सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को बाजार, प्रखंड मुख्यालय, जिला मुख्यालय, विद्यालय, अस्पताल तथा अन्य आवश्यक संस्थानों तक पहुंचने में सुविधा होगी। इसके अलावा किसानों को अपनी षि उपज बाजार तक पहुंचाने में भी सहूलियत मिलेगी। सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने तथा स्थानीय लोगों के आवागमन को सुगम बनाने की उम्मीद है। विधायक ने प्राथमिकता के आधार पर स्वीति की मांग की विधायक ने जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी से आग्रह किया है कि क्षेत्र की आवश्यकता और बड़ी आबादी को होने वाले लाभ को देखते हुए बूढ़ी गंडक नदी के दोनों तटबंधों पर पक्की सड़क निर्माण की योजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीति प्रदान की जाए और आवश्यक विभागीय कार्रवाई शुरू की जाए।

दोनों योजनाओं को लेकर विधायक की सक्रिय पहल

खगड़िया। इन दोनों पत्रों के माध्यम से विधायक ने एक ओर जहां बाढ़ एवं जलजमाव से प्रभावित षि भूमि के स्थायी समाधान की मांग उठाई है, वहीं दूसरी ओर बूढ़ी गंडक के तटबंधों को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ने का मुद्दा सरकार के समक्ष रखा है। यदि दोनों योजनाओं को स्वीति मिलती है तो खगड़िया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं बाढ़ प्रभावित इलाकों में जलनिकासी, आवागमन, षि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ मिलने की संभावना है।

दुर्गा पूजा को लेकर बैठक का आयोजन,दिये गये कई निर्देश

खगड़िया (एनएसबी)। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से अवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, प्रतिमा विसर्जन, यातायात नियंत्रण, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आपातकालीन प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में कुल 97 लाइसेंसी दुर्गा पूजा प्रतिमाएँ चिति हैं, जिनमें गोगरी अनुमंडल में 51 तथा खगड़िया अनुमंडल में 46 प्रतिमाएँ हैं। सभी पंडाल कमेटी को लाइसेंस लेने के लिए 08 अक्टूबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। सभी संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की व्यवस्था की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत है, जिसका दूरभाष नंबर 06244-222384 है। वही आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अनुमंडल एवं जिला स्तर पर कि रिस्पन्स टीम गठित करने तथा पुलिस उपाधीक्षक स्तर पर इसकी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश है। विसर्जन एवं घाटों की सुरक्षारू प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित मार्गो और स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति, रूट निर्धारण तथा आवश्यकतानुसार महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला मुख्यालय एवं अनुमंडल स्तर पर चौबीसों घंटे आकस्मिक चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निगरानी एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाईरू पूजा स्थलों पर वीडियोग्राफी एवं सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की व्यवस्था करने, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कराने तथा शराबबंदी कानून का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध शराब के विरुद्ध सघन जाँच एवं छापेमारी पर विशेष जोर दिया गया है। पंडालों की सुरक्षारू पूजा पंडालों में विद्युत, भवन निर्माण एवं अगिशमन संबंधी सुरक्षा मानकों के अनुपालन तथा आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया गया है। वही जिलांतर्गत कुल पाँच स्थलों पर रावण वध कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस वर्ष आयोजन स्थलों का चयन, विधि-व्यवस्था संधारण तथा पर्याप्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मां सावित्री सैनिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

महेशखूंट (एनएसबी)। मां सावित्री रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल, महेशखूंट बाजार में जि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में वर्ग एलकेजी से लेकर अष्टम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को रोचक बनाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को आठ ग्रुप में बांटा गया था। प्रत्येक ग्रुप में सात छात्र-छात्राएं शामिल थीं। ग्रुपों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे गए थे, जिनमें गांधी ग्रुप, स्वामी विवेकानंद ग्रुप, सुभाष चंद्र बोस ग्रुप, भगत सिंह ग्रुप, रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप, सरदार पटेल ग्रुप, अब्दुल कलाम ग्रुप एवं मदर टेरेसा ग्रुप शामिल थे। जि प्रतियोगिता पूरी तरह सामान्य ज्ञान पर आधारित थी। गांधी जी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन, अहिंसा के सिद्धांत, देश के महापुरुषों, विज्ञान, भूगोल एवं समसामयिक घटनाओं और सामान्य ज्ञान से संबंधित कुल 100 अंकों के प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक सही उत्तर के लिए अंक निर्धारित थे।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक अजय कुमार स्वयं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में न केवल सामान्य ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आत्मविश्वास, तर्क शक्ति और टीम भावना का भी विकास होता है। गांधी जयंती हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद परिणाम की घोषणा की गई। इसमें गांधी ग्रुप ने उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर स्वामी विवेकानंद ग्रुप एवं तृतीय स्थान पर सुभाष चंद्र बोस ग्रुप रहा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्त किया गया तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ग्रुप को विशेष पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक समीर खान, चंदन कुमार, प्रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी समेत अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

संक्षिप्त खबरें

घेराबंदी कर ज्यूं ने हथियार तस्कर पवन को दबोचा

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अथमलगोला थाना क्षेत्र में एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए कथित हथियार तस्कर पवन को घेराबंदी कर पकड़े जाने की सूचना है। कार्रवाई के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

दुर्गापूजा को लेकर प्रशासन सख्त, पंडाल से प्रतिमा की ऊंचाई तक तय मानक

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गापूजा को लेकर बाढ़ अनुमंडल सभागार में प्रशासनिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूजा समितियों को पंडाल की ऊंचाई अधिकतम 40 फीट रखने तथा प्रतिमा की ऊंचाई 20 फीट से अधिक नहीं रखने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। लाउडस्पीकर बजाने के लिए अनुमंडल स्तर से अनुमति लेना अनिवार्य बताया गया। बैठक में विधि-व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता, अगि सुरक्षा समेत कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की।

बाढ़ जेडीयू में दिखी दूरी, कई चर्चित चेहरों ने नामांकन से बनाई दूरी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ क्षेत्र में जेडीयू के नामांकन कार्यक्रम को लेकर पार्टी के कई पुराने और युवा चर्चित चेहरों की दूरी चर्चा का विषय बनी हुई है। कार्यक्रम में अपेक्षित नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी नहीं दिखने से संगठन के भीतर संभावित खेमेबाजी को लेकर राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, नेताओं की गैरमौजूदगी के पीछे व्यक्तिगत या संगठनात्मक कारण क्या रहे, यह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या बाढ़ जेडीयू में दो खेमे बन रहे हैं पार्टी की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

क्राइम मीटिंग में अपराध नियंत्रण को लेकर एसडीपीओ ने दिए निर्देश

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। एसडीपीओ कार्यालय में बाढ़ एसडीपीओ रामण्ण ने अनुमंडल के विभिन्न थानों के थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग की। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं अपराध की स्थिति की समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, अपराध नियंत्रण तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस गश्ती और कार्रवाई को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

ट्रेन में महिला ने खाया जहर बाढ़ स्टेशन पर मचा हड़कंप

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। कटिहार इंटरसिटी ट्रेन में सफर कर रही एक महिला ने कथित तौर पर जहर खा लिया। ट्रेन में महिला की तबीयत बिगड़ने पर यात्रियों ने इसकी सूचना दी और बाढ़ स्टेशन पर उसे उतारा गया। इसके बाद महिला को तत्काल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि महिला खगड़िया से ट्रेन में सवार हुई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पारिवारिक कलह को घटना का संभावित कारण बताया जा रहा है। घटना की पूरी जानकारी और कारणों की पुलिस स्तर से जांच की जा रही है।

ई-रिक्शा से छह बैटरियां व दो चार्जर चोरी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा बाजार स्थित पांडव मार्केट के एक गराज में देर रात चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। बताया गया कि रात करीब 3 से 4 की संख्या में गमछा बांधे चोर गराज में घुसे और चार्ज में लगे दो ई-रिक्शा से छह बैटरियां व दो चार्जर चोरी कर लिए। चोर एक मोटरसाइकिल और सीसीटीवी कैमरा भी ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सीसीटीवी कैमरा भी चोरी हो जाने से चोरों की पहचान में परेशानी की बात सामने आ रही है।

पीके का खुला चैलेंज, नीतीश कैमरे पर नीरज के समर्थन की घोषणा करें जनसुराज उम्मीदवार वापस ले लेगी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। स्नातक निर्वाचन को लेकर बिहार की राजनीति में सियासी चुनौती का दौर तेज हो गया है। जनसुराज की ओर से प्रशांत किशोर (पीके) ने जदयू के इतक उम्मीदवार नीरज कुमार के समर्थन को लेकर बड़ा दावा और खुली चुनौती दी है।जनसुराज का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अन कैमरा यह स्पष्ट कर दें कि वे इतक चुनाव में नीरज कुमार का समर्थन कर रहे हैं, तो जनसुराज अपने इतक उम्मीदवार को चुनाव मैदान से वापस लेकर नीरज कुमार के समर्थन में खड़ी हो जाएगी। इस चुनौती के बाद इतक निर्वाचन को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। खासकर बाढ़ समेत पटना इतक क्षेत्र में जदयू और जनसुराज के बीच चुनावी मुकाबले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

दुर्ग पूजा में घर लौटने वाले यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेल पुलिस हाई अलर्ट

8 अक्टूबर से जमालपुर, किऊल, नवादा, शेखपुरा, जमुई व भागलपुर स्टेशनों पर चलेगा विशेष जांच अभियान

जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेल जिला जमालपुर की पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को रेल जिला जमालपुर के एसरपी विद्या सागर की अध्यक्षता में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में सितंबर माह के दौरान हुई कार्रवाई और लंबित मामलों की समीक्षा के साथ आगामी पर्व को लेकर सुरक्षा रणनीति तैयार की गई। एसआरपी ने बताया कि 8 अक्टूबर से जमालपुर, किऊल, नवादा, शेखपुरा, जमुई और भागलपुर समेत प्रमुख स्टेशनों पर विशेष सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। ट्रेनों में रेल पुलिस की गश्ती बढ़ाने के साथ स्टेशनों पर संदिग्ध व्यक्तियों और सामान की जांच की जाएगी। संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल पूछताछ और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान दूसरे प्रदेशों में काम करने वाले बड़ी संख्या में लोग घर लौटते हैं। इससे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जमालपुर, किऊल और भागलपुर स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए होल्डिंग एरिया विकसित किए गए हैं। जरूरत के अनुसार यात्रियों की भीड़ को इन स्थानों पर नियंत्रित किया जाएगा, ताकि स्टेशन परिसर और प्लेटफर्म पर अत्यधिक दबाव नहीं बने। उन्होंने रेल क्षेत्र में हो रही आपराधिक घटनाओं के उद्भेदन के लिए विशेष फोर्स गठित किए जाने की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया। एसआरपी ने बताया कि दुर्गापूजा, दीपावली और छठ के दौरान मुख्यालय से बीसैप का अतिरिक्तबल मिलने की उम्मीद है। अतिरिक्तजवानों और पदाधिकारियों की तैनाती से प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाएगी। अपराध नियंत्रण के साथ यात्रियों की भीड़, महिलाओं की सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी आलोक कुमार, रेल थाना जमालपुर के थाना अध्यक्ष स्वराज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



अपराध गोष्ठी करते रेल एसपी।

देश-विदेश में जिले का नाम रोशन कर रहे डा. नीतिश चंद्र दुबे

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का डंका बजाकर जिले का नाम रोशन कर रहे ड़ नीतिश चंद्र दुबे उर्फ टीपू के जमालपुर पहुंचने पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सामाजिक कार्यकर्ता सह जदयू नेता ष्ण कुमार के नेतृत्व में युवाओं और लायंस क्लब की टीम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जमालपुर-मुंगेर मुख्य मार्ग पर ड़ दुबे के पहुंचते ही उनके साथ तस्वीर और सेल्फी लेने के लिए युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।लायंस क्लब की टीम ने अध्यक्ष सुमन कुमार शर्मा, सचिव सुनील कुमार, मनीष कुमार, धीरज कुमार, ओम आर्य, कमल समेत अन्य सदस्यों की मौजूदगी में ड़ दुबे को बुके और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान युवाओं में उनके साथ तस्वीर लेने को लेकर खासा उत्साह रहा।सम्मान से अभिभूत ड़ दुबे ने कहा कि जमालपुर से उनका बेहद गहरा लगाव है। क्षेत्र के विकास को लेकर हमारे अभिभावक केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह हर स्तर पर प्रयासरत हैं। उन्होंने स्वागत और सम्मान के लिए सभी के प्रति आभार जताते हुए कल्याणपुर की दुर्गा महारानी में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।गौरतलब है कि ड़ नीतिश चंद्र दुबे देश-विदेश में अपनी प्रतिभा के दम पर जिले की पहचान को नई ऊंचाई दे रहे हैं। उनकी उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं और 'एक बिहारी, सब पर भारी' की कहावत को चरितार्थ कर रही हैं। मौके पर कन्हैया सिंह, मुनाजिर हसन, आदेश कुमार, गौतम सिंह, शंभू चौधरी, निशाकर साहित सैकड़ो मौजूद थे।



डा. नीतिश चंद्र दुबे का स्वागत करते समाजसेवी एवं युवा।

सहयोग शिविर में गूंजा सड़क नाली व स्ट्रीट लाइट का मुद्दा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। नगर परिषद क्षेत्र के आरबी उच्च विद्यालय बलीपुर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन मुख्य पार्षद पार्वती देवी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में वार्ड संख्या 20, 21, 22 एवं 23 के लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम की मौजूदगी में लोगों ने सड़क, नाला, स्ट्रीट लाइट एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया। वार्डवासियों ने कहा कि कई जगहों पर सड़क एवं नाली की स्थिति खराब है। वहीं, कुछ इलाकों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त नहीं रहने से रात में परेशानी होती है। साफ-सफाई को लेकर भी लोगों ने नियमित व्यवस्था कराने की मांग रखी।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की ओर से वार्डवासियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दुर्गापूजा पर्व से पूर्व लगभग तमाम समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि पर्व के दौरान लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। शिविर में सफाई पर्यवेक्षक सोनम राज, सामाजिक नेत्री मधु देवी, वार्ड पार्षद कैलाश सिंह, शशिकांत, सफाई कर्मचारी सतनारायण मंडल सहित चारों वार्डो के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



सहयोग सिविल में समस्या सुनते मुख्य पार्षद।

सुरंग की नाली में मिला 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर-रतनपुर रेलखंड स्थित रेलवे की नई सुरंग में मंगलवार को करीब 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुरंग में शव पड़े होने की सूचना गैंगमैन उमेश कुमार ने स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार को दी। स्टेशन प्रबंधक ने तत्काल आरपीएफ एवं जीआरपी को सूचना देते हुए शव के संबंध में कार्रवाई के लिए लिखित मेमो दिया। सूचना मिलते ही आरपीएफ एवं जीआरपी की टीम सुरंग में पहुंची और घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। जांच के दौरान शव के सिर में चोट के निशान पाए गए। शव सुरंग के किनारे बनी नाली में पड़ा मिला। प्रथमष्टया जांच में पुलिस को मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। जिस स्थिति में शव मिला, उससे उसके ट्रेन से गिरने की आशंका कम जताई जा रही है। सिर में चोट और शव के नाली में मिलने के कारण हत्या की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। घटना रामनगर थाना क्षेत्र से जुड़ी होने के कारण आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव एवं जीआरपी थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने मामले में विस्तृत जानकारी देने से इनकार किया। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल रामनगर थाना क्षेत्र में आता है, इसलिए आगे की कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा की जाएगी। इधर, शव की पहचान नहीं हो सकी है। रामनगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस शव की पहचान कराने के साथ ही मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



रेलवे सुरंग में पड़ा शव की जांच करते आरपीएफ जीआरपी।

28 वर्ष बाद मुंगेर की एथलीट श्वेता का सीनियर नेशनल में चयन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। मुंगेर जिले के लिए गौरव का पल है। जमालपुर छोटी दौलतपुर निवासी मदन प्रसाद की पुत्री एथलीट श्वेता माधवी आनंद का 65वीं ओपन सीनियर नेशनल एथलेटिक्स चौंपियनशिप के लिए बिहार टीम में चयन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन आठ से 11 अक्टूबर तक नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा।श्वेता का चयन आसान नहीं रहा। सीनियर नेशनल के लिए एथलीट को एक वर्ष के अंदर कम से कम तीन इंडियन सीरीज एथलेटिक्स मीट के साथ बिहार एथलेटिक्स चौंपियनशिप में हिस्सा लेना अनिवार्य होता है। इन सभी प्रतियोगिताओं के प्रदर्शन के आधार पर ही सीनियर नेशनल के लिए चयन होता है। इंडियन सीरीज में भाग लेने के लिए भी एथलीट को पहले ालीफाई करना पड़ता है। यही कारण है कि इस प्रतियोगिता में चयन को एथलीट के लिए बड़ी उपलब्धि माना जाता है। खास बात यह है कि करीब 28 वर्षो बाद मुंगेर जिले के किसी एथलीट का सीनियर नेशनल के लिए चयन हुआ है। इससे पूर्व मुंगेर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के वर्तमान सचिव राकेश कुमार सिंह का चयन हुआ था। वे मुंगेर-भागलपुर कमिश्नरी के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री द्वारा ताम्रपत्र से सम्मानित किया गया है।जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष नितेश कुमार ने श्वेता को बधाई देते हुए कहा कि जिले को उनसे काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने की कामना की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शुभंकर झा सहित पदाधिकारियों व खेलप्रेमियों ने भी श्वेता को शुभकामनाएं दीं।



जमालपुर की बेटी एथलीट श्वेता।

छठ से पहले संवर जाएगा काली पहाड़ी नहर का घाट

सौंदर्यीकरण कार्य में आई तेजी, सीढ़ी घाट से लाइटिंग तक की व्यवस्था होगी चाक-चौबंद, मुख्य पार्षद ने काली पहाड़ी नहर का लिया जायजा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। छठ महापर्व में अब कुछ ही दिन शेष हैं। इसे देखते हुए नगर परिषद जमालपुर ने काली पहाड़ी नहर के छठ घाट को आकर्षक, स्वच्छ और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर परिषद ने घाट के सौंदर्यीकरण कार्य को छठ से पहले पूरा कराने का लक्ष्य रखा है। इसी को लेकर मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, वार्ड पार्षदों और नगर परिषद की टीम के साथ काली पहाड़ी नहर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पार्षद ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समयसीमा की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को छठ से पहले सभी जरूरी कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने बताया कि नहर के सभी सीढ़ी घाटों का निर्माण, आकर्षक लाइटिंग समेत श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा कराया जा रहा है। कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि छठ वतियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।काली पहाड़ी नहर में इस बार पर्याप्त मात्रा में पानी मौजूद है। बारिश के कारण नहर में उगे जंगल-झाड़ और जमा गी की सफाई भी नगर परिषद की ओर से कराई जा रही है। घाट और उसके आसपास के हिस्से को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित करने का काम तेजी से चल रहा है। छठ पूजा के दौरान वतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगर परिषद सुविधाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कहा कि काली पहाड़ी नहर का सौंदर्यीकरण पूरा होने के बाद यह जमालपुर ही नहीं, बल्कि जिले के आकर्षक छठ घाटों में शामिल होगा। वतियों के लिए सुरक्षित सीढ़ी घाट, पर्याप्त पानी, बैठने की व्यवस्था, बेहतर प्रकाश और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल छठ पर्व तक व्यवस्था करना नहीं, बल्कि इस स्थल को वर्षभर शहरवासियों के लिए उपयोगी और आकर्षण का केंद्र बनाना है। यहां लोग सुबह-शाम टहलने, व्यायाम और स्वास्थ्य लाभ के लिए भी पहुंच सकेंगे।उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहर को 'ग्रीन एंड क्लीन' बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहा है। छठ पर्व को लेकर नगर परिषद की टीम लगातार घाट की समीक्षा कर रही है और जरूरत के अनुसार कार्यो में तेजी लाई जा रही है, ताकि इस बार श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और व्यवस्थित घाट मिल सके।



काली पहाड़ी नहर क्षेत्र का निरीक्षण करते मुख्य पार्षद।

संक्षिप्त खबरें

दूसरी बार गंडक में आई बाढ़ ने पश्चिम-उत्तर गांव को ली चपेट में

सोनपुर (एनएसबी) शहर के सोनपुर-दरिहारा सड़क मार्ग के किनारे बने झोपड़ी सहित आलिशान बनी भवन मौजूद है। सितम्बर माह की शुरुआत में नेपाल सहित अन्य नदी का पानी एक साथ गंगा और गंडक नदी में भयानक बाढ़ बनकर आ गई और आसपास की दियारा क्षेत्र में फैल गई। लोगों के बीच हाहाकार मच गया और घर-वार छोड़ ऊंचे और स्थान खुले आसमान के नीचे जीव-जन्तू सहित ग्रामीणों ने शरण ली। राज्य सरकार की ओर से प्लास्टिक सहित राहत की चर्चा आम थी। यह भी चर्चा सड़क पर थी धरातल पर कम और हवा-हवाई ज्यादा। बाढ़ सरकारी आपदा की संज्ञा दी जा चुकी है। बाढ़ रोकने के मिट्टी बोरा की आपदा प्रबंधन संस्थान ने जगह-जगह सजाया गया।लेकिन जहां इसकी आवश्यकता नहीं था, वहां फेंक दी गई। आज तक बाढ़ का पानी रोकने के लिए मिट्टी-बोरा उपयोग जारी है। सितम्बर माह के अन्तिम सप्ताह में नेपाल ने पानी छोड़ दिया। जिसका परिणाम यह हुआ हरदिया चौड़ में बसे लोगों के बीच के घरों और दूकानों को चपेट में ले लिया। लोगों का खेतों में लगी धान की फसल तक डूब गया। गुलेरिया बाजार के समीप नहर है। जिसकी साफ-सफाई वर्षो से नहीं हुआ है। फलस्वरुप बाढ़ का पानी नहर के उपर से आसपास की घरों सहित खेती योग्य जमीन को समेट ली। गुलेरिया बाजार के समीप द्वारिका महतो का परिवार एक विकलांग के सहारे जीविका चलती है। दूसरी बार गंडक के रास्ते आई बाढ़ ने जीविका पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया। इतनी भयावता पर भी सरकारी सुविधा नदारद है।



घर-दूकान में घुसा बाढ़ का पानी।

भाजपा के पूर्व वित्त मंत्री श्री मिश्र का जयंती मनाई गई

सोनपुर (एनएसबी) विधायक कार्यालय सोनपुर में भाजपा के भीष्म पितामह कैलाशपति मिश्रा जी का जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कैलाशपति मिश्र की तैल -चित्र पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने किया।वरीय भाजपा नेता नरेश सिंह ने कहा की कैलाशपति मिश्र भारतीय राजनीति के एक प्रमुख नेता थे। जिन्होंने भारतीय जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाज़पा) के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 1977 तक भारत सरकार में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया, और मई 2003 से जुलाई 2004 तक गुजरात के राज्यपाल रहे। उनके राजनीतिक कैरीयर की शुरुआत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से हुई, जब उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और इसके लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह बब्लु ने कहा की वे 1943 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ै) के सदस्य रहे, कैलाशपति मिश्र ने 1971 के लोकसभा चुनाव में जनसंघ के टिकट पर पटना से चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 1977 में उन्होंने बिहार बिधानसभा का चुनाव जीतकर बिक्रम सीट पर विजय प्राप्त की और कर्पूरी ठाकुर की जनता पार्टी सरकार में वित्त मंत्री बने। 1980 में वे भारतीय जनता पार्टी (भाज़पा) के पहले बिहार अध्यक्ष बने। और 1995 से 2003 तक पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे।उनकी नियुक्ति 2003 में गुजरात के राज्यपाल के रूप में की गयी। उन्होंने राजस्थान के कार्यवाहक राज्यपाल के रूप में भी कार्यभार संभाला। 2004 में भाजपा की सरकार की हार के बाद, कांग्रेस सरकार ने उन्हें राज्यपाल पद से हटा दिया। कैलाशपति मिश्र को बिहार में भारतीय जनता पार्टी का भीष्म पितामह माना जाताहै । उनका निधन 3 नवंबर 2012 को हुआ।



उपस्थित लोग।

सोनपुर मंडल में ट्रैक साइड एवं लीगेसी वेस्ट की विशेष सफाई

सोनपुर। पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता पखवाड़ा2026 एवं ैब्क्ण्ड 60 के अंतर्गत आज दिनांक 06 अक्टूबर 2026 को ट्रैक साइड एवं लीगेसी वेस्ट की विशेष सफाई का व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न स्टेशनों के यार्ड क्षेत्र, रेलवे ट्रैक के किनारे तथा नगर एवं शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरने वाले रेलखंडों के आसपास लंबे समय से जमा कचरा, प्लास्टिक वेस्ट एवं अनावश्यक स्क्रैप को हटाया गया। सफाई अभियान के दौरान रेलवे ट्रैक के किनारे उगी अनावश्यक झाड़ियों एवं वनस्पतियों की कटाई-सफाई भी की गई। इससे ट्रैक क्षेत्र की स्वच्छता एवं श्यता में सुधार के साथ-साथ सिगल साइटिंग को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही, ट्रैक के आसपास कचरा एवं झाड़ियों के जमाव के कारण कीट-पतंगों, चूहों तथा अन्य जीव-जंतुओं के पनपने की संभावनाओं को भी कम किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्तलेवल क्रसिंग, गेट लज, केबिन तथा ट्रैक के किनारे स्थित रेलकर्मियों के आवासीय क्षेत्रों के आसपास भी विशेष सफाई अभियान चलाकर जमा कचरे एवं अनुपयोगी सामग्री को हटाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रेलवे ट्रैक एवं उसके आसपास स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमित एवं विशेष स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से यात्रियों, रेलकर्मियों एवं आमजन के लिए बेहतर स्वच्छता व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे परिसरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सोनपुर मंडल द्वारा स्वच्छ रेलवे, स्वच्छ परिसर और स्वच्छ पर्यावरण के संकल्प के साथ स्वच्छता गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।



सफाईअभिान।

दुर्गापूजा से पहले सड़क, रोशनी व सफाई दुरुस्त कराने की मांग

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गापूजा पर्व को लेकर जमालपुर नगर में सड़क, गड्ढा, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, नाली, जलजमाव, सुरक्षा एवं विसर्जन व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग को लेकर इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार तांती ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम को सामूहिक जनहित आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया कि नगर के विभिन्न वार्डो के नागरिकों की समस्याओं एवं सुझावों को लेकर नगर स्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में पूजा पंडाल एवं विसर्जन मार्ग से जुड़ी समस्याएं लिखित रूप में रखी जाएंगी।आवेदन में पूजा पंडालों व प्रमुख पूजा मार्गो की विशेष सफाई, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, अंधेरे स्थानों पर अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था, गड्ढों की मरम्मत तथा नालियों की सफाई की मांग की गई है। इसके अलावा पंडालों के आसपास अतिरिक्तकचरा उठाव, विसर्जन मार्ग व घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बेहतर करने की मांग की गई। बिजली के खुले व खतरनाक तारों की जांच, लटके पेड़ों की डालियों की कटाई तथा पूजा समितियों व नागरिकों के साथ वार्डवार समन्वय कर व्यवस्था की समीक्षा करने की मांग भी की गई है। तांती ने दुर्गापूजा से पूर्व स्थल निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया है। आवेदन की प्रतिलिपि डीएम, सभापति, वार्ड पार्षद एवं संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी दी गई है।



कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते नरेंद्र तांती।

संक्षिप्त खबरें

छह दिवसीय लर्निंग फेस्टिवल का समापन, गतिविधियों के जरिए बच्चों ने सीखी नई बातें

दलसिंहसराय नगर। एनएसबी कुसुमवती कन्या मध्य विद्यालय, दलसिंहसराय में क्षमतालय फाउंडेशन एवं बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय लर्निंग फेस्टिवल का मंगलवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। फेस्टिवल के दौरान कक्षा तीन से आठ तक के छात्र-छात्राओं को गतिविधि आधारित शिक्षण से जोड़ा गया। इसके लिए विद्यालय में छह अलग-अलग स्टूडियो बनाए गए थे। इनमें साइंस, साहित्य, नाटक, बोर्ड गेम, किचन गार्डन और पेंटिंग स्टूडियो शामिल रहे। क्षमतालय फाउंडेशन की ओर से प्रोग्राम लीडर अखिल राज के साथ विभिन्न स्टूडियो के प्रशिक्षकों ने बच्चों के साथ गतिविधियों में भाग लिया। साइंस स्टूडियो में संदीप कुमार, साहित्य में अंजली कुमारी, नाटक में अनुष्का झा, बोर्ड गेम में नेहा कुमारी, किचन गार्डन में कुमारी पूजा तथा पेंटिंग स्टूडियो में शिक्षिका पूजा माही ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक रामानुराग झा ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षण से बच्चे विषयों को आसानी से समझते और लंबे समय तक याद रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों से टीएलएम आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लर्निंग फेस्टिवल से बच्चों को नई चीजें सीखने, अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का अवसर मिला। मौके पर शिक्षक मोहम्मद हेलाल, राहुल कुमार, अंजनी कुमार, सुजाता कुमारी, रजिया कहकेशां, मागधी कुमारी, शिक्षा सेविका अर्चना कुमारी-1, अर्चना कुमारी-2, रेखा देवी सहित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

समस्तीपुर कॉलेज में युवा उत्सव का आगाज, कला की विभिन्न विधाओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

समस्तीपुर। एनएसबी जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ हुआ। कला संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया। उत्सव के पहले दिन गायन, वादन, नृत्य एवं वक्तृता सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल पर उत्सवी माहौल बना रहा। जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने कहा कि कला एवं संस्कृति हमारी समृद्ध विरासत, परंपरा और सामाजिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली युवाओं और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि कला केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने, सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों से आत्मविश्वास, अनुशासन एवं उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की अपील की। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, नगर आयुक्त गौतम कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी अली एकराम, अधीक्षक मद्य निषेध मनोज कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा की जानकारी दी। गायन एवं वादन से संगीत की प्रस्तुति, नृत्य से सांस्कृतिक विविधता तथा वक्तृता से प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति क्षमता देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन अनंत कुमार राय ने किया।

सिंधिया घाट की जाम समस्या से मिलेगी स्थायी राहत, बाईपास निर्माण के लिए डीएम ने मांगा प्रस्ताव

समस्तीपुर। एनएसबी जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने मंगलवार को विभूतिपुर प्रखंड का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेवा सेतु शिविर में पहुंचकर लाभुकों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शिविर में डीएम ने विभिन्न काउंटरों पर उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाभुकों की समस्याओं का नियमानुसार त्वरित समाधान किया जाए और किसी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं रखा जाए। इस दौरान लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड एवं जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने सिंधिया घाट का स्थल निरीक्षण किया। यहां लगातार लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ यातायात व्यवस्था तथा सड़क संरचना का जायजा लिया। डीएम ने जाम की समस्या से स्थायी निजात दिलाने के लिए बाईपास निर्माण का व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रस्ताव तैयार करते समय वर्तमान यातायात दबाव, भविष्य की जरूरत, भूमि उपलब्धता, तकनीकी व्यवहार्यता एवं आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी अली एकराम सहित संबंधित विभागों के अभियंता एवं अधिकारी मौजूद रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ माले का प्रतिरोध मार्च, ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन

ताजपुर। एनएसबी विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के विरोध में भाकपा-माले प्रखंड कमिटी के झंडा-बैनर तले मंगलवार को शाहपुर बघौनी से प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मार्च विभिन्न मार्गों से होते हुए मदरसा चौक पहुंचा, जहां कार्यकताओं ने सभा की। सभा की अध्यक्षता भाकपा-माले प्रखंड कमिटी सदस्य सह इनौस जिला अध्यक्ष आसिफ होदा ने की, जबकि संचालन मो. शाद तौहीदी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान देशभर में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और सभी योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने चाहिए। वक्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से पद छोड़ने की मांग की। सभा के अंत में कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संयुक्त पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने आगामी आंदोलन को लेकर भी रणनीति बनाई। 7 अक्टूबर को ताजपुर अस्पताल चौक से प्रखंड चौक तक विरोध मार्च तथा 8 अक्टूबर को समस्तीपुर जिला मुख्यालय में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में भाकपा-माले एवं इनौस के कार्यकताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

बारह पत्थर में शिव काली दुर्गा पूजा की भव्य तैयारी तेज

समस्तीपुर/एनएसबी। बारह पत्थर स्थित शिव काली दुर्गा पूजा समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा को भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। पूजा पंडाल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है, जबकि मां दुर्गा की प्रतिमा भी लगभग तैयार हो चुकी है। समिति के सदस्य प्रतिदिन तैयारियों की समीक्षा कर व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पूजा के दौरान सप्तमी तिथि को माता रानी को मीठे हलुए का महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा। अष्टमी को खिचड़ी तथा नवमी को खीर का महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया जाएगा। अष्टमी तिथि दो दिन होने के कारण समिति की ओर से एक दिन विशेष महाभंडारे का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। पूजा पंडाल और आसपास के क्षेत्र में आकर्षक रोशनी की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बारह पत्थर चौक से अनुसूचित थाना तक वन-वे व्यवस्था लागू करने का अनुरोध जिला प्रशासन से किया है। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूजा स्थल पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती का भी आग्रह किया गया है। समिति की ओर से पूजा परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। इसके लिए नगर निगम से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

'नमो सेवा गाथा' के मंचन ने जगाया विकसित भारत का संकल्प

समस्तीपुर। एनएसबी भाजपा जिला समस्तीपुर द्वारा ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल के तहत आयोजित ह्यसेवा स्मरणह्ल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा से राष्ट्रसेवा तक की यात्रा पर आधारित नाट्य मंचन ह्यनमो सेवा गाथा—अनकही कहानियांह्ल प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम भाजपा समस्तीपुर उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।



नाट्य मंचन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, संघर्ष, सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता के विभिन्न पहलुओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने गुजरात भूकंप त्रासदी से लेकर विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय घटनाओं तक प्रधानमंत्री के राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया। मंचन में वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, कोरोना महामारी के दौरान टीकाकरण, जनधन योजना के माध्यम से लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने जैसे विषयों को प्रस्तुत किया गया।

इसके अलावा रूस-यूक्रेन, अमेरिका-इजराइल तथा ईरान से जुड़े संघर्षों के दौरान भारतीय नागरिकों को वापस लाने और वैश्विक परिस्थितियों के बीच देशहित में लिए गए निर्णयों को भी नाट्य रूप में दशार्या गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार पासवान सहित भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नीलम सहनी, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, सुनील राय, जिला मुख्य प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू, शंकर यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं लक्ष्य कोचिंग के विद्यार्थी मौजूद रहे।

चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल, माले कार्यकर्ताओं ने दो पंचायतों में फूंका पुतला

पूसा। एनएसबी भाकपा-माले कार्यकताओं ने मंगलवार को मोरसंड एवं गंगापुर पंचायत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाकपा-माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाते हुए जमकर नारेबाजी की और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे अथवा उन्हें पद से हटाने की मांग की।



पुतला दहन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग लोकतंत्र की महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है। इसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर लगातार सवाल उठना लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता से किसी भी प्रकार का समझौता लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। इसी कारण मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से इस्तीफा देना चाहिए अथवा उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए।

अमित कुमार ने कहा कि भाकपा-माले लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता, निष्पक्ष चुनाव तथा जनता के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम में प्रखंड कमिटी सदस्य रविंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, राजाराम सिंह, चंदू देवी, चरित्र पासवान, अजय पासवान, विनोद राम, अनीता देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, गुड़िया देवी, चिंता देवी, उषा देवी, लखन राम, जितेंद्र राम, ललित राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

सहयोग शिविर में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, कई मामलों का मौके पर हुआ निष्पादन

विद्यापतिनगर। एनएसबी प्रखंड की मनियारपुर पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और भूमि विवाद, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन माध्यम से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निष्पादन किया जाए। पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

शिविर में कई मामलों का तत्काल समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर



अधिकारियों को सौंपे।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना तथा पंचायत स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समाधान करना है। सहयोग शिविर के शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया गया। मौके पर नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार, बीपीआरओ बंटी कुमारी, पीओ भूषण मिश्रा, सीडीपीओ सीमा कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

महागठबंधन की बैठक में आंदोलन की रणनीति तय

सात को प्रखंड और आठ को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन



समस्तीपुर। एनएसबी कर्पूरी आश्रम स्थित जिला राजद कार्यालय में मंगलवार को महागठबंधन के घटक दलों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी 7 और 8 अक्टूबर को प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों एवं रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती ने की, जबकि संचालन नगर निगम की मेयर अनीता राम ने किया। माकपा जिला मंत्री रामाश्रय महतो ने विषय प्रवेश कराया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 अक्टूबर को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर सुबह 11 बजे से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान पुतला दहन भी किया जाएगा।

वहीं 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालय समस्तीपुर में महागठबंधन के सभी घटक दलों की ओर से संयुक्त रूप से विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन करने की बात कही गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का आंदोलन लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए है।

बैठक में माकपा जिला मंत्री रामाश्रय महतो, भाकपा-माले जिला मंत्री प्रो. उमेश कुमार, कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ छत्रिय, वीआईपी जिलाध्यक्ष आदर्श कुमार पिंटू सहित महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के जिला स्तरीय नेता मौजूद रहे।

दुर्गापूजा में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी, असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर

विद्यापतिनगर। एनएसबी दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को विद्यापतिनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ किशन कुमार ने की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पूजा समितियों के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। एसडीओ ने कहा कि दुर्गापूजा आस्था और भाईचारे का पर्व है। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बना रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। उन्होंने पूजा समितियों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करने की अपील की।

उन्होंने पंडालों में सुरक्षा मानकों का पालन करने, भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था रखने तथा बिजली के तारों एवं अग्नि सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बीडीओ महताब अंसारी, आरओ अरुण कुमार शर्मा एवं थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने भी पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा के दौरान थाना क्षेत्र में विशेष पुलिस निगरानी रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पूजा पंडालों में आने-जाने के रास्ते को सुगम रखने, स्वयंसेवकों की तैनाती, यातायात व्यवस्था एवं आपात स्थिति से निपटने की तैयारी पर भी चर्चा हुई। सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट से बचने तथा विवाद की स्थिति में कानून हाथ में नहीं लेने की अपील की गई।

प्रसाद घाट पर एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

समस्तीपुर कार्यालय। एनएसबी राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं ह्यस्वच्छता ही सेवाह्ल अभियान के अंतर्गत 12 बिहार बटालियन एनसीसी, समस्तीपुर के तत्वावधान में शहर के प्रसाद घाट पर स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य घाट एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई करने के साथ आम लोगों को स्वच्छता, नदी संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था।



अभियान में 12 बिहार बटालियन एनसीसी के करीब 50 कैडेटों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अलावा बीआरबी कॉलेज एवं समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर के एनसीसी कैडेटों ने भी बटालियन के साथ कदम से कदम मिलाकर स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। कैडेटों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए प्रसाद घाट और आसपास के क्षेत्रों में फैले कचरे को एकत्र किया तथा घाट परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान एनसीसी कैडेटों ने स्थानीय लोगों को घाट एवं नदी को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फेंकने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा नदी एवं उसके आसपास के पर्यावरण को सुरक्षित रखने की अपील की। कैडेटों ने ह्यस्वच्छता ही सेवाह्ल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हुए मौजूद लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। अभियान का नेतृत्व 12 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल साहिल कोचर ने किया। उन्होंने कैडेटों के साथ स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पर सब मेजर कुलदीप सिंह, नायब सूबेदार निपुल, हवलदार परविंदर सहित 12 बिहार बटालियन के कैडेट मौजूद रहे। एनसीसी अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभियानों का उद्देश्य केवल सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं में स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्वच्छता अभियान के माध्यम से कैडेटों में नेतृत्व क्षमता, सामूहिक जिम्मेदारी और सेवा भावना का भी विकास होता है।

'मेरे सपनों का भारत' में अरीबा प्रवीण ने मारी बाजी, चित्रकला प्रतियोगिता में बनीं जिला विजेता

विद्यापतिनगर। एनएसबी शिक्षा विभाग, बिहार शिक्षा परियोजना एवं सर्व शिक्षा अभियान, समस्तीपुर के तत्वावधान में आयोजित ह्यमेरे सपनों का भारतह्ल चित्रकला प्रदर्शनी प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल की छात्रा अरीबा प्रवीण ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।



राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, हरपुरसिंघिया जगतसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अरीबा प्रवीण ने कक्षा 1 से 5 वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। वह कक्षा चार की छात्रा हैं। उनकी उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कक्षा एक से पांच तथा कक्षा छह से आठ के चयनित कुल 135 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपने सपनों के भारत की कल्पना को कागज पर उकेरा।

चित्रों में स्वच्छ, शिक्षित, विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के साथ पर्यावरण संरक्षण, सेवा भावना, राष्ट्रीय एकता एवं देश की प्रगति जैसे संदेश दिखाई दिए। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की रचनात्मक क्षमता और कल्पनाशीलता को मंच मिला। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के लेखा पदाधिकारी सुनील कुमार, संभाग प्रभारी हरिश्चंद्र राम, डॉ. संजय प्रसाद, शिक्षक सुभीत कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार एवं मिंटू कुमार मौजूद रहे।

अरीबा की सफलता पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो. मेराज, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन, प्रखंड लेखापाल मनोज कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों ने बधाई दी।

संक्षिप्त खबरें

डीएम ने जनता दरबार में फरियादियों की सुनी फरियादें

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आये कई फरियादियों को देख उनकी समस्याओं को सुना। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आमजनों



की समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा।जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

घटेरिया में घर का ताला तोड़ चोरी, 50 हजार के गहने व नकदी ले उडे.चोर

डोभी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। डोभी थाना क्षेत्र के घटेरिया गांव निवासी पिंटू यादव के घर में सोमवार की देर रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से करीब 50 हजार रुपये के गहने व नकदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, चोर घर में घुसने के बाद दो बक्से लेकर भाग गए। घर के सदस्यों को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया था। करीब एक बजे परिवार के लोग जागे तो दरवाजा नहीं खुला। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। बाद में खोजबीन के दौरान बक्सा और जमीन के केवाला नदी में फेंका हुआ मिला। पीड़ित पिंटू यादव ने मंगलवार की दोपहर डोभी थाने में इसकी शिकायत की। वहीं, चोरों ने निगरी गांव में सुदीप शर्मा एवं झूलन सिंह के घर में भी चोरी का प्रयास किया। हालांकि वहां चोरों के हाथ कोई खास सामान नहीं लगा। पीड़ितों के अनुसार, चोर पुराने कपड़े लेकर चले गए।

पुलिस ने पिंडदानियों के गुम हुए मोबाइल व पर्स बरामद कर किया वापस

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। दिनांक 06.10.2026 को पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 में पिंडदान हेतु जौनपुर, उत्तर प्रदेश से आए पिंडदानी का सीता कुण्ड में मोबाइल एवं पर्स गुम हो गया था। मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा तत्परता से खोजबीन कर गुम हुए मोबाइल एवं पर्स को बरामद कर सकुशल उन्हें सुपूर्द किया गया। जानकारी हो कि पितृपक्ष मेला 10 अक्टूबर को समाप्त होगा।

जीतन राम मांझी के 83 वें जन्मदिन पर काटा गया केक, विधवा महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण

डोभी (एनएसबी)। डोभी प्रखंड के नावाडीह पंचायत अंतर्गत हबीपुर गांव में मंगलवार की शाम साढ़े छह बजे भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी का 83 वां जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर



बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के जिला सचिव बजेंद्र यादव ने की, जबकि संचालन आशीष कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान हम के जिलाध्यक्ष टुटू खान ने जीतन राम मांझी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंत्री संतोष कुमार सुमन ने हबीपुर, फुरफुरी नगर, दरियौर, अनुराधी करीब 50 विधवा महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। उन्होंने लोगों से अपने पिता जीतन राम मांझी के दीर्घायु होने के लिए आशीर्वाद भी मांगा। वहीं, पार्टी कार्यकर्ता परमेश्वर मांझी की ओर से मौजूद कार्यकताओं के बीच मंत्री संतोष कुमार सुमन के हाथों गमछा का वितरण कराया गया। इस मौके पर नावाडीह के मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू यादव, ललन मांझी, पूर्व मुखिया नागेश्वर यादव, हम पार्टी के डोभी प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र मांझी, रंजीत कुमार, संजीत यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

धूम धाम से मनाई जायेगी स्व रामविलास पासवान की पुण्यतिथि : सत्येंद्र



शहरतेलपा (एसएनबी)। 08 अक्टूबर को अरवल के आनंद विहार रिसॉर्ट में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संस्थापक , पद्म भूषण स्व0 रामविलास पासवान के पुण्यतिथि समारोह श्रद्धा पूर्वक के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि 08 अक्टूबर को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संस्थापक , भारत सरकार पूर्व केन्द्रीय मंत्री , पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान के छठी पुण्यतिथि समारोह अरवल जिला मुख्यालय के आनंद विहार रिसॉर्ट में श्रद्धा पूर्वक के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा । पुण्यतिथि समारोह के माध्यम से उनके व्यक्तित्व एवं कृतियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला जायेगा । पुण्यतिथि समारोह में अरवल जिला से संबंधित प्रदेश पदाधिकारीगण , जिला संगठन प्रभारी , जिला सह संगठन प्रभारी , सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष , सभी प्रखंड अध्यक्ष , सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सभी सम्मानित कार्यकर्तागण सादर आमंत्रित है। आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। आप सभी पुण्यतिथि समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें ।

पॉक्सो मामले में आरोपी गिरफ्तार नाबालिग बरामद

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड के कलेर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अपहरण से जुड़े पॉक्सो मामले में पुलिस ने नामजद अभियुक्त रणविजय कुमार, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं, पुलिस ने नाबालिग लड़की को भी बरामद कर लिया था, जिसे आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बीते दिनों बंगला कोठी गांव से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया था। इस संबंध में लड़की के परिजनों द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें रणविजय कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया था।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।

सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में 17 नामजद समेत 50-60 अज्ञात पर प्राथमिकी

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड के मेहंदिया थाना क्षेत्र के पहलेजा गांव में सोमवार को अतिक्रमण हटाने गई पुलिस एवं प्रशासनिक टीम पर पथराव और विवाद के बाद मेहंदिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा प्रशासनिक टीम के साथ झड़प और पथराव के आरोप में पुलिस ने 17 लोगों को नामजद करते हुए करीब 50 से 60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि पहलेजा गांव में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासनिक टीम एवं पुलिस पर पथराव तथा विवाद की स्थिति उत्पन्न करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मेहंदिया थाना कांड संख्या 196/24 दर्ज की गई है। प्राथमिकी में 17 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 50 से 60 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर महागठबंधन ने निकाला मार्च

कुर्था(एनएसबी)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को कुर्था बाजार में महागठबंधन के कार्यकताओं ने प्रतिरोध मार्च निकाला। मार्च में महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रतिरोध मार्च की शुरूआत कुर्था बस स्टैंड से हुई। कार्यकर्ता कुर्था डाकबंगला परिसर से कुर्था-गया मुख्य मार्ग होते हुए विद्रोही चौक तक गए वही पुनः वापस होकर बस स्टैंड पहुंचे और सभा किए। जहां निर्वाचन आयोग के खिलाफ जम कर नारेबाजी किए। सभा को संबोधित करते हुए महागठबंधन नेताओं ने निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर



प्रतिरोध मार्च में शामिल महिलाये।

गंभीर आरोप लगाए। वही नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए वोटों में हेराफेरी की गई। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय बताते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कार्यकताओं ने ह्यवोट चोरी बंद करोह्ल समेत कई नारे लगाए। नेताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ भी कार्यकताओं ने नारेबाजी की।

पुलिस ने लोगों की शिकायते सुनी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। दिनांक 06.10.2026 को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गया द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई। जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गया द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। वहीं, दिनांक 06.10.2026 को नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई। जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। नगर पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

मविवि, बोधगया में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस समारोह का शुभारंभ

बोधगया (एनएसबी)। पी.जी. विभाग मनोविज्ञान, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा काउंसलिंग सेल, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के सहयोग से आयोजित विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस समारोह 2026 का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। पाँच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन जीवन्त अनुभवों का श्रवणः वास्तविक स्वर, वास्तविक परिवर्तन) थीम के अंतर्गत किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, वंदे मातरम् एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. हिमालय तिवारी ने किया। स्वागत भाषण समन्वयक प्रो. सुप्रीति सुमन ने दिया, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी सह-समन्वयक डॉ. मीनाक्षी ने प्रस्तुत की।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, प्रो. प्रमोद कुमार चैधरी तथा विशिष्ट अतिथि कुलानुशासक एवं पूर्व प्रॉक्टर प्रो. के. डी. वर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. अनुज कुमार तरुण भी समारोह में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. प्रमोद कुमार चैधरी ने मानसिक स्वास्थ्य को विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व एवं शैक्षणिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति



जागरूकता, संवेदनशीलता एवं समय पर सहायता की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. के. डी. वर्मा ने अपने संबोधन में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर खुले संवाद को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं और अनुभवों को साझा करने के लिए सुरक्षित एवं सहयोगी वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। समारोह के प्रथम दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याणः चुनौतियाँ, जागरूकता एवं समाधान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने 9 स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी चुनौतियों, जागरूकता की आवश्यकता तथा प्रभावी समाधान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता में आयुषी कुमारी ने प्रथम पुरस्कार, शैलजा ने द्वितीय पुरस्कार तथा राहुल कुमार ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए सुप्रिया सैनी, स्वेता कुमारी, आकांक्षा कुमारी, अपर्णा सिंह, सुमित कुमार, खुशी कुमारी, गौतम कुमार, श्रेया कुमारी, नेहा कुमारी एवं किरण कुमारी का चयन किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. ममता मेहरा, डॉ. अस्मिता खलखो एवं डॉ. अनुज कुमार तरुण शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय की समझ, विचारों की मौलिकता, तार्किक प्रस्तुति तथा लेखन की प्रभावशीलता के आधार पर किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. रविंद्र सिंह एवं डॉ. श्वेता गोयल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉ. प्रगति चतुर्वेदी एवं श्री प्रभात रंजन ने भी कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रविंद्र सिंह ने किया।

सेवा सेतु शिविर में भाजपा एमएलसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

कुर्था (एनएसबी) सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर में बिहार विधान परिषद सदस्य सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा ने मंगलवार को कुर्था प्रखंड मुख्यालय स्थित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का जायजा लिया तथा आम लोगों और आवेदकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। एमएलसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराना है। इस दौरान उन्होंने प्रखंड मुख्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। पत्रकारों से बातचीत में अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार जनहित और जनकल्याण



वृक्षारोपण करते अरविंद शर्मा।

के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ह्यविकसित भारत 2047ह्ल के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। सेवा, सुशासन और जनकल्याण के माध्यम से देश और बिहार को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।

दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील, जातिगत गानों व जबरन चंदा वसूली पर रोक

मेहंदिया (एनएसबी)। दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को मेहंदिया एवं कलेर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। दोनों जगहों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पूजा समितियों तथा स्थानीय लोगों से पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

मेहंदिया थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी उत्तम राहुल ने की। बैठक में मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे। अधिकारियों ने पूजा समितियों को पंडालों में जातिगत एवं आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया। पूजा पंडालों में अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था रखने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए एक प्रवेश और एक निकासी द्वार बनाने को कहा गया। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात करने का निर्देश दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के साथ किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहयोग किया जा सके। बैठक में सड़क पर वाहनों को रोककर जबरन चंदा वसूली नहीं करने की हिदायत दी गई। पूजा के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं हो, इसका भी विशेष ध्यान रखने को कहा गया। अधिकारियों ने किसी भी तरह के विवाद या अप्रिय स्थिति की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं, कलेर थाना परिसर में भी मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने पूजा समितियों एवं स्थानीय लोगों से दुर्गापूजा का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान सभी लोग आपसी भाईचारा बनाए रखें और किसी भी प्रकार के विवाद या अफवाह से बचें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दुर्गापूजा श्रद्धा और आस्था का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूजा समितियों, स्थानीय लोगों एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। बैठक में मौजूद लोगों ने भी पुलिस-प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

प्रखंडों में सेवा सेतु शिविर का आयोजित

अरवल (एनएसबी)। जिले के सभी प्रखंडों में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना तथा पात्र लाभुकों को सरकारी सेवाओं से जोड़ना रहा। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, पात्र लाभुकों से संबंधित आवेदन प्राप्त करने, आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने तथा संबंधित सेवाओं के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। अरवल जिले के सभी प्रखंडों में सेवा सेतु शिविर का आयोजन -शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा आमजनों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा सेवा सेतु शिविर के माध्यम से प्रशासन एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सरकारी सेवाओं को लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। शिविर के दौरान आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो तथा आमजनों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया जा सके। आयोजित सेवा सेतु शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति निम्नवत रही प्रखंड में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 10 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया तथा 19 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। कलेर प्रखंड में कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 55 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया तथा 35 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। करपी प्रखंड में कुल 142 आवेदन प्राप्त हुए थे. जिनमें 22 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया तथा 120 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। कुर्था प्रखंड में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 24 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया।



शिविर का निरीक्षण करते डीएम।

मुफ्त बिजली योजना के प्रति आम उपभोक्ताओं को किया गया प्रेरित



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक सुगमता से पहुंचाने तथा स्वच्छ एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए जिले में आयोजित किए जा रहे ह्यसेवा सेतु शिविरह्ल के तहत मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के विधायक उपेन्द्र प्रसाद एवं अतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमित कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में दक्षिण बिहार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड तथा आरईसी लिमिटेड के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित उपभोक्ताओं को योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इच्छुक उपभोक्ताओं को नेशनल पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन की प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही योजना के तहत उपलब्ध केंद्र सरकार की सब्सिडी एवं बिहार सरकार द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त सहायता के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमित कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यपीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजनाह्ल आम लोगों के लिए उपयोगी एवं लाभकारी योजना है।

गया कॉलेज, गयाजी के एनएसएस कार्यकर्ता पिंड दानियों की कर रहे हैं सेवा

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। विश्व प्रसिद्ध पारम्पारिक अनुष्ठान 15 दिवसीय पितृपक्ष मेला महासंगम में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), गया कॉलेज, गयाजी के स्वयंसेवक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सहायता में निरंतर जुटे हुए हैं।एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा चलने में असमर्थ बुजुर्गों एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं, खोया-पाया केंद्र के माध्यम से बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। मंदिर में प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराना, भीड़ को व्यवस्थित रखना तथा नियंत्रण कक्ष एवं स्वास्थ्य शिविर में जिला प्रशासन को सहयोग देना भी स्वयंसेवकों की प्रमुख



जिम्मेदारियों में शामिल है। इस अवसर पर गया कॉलेज, गयाजी के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पितृपक्ष मेला जैसे विशाल आयोजन में श्रद्धालुओं की निस्वार्थ सेवा करना गर्व की बात है। इससे युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं का विकास होता है।

दुष्कर्म का आरोपी हुए गिरफ्तार

टिकारी (एनएसबी)। एसएसपी, गया के निर्देश पर आंती पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया और मंगलवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 5 अक्टूबर को एक महिला ने आंती थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बकरी बांधने बधार में गई थी । उसी दौरान इनकी पुत्री का मुँह दुपट्टा से बांधकर इनकी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर धमकी दी गई। इस संबंध में आंती थाना कांड संख्या 120/26 दर्ज किया गया। एसएसपी के निर्देश पर एसडीपीओ टिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई, जिसमें थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, अनुसंधानकर्ता मीरा कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर 25 वर्षीय आरोपी को चबूरा पंचायत के एक गांव से गिरफ्तार किया।

कांग्रेस का संगठन विस्तार एवं जनहित के मुद्दों पर आंदोलन तेज करने का निर्णय

महुआ/एनएसबी। महुआ के शाही दरबार विवाह भवन में महुआ प्रखंड कांग्रेस कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष उत्कर्ष महाराज उर्फ बच्चा बाबू की अध्यक्षता में एवं वैशाली जिला कांग्रेस (ग्रामीण) के अध्यक्ष रंजीत पंडित की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, बूथ एवं पंचायत स्तर तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राजू साह ने कांग्रेस पार्टी के संघर्षपूर्ण इतिहास एवं वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पंचायत से लेकर बूथ तक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने देश में चल रहे एसआईआर (रक्फ़) के मुद्दे को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को तेज करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस कार्यकताओं को मजबूती से आवाज उठाने का आह्वान किया।वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत पंडित ने कहा कि अब समय आ गया है कि कांग्रेस का संगठन हर घर तक पहुंचे। प्रत्येक परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को संगठन से

सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ, पंचायत से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर



जोड़कर जनहित और देशहित के मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ संगठन निर्माण में जुटने की अपील की।बैठक में संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नितेश कुमार राम एवं पंकज कुमार सिंह को नए मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, सक्रिय एवं समर्पित कार्यकताओं को संगठन से जोड़ने तथा पंचायत और बूथ स्तर पर कांग्रेस की मजबूत टीम तैयार करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस का हाथ थामा। इससे महुआ प्रखंड में कांग्रेस संगठन के विस्तार को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई।कार्यक्रम में फुलवरिया पंचायत के पूर्व उपमुखिया ओम प्रकाश यादव, वरिष्ठ राजद नेता विनोद राय, रघुनाथ साह, संतोष चौधरी, राकेश महतो, चकमजाहिद पंचायत के पूर्व मुखिया मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद तमन्ने,अनीश कुमार, विवेक कुमार,आनंद मोहन, अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।इसके अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी मोहम्मद मंसूर आलम,भू-संपदा प्रकोष्ठ के वैशाली प्रभारी अक्षय शुक्ला, अशोक कुमार जायसवाल,पातेपुर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अनवारुल हक,सुनील साह,गुड्डू कुमार,मृत्युंजय झा, अर्जुन कुमार,केशव कुमार, मोहम्मद एहसान,शिव प्रसाद राम,मो.इर्शाद,पंकज राय,चंदन चौरसिया,पंकज श्रीवास्तव,वीरेन्द्र राम सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।बैठक के अंत में प्रखंड अध्यक्ष उत्कर्ष महाराज उर्फ बच्चा बाबू ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महुआ प्रखंड में कांग्रेस संगठन को मंडल, पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनके मुद्दों को उठाएंगे और लोकतांत्रिक एवं जनहित के संघर्ष को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

मक्का के खेत में ऐप से क्राप कटिंग किया गया

बिदुपुर/एनएसबी। बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत बिदुपुर में हर्ष कुमार, भगवान सिंह के मक्का के खेत में ऋ्एर ऐप से क्राप कटिंग किया गया। यह क्राप कटिंग सुजीत कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, द्वारा किया गया, जिसका निरीक्षण विजय पांडेय, परामर्शी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, मुजफ्फरपुर, भारत सरकार द्वारा किया गया। क्राप



कटिंग मे अजीत कुमार शर्मा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बिदुपुर। विजय कुमार, प्रेम प्रकाश सिंह, सुनील कुमार, रविरंजन कुमार, संजीव कुमार, अजीत कुमार भी शामिल हुए। मक्का का प्रभेद टल्ह 203 का क्राप कटिंग किया गया। जिसमे 105 मीटर में 1.18.630ग्राम, प्रति हेक्टेयर 37.26 कुंतल 2.17.430 ग्राम, प्रति हेक्टेयर 34.86 कुंतल दर्ज किया गया। इस प्रकार का निरीक्षण हर फसल, खरीफ सीजन में धान, मक्का तथा रबी में गेहूं, मक्का का उपज प्राप्त किया जाता है।

वैशाली पुलिस केंद्र, हाजीपुर में लाइन डे का आयोजन

हाजीपुर/एनएसबी। वरीय पुलिस अधीक्षक, वैशाली शुभांक मिश्रा द्वारा पुलिस केंद्र, हाजीपुर में लाइन डे का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस केंद्र की सभी शाखाओं के कार्यों की गहन समीक्षा



कर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित पुलिसकर्मियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। इसका उद्देश्य पुलिस कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं संवेदनशीलता सुनिश्चित करना है।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने निकाला आक्रोश मार्च निकाल,फूंका पुतला

पटना सिटी/एनएसबी। मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफा व निलंबन की मांग को लेकर आक्रोश मार्च इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बौली मोड़ से निकला आक्रोश मार्च अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग गुजरी बाजार होते हुए पश्चिम दरवाजा पहुंचा. जहां पर सभा कर पुतला दहन की गयी. मार्च का नेतृत्व राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी,कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता इबरार अहमद रजा,माले नेता शंभूनाथ मेहता व सीपीआई नेता देवरत्न प्रसाद ने की.आंदोलन में मो जावेद, रजनीश कुमार राय, प्रो डॉ एकबाल अहमद, अजीत सिंह कुशवाहा, रणधीर यादव, हेदायत अहमद, शत्रुघ्न प्रसाद, शाहीन अनवर, मुन्ना खान, सन्नी यादव, कांग्रेस नेता शारीफ अहमद रंगरेज, सीपीआई नेता शम्भूशरण प्रसाद, शेष नाग, माले नेता ललन यादव, अनय मेहता, सुरेश सहनी, सुरेश प्रसाद, आत्माराम, सुचित मेहता, अमन कुशवाहा, सन्नी कुमार व दीना ठाकुर समेत अन्य शामिल थे. .आंदोलन में शामिल नेताओं ने मतदाता सूची में हटाये गये मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित करने पर आक्रोश जताया गया. इन लोगों ने हटाये गये लोगों के नाम फिर से जोड़ने की मांग की.

खाजेकलां घाट से केबुल चोरी

पटना सिटी/एनएसबी। विद्युत विभाग के कार्य कराने को लेकर खाजेकलां थाना के खाजेकलां घाट के समीप रखे गये 33 केबी का केबल ड्रम चोरी हो गया है. पुलिस ने बताया कि कंपनी के निदेशक मणिकांत ने शिकायत केबुल के ड्रम चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी है. पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन कर रही है.

खाजेकलां में शराब बरामद

पटना सिटी/एनएसबी। खाजेकलां थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए चोरी की स्कूटी पर लदे शराब को जब्त किया है. पुलिस ने बताया कि चोरी की स्कूटी पर रखा 128 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है. इस मामले में पुलिस ने परिवहन में उपयोग किये गये स्कूटी को भी जब्त किया है. पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन कर रही है.

खाता से उड़ाये 90 हजार

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना जीरो माइल के पास चाणक्य कुमार का मोबाइल झपटमारों ने झपट लिया. इसके बाद खाता से 90 हजार रुपये की राशि उड़ा लिया है. पीड़ित ने इसकी शिकायत अगमकुआं थाना मे दर्ज करायी है. इसमें पुलिस को बताया है कि झपटमारों ने झपटे गये मोबाइल से किस्तों में 90 हजार की निकासी यूपीआई के माध्यम से कर लिया गया है. पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है.

प्रकाश पर्व में शामिल होने वाली संगतों को मिलेगी सुविधा

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में 13, 14 एवं 15 जनवरी 2027 तक आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने वाले देश विदेश के सिख संगतों को सुविधा मिलेगी. इसके लिए प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही की अध्यक्षता व महासचिव इंद्रजीत सिंह के संचालन में बैठक हुई. इसमें विधायक रतनेश कुमार भी शामिल थे.बैठक में संगतों को सुविधा व सुरक्षा मिले,इसके लिए कार्य योजना बनायी गयी. बैठक में सचिव हरवंश सिंह,कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह,धर्म प्रचार के प्रमुख महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन समेत अन्य उपस्थित थे. बैठक के दौरान तय किया गया कि कंगन घाट से लेकर तख्त साहिब के बीच में सौंदर्यकरण कार्य व विकास योजना को पूरा कराया जाये. अध्यक्ष ने बताया कि संतों के सहयोग से तख्त साहिब में कमरों का निर्माण कराया जा रहा है. गुरुपर्व से पहले निर्माण कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है.।

इंडिया गठबंधन के आह्वान पर पटना के सभी प्रखंडों में आज होगा पुतला दहन, 8 को होगा लोक भवन मार्च

पटना/एनएसबी। आज पटना जिला इंडिया गठबंधन की बैठक राजद प्रदेश कार्यालय में राजद जिला अध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पटना जिला के इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल मौजूद रहे। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा लोकतंत्र की सबसे जवाबदेह करवाई में धांधली एवं एस आई आर के जरिए नागरिकों के मौलिक अधिकार पर हमले को लेकर सभी ने गहरा आक्रोश जाहिर किया। फिर सभी ने सर्व समिति से इंडिया गठबंधन के राज्य स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णयों को सफल बनाने की योजना बनाई। जिसमें 7 अक्टूबर को जिले के सभी प्रखंडों में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया जाएगा एवं 8 अक्टूबर को पटना में लोक भवन मार्च को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में राजद पटना जिला अध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव, महासचिव अफरोज आलम, भाकपा पटना जिला सचिव विश्वजीत कुमार, भकपा माले के पूर्व विधायक गोपाल रविदास, जिला सचिव जितेंद्र कुमार, माकपा जिला सचिव शिवकुमार विद्यार्थी, सुजीत कुमार, कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंदन कुमार, कमलेश पांडेय, वीआईपी के राजू बिंद, राजद महानगर अध्यक्ष महताब आलम, राजद नेत्री मुकुंद सिंह आदि मौजूद रहे।

सेवा सेतु शिविर में जिला पदाधिकारी ने लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र एवं लेबर कार्ड

हाजीपुर/एनएसबी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुँचाने और उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आज हाजीपुर प्रखंड कार्यालय में ह्यसेवा सेतु शिविर-सरकार आपके द्वारह्ल का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने हाजीपुर प्रखंड में आयोजित शिविर का स्वयं भाग ले कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली।



शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी ने लाभार्थियों के बीच 5 जन्म प्रमाण पत्र, 7 लेबर कार्ड तथा 2 आय एवं निवास प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर में आम नागरिकों से विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित कुल 77 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु शिविर का उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि पात्र नागरिकों को योजनाओं एवं सेवाओं का वास्तविक लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा पात्र लाभार्थियों से आवश्यक आवेदन प्राप्त कर उनके निष्पादन की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

महनार में दुगार्पूजा को लेकर अनुमंडल प्रशासन की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन

महनार/एनएसबी। दुगार्पूजा नवरात्रि महापर्व को लेकर मंगलवार को महनार अनुमंडल सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीओ अंकित कुमार एवं एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से की। उन्होंने बिजली, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सफाई, रूट मैप, पार्किंग, सीसीटीवी, अग्निशमन और मेडिकल कैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विसर्जन के लिए रूट



और घाट चिह्नित करने, निर्धारित समय के बाद लाउडस्पीकर बंद करने तथा पूजा समितियों को लाइसेंस लेने की बात कही गई। पूजा स्थल पर राजनीतिक बैनर नहीं लगाने का भी निर्देश दिया गया। एसडीओ ने बताया कि पूजा के दौरान अनुमंडल में 24 घंटे नियंत्रण कक्ष काम करेगा। एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने जगह-जगह मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की जानकारी दी। बैठक में नप कार्यपालक पदाधिकारी राकेश कुमार, सीओ प्रदीप कुमार, अग्निशमन पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, देसरी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, सहदेई थानाध्यक्ष, महनार थाना से पुलिस पदाधिकारी, तीनों प्रखंडों के सीओ समेत मनोज मेहता, सुनील शर्मा, मदन राय, ध्रुव कुमार सिंह, जवाहर साह, विनोद गुप्ता, रामस्वार्थ सिंह और ईश्वरचंद सिन्हा सहित जनप्रतिनिधि व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ से भक्तिमय हुआ माहौल

महुआ दैनिक नव संदेश। महुआ नगर परिषद क्षेत्र के पुरानी बाजार में स्थित महावीर मंदिर में प्रत्येक मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी हर्षोल्लास के साथ साप्ताहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी श्री अनिल तिवारी ने वीर हनुमान जी का विधि विधान से पूजा अर्चना किए । उसके बाद सभी लोग एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती किया तत्पश्चात बाद प्रभु का लगा भोग प्रसाद वितरण हुआ । इस मौके पूर्व पार्षद श्री भगवान चौधरी , पटवा चौधरी अभय साह, शंकर पटवा , विक्की विनय ,संजय ठाकुर ,डॉ प्रमोद कुशवाहा , विनोद साह कृणाल जायसवाल, मंटू तिवारी ,आलोक भगत, दिनेश ठाकुर साहिल



ठाकुर , अंकुश कुमार , महेंद्र चौधरी , ओम बाबू , संतोष सोनी , पूनम देवी , मोहन सिंह , नेहाल कुमार रूपक कुमार , राजकमल जायसवाल सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यहां मंदिर के पुजारी ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा सामूहिक रूप से सच्ची श्रद्धा व भक्ति भाव से हनुमान चालीसा का गायन किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार में हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए। इससे असीम शांति का अनुभव होता है।

अधिवक्ता संघ का चुनाव पर आठ को होगा मतदान

पटना सिटी/एनएसबी। अधिवक्ता संघ पटना सिटी का चुनाव आठ अक्तूबर बुधवार को मतदान और नौ अक्तूबर को मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा होगी. इसके लिए तैयारी की गयी है. चुनाव पदाधिकारी कंचन कुमार एवं तीन सदस्यीय कमेटी सदस्य सत्येन्द्र नाथ पाण्डेय, संजय कुमार और शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि संघ के सत्र 2026--28 के पदाधिकारियों के लिए अध्यक्ष का एक पद, महासचिव एक पद, उपाध्यक्ष के तीन, ट्रेजरर के एक पद, संयुक्त सचिव और सहायक सचिव के तीन -तीन पद, आंडिटर के दो पद और कार्यकारिणी सदस्य के सात एवं वरीय कार्यकारिणी सदस्य के पांच पदों पर 68 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. निवार्ची पदाधिकारी कंचन कुमार ने बताया कि अधिवक्ताच संघ के पुराने भवन में सुबह नौ बजे से चार बजे तक वोटिंग होगी. इसके लिए वोटिंग के दौरान दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती रहेगी. बार काउंसिल से आब्जर्बर की उपस्थिति में रहेगे.

तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ अभय नाथ सिंह ने किया नामांकन

हाजीपुर/एनएसबी। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मुजफ्फरपुर से शिक्षक नेता सह वीरचन्द पटेल स्मारक महाविद्यालय, देसरी, वैशाली के संस्कृत विभाग में प्राध्यापक डॉ अभय नाथ सिंह ने आयुक्त सह निवाचीं पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। वित्त रहित अनुदानित महाविद्यालय, इन्टर एवं मैट्रिक,



माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक, संस्कृत, मदरसा, आई टी आई, बी एड और विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षकों के समस्याओं के समाधान के लिए बराबर प्रयासरत रहते हैं। अपने संसाधन से केन्द्र एवं राज्य सरकार के मंत्रियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और सम्बंधित पदाधिकारियों से शिक्षकों के समस्याओं के समाधान के लिए अनुरोध करते रहते हैं। इस बार तिरहुत शिक्षक क्षेत्र से 11 और स्नातक क्षेत्र से 20 उम्मीदवार नामांकन किया है।

नागरी प्रचारिणी सभागार मे विकसित भारत सेवा संकल्प सभा

प्रधानमंत्री के संबोधन का होगा सीधा प्रसारण-दुगार्राज

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को नागरी प्रचारिणी सभागार मे विकसित भारत संकल्प सभा का भव्य कार्यक्रम होगा। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सह बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष दुर्गा राज ने प्रेस वार्ता की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम पहले वीर कुँवर सिंह स्टेडियम मे होना था, उसमे संशोधन करते हुए अब कार्यक्रम नागरी प्रचारिणी सभागार मे होगा। उन्होने कहा कि सुबह नौ बजे से कार्यक्रम का शुरूआत होगा। दस बजे प्रधानमंत्री का संबोधन होगा, जिसे बड़े स्क्रीन पर लाईव टेलीकास्ट दिखाया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि विकसित भारत संकल्प सभा के बाद सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। ज्ञातव्य हो कि सरकार द्वारा सेवा ज्योति चैक के रूप मे पकड़ी चैक का नाम स्वीकृत किया गया है। उन्होने कहा कि नागरी प्रचारिणी से मशाल जुलुस के रूप सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी जो सेवा ज्योति चैक पकड़ी तक जाएगा। वहाँ मशाल स्थापित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सरकार द्वारा सेवा ज्योति चैक का सौंदर्यीकरण एवं विकसित बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री जी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी वर्गो का सहयोग मिल रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम मे प्रदेश नेतागण, विधायक रत्नेश कुशवाहा,जिला के सभी जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कार्यक्रम मे अधिक से अधिक शामिल होने के लिए भोजपुर जिला के सभी जनता से अपील की। प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष ई.धीरेन्द्र सिंह, मीडिया प्रमुख डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्यनारायण प्रसाद, वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, आलोक अंजन, राहुल सिंह, विश्नु मिश्रा, प्रतिक राज, आदित्य सिंह आदि थे।

भोजपुर के सभी प्रखंडों में सेवा सेतु शिविर सरकार आपके द्वार आयोजित

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के ह्लसेवा संकल्प अभियानह्ल के अंतर्गत जिला प्रशासन, भोजपुर द्वारा आज जिले के सभी 14 प्रखंडों में ह्लसेवा सेतु शिविरद्दसरकार आपके द्वारह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा लंबित समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 816 आवेदन प्राप्त हुए। दिनांक 06 से 08 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुँचाना तथा आम नागरिकों के लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करना है। शिविरों में प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए सूचना एवं सहायता स्टॉल, पोस्टर, बैनर तथा होर्डिंग की व्यवस्था की गई है।

'सृजनोत्सव' में देशभर के कलाकार होंगे शामिल, 16वें शारदीय नवरात्र महोत्सव में होगा सम्मान समारोह

दलसिंहसराय। एनएसबी कला, संस्कृति, परंपरा एवं सृजनशीलता को समर्पित विजुअल आर्ट फाउंडेशन की ओर से आगामी 1 नवंबर को दलसिंहसराय स्थित अनन्या रेजीडेंसी सभागार में 'सृजनोत्सव' 16वां शारदीय नवरात्र महोत्सव सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार समारोह में विभिन्न जिलों की दुर्गा पूजा समितियों एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव से जुड़ी समितियों को उनके उत्कृष्ट आयोजन एवं सामाजिक-सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पूजा समितियों के आयोजकों, मूर्तिकारों, पुरोहितों, पंडाल निमार्ताओं, कलाकारों एवं समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, बेगूसराय, समस्तीपुर सहित कई जिलों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विभिन्न राज्यों से आने वाले राष्ट्रीय स्तर के चित्रकार, मूर्तिकार, कला लेखक, कला समीक्षक एवं अभिनेता होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। मो. सुलेमान को अध्यक्ष, सपन कुमार, मो. आलमगीर अंसारी, संतोष कुमार एवं हेमंत आनंद को उपाध्यक्ष तथा उत्सव जयसवाल को सचिव बनाया गया है। सज्जन कुमार, मोती कुमार, जिगर गुप्ता एवं दीपक कुमार को उपसचिव की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. संजीव प्रकाश को कोषाध्यक्ष तथा चंदन चौधरी को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। रूपक कौशल, कुणाल गुप्ता एवं शैलेश कानू को मीडिया प्रभारी, जबकि रत्नेश कुमार, संजीव कुमार, जितेंद्र कुमार एवं मनोज जायसवाल को संयोजक बनाया गया है।

किसी भी बिचैलिए के चक्कर में न आए लोग, सीधे अधिकारी से संपर्क करें

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित सद्भावना मंडप में तीन दिवसीय सेतु सेवा शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री सह हथुवा विधायक रामसेवक सिंह, सदर विधायक सुभाष सिंह, वरिय उपसमाहर्ता दिलीप कुमार, प्रखंड प्रमुख विश्वजीत यादव, बीडीओ मनोज कुमार पंडित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुभाष सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी की सहयोग शिविर शुरू करने का मुख्य उद्देश्य है कि जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए दौड़ नहीं लगानी पड़े, अधिकारी जनता के बीच जाएं और उनकी समस्याएं सुनकर उसकी समस्या दूर करें। जनता अपना अधिकार जाने और सीधे अधिकारियों से संपर्क कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। हथुवा विधायक रामसेवक सिंह ने कहा कि जीवित पेंशन धारी को ही पोर्टल पर मृत्यु



(कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक)



(बात चीत करते विधायक)

घोषित कर दिया गया है। जिससे काफी संख्या में पेंशनधारियों का पेंशन मिलना बंद हो गया है, गरीबों का नाम राशन कार्ड से कट गया है। अधिकारी गरीबों की ऐसी समस्याओं का जल्द निदान करें। गरीब, विधवा, दिव्यांग, अपाहिज व्यक्ति का नाम राशन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। राशन कार्ड बनवाने वाले लाभूकों का आय प्रमाण पत्र एक लाख रुपये से कम का बने, तभी गरीबों को योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बलेसरा पंचायत में आवास सहायक द्वारा की गई गड़बड़ी का उदाहरण देते हुए कहा कि आवास सहायक द्वारा एक ही वार्ड के 60 लाभूकों को आवास योजना का लाभ दे दिया गया है। जबकि पंचायत के अन्य वार्डों की वास्तविक गरीब जनता इससे वंचित हैं। एमएलसी राजीव कुमार उर्फ गप्पू कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कोई भी कार्यक्रम तभी कारगर है जब उसका लाभ जन-जन तक पहुंचे। प्रखंड के प्रभारी अधिकारी सह वरिय उपसमाहर्ता दिलीप कुमार ने कहा कि यह शिविर तीन दिनों तक चलेगा। शिविर में पहुंच कर जनता अपने किसी भी प्रकार की समस्या से संबंधित आवेदन दे, उसका त्वरित निष्पादन होगा। शिविर में पंचायती राज, राजस्व, बाल विकास, पीएचडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका सहित 21 विभागों का काउंटर लगाया गया। जिसमें 185 लोगों ने आवेदन देकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मौके पर उप प्रमुख श्रीकृष्णा सिंह कुशवाहा, बीससूत्री अध्यक्ष दीपक कुमार, उपाध्यक्ष सुविचार सिंह, सीडीपीओ शिवम कुमार, पीओ हंशनाथ साह, मुखिया अकलू यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण से बचाव को विशेष अभियान, ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गंडक नदी के जलस्तर में कमी के बाद बिहार सरकार के निदेर्शानुसार प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमणजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं स्वच्छता टीमों द्वारा प्रभावित गांवों में नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था की सतत निगरानी के साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता टीमों की निरंतर तैनाती सुनिश्चित की गई है। जलजनित एवं संक्रमण संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए आमजन को आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने लोगों से स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षित पेयजल का उपयोग करने तथा किसी भी संक्रमित बीमारी के लक्षण पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की है।



बस के गेट से गिरी बुजुर्ग महिला, मौके पर मौत

बेलवानवां गांव के समीप हादसा, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलवानवां गांव के समीप मंगलवार को बस से उतरने का इंतजार कर रही एक बुजुर्ग महिला अचानक बस के गेट से नीचे गिर गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।मृतका की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के ढोढ़वालिया गांव निवासी वहीद मियां की 65 वर्षीय पत्नी कलमा खातून के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कलमा खातून बस के गेट के पास खड़ी होकर बस से उतरने का इंतजार कर रही थीं।इसी दौरान अचानक वह असंतुलित होकर बस से नीचे गिर गईं।हादसे में उन्हें गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही कुचायकोट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतका के स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।



सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

पंचदेवरी (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह 7 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे से प्रखंड संसाधन केंद्र पंचदेवरी में आयोजीत होगा। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इस संबंध में पंचदेवरी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकाश कुमार द्वारा प्रखंड के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है। निर्देश में कहा गया है कि विद्यालय अपने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भेजे। जो छात्र प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करेगें उन छात्र या छात्रा को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 8 अक्टूबर 2026 को एस0एस0 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोपालगंज में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषण कला, अभिव्यक्ति क्षमता एवं आत्मविश्वास को विकसित करना है।



बक्से से चोरी सोने-चांदी के जेवर झाड़ी से बरामद

पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कर रही छापेमारी

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के करमैनी गाजी गांव में महिला के बक्से से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर पुलिस ने घर के समीप झाड़ी से बरामद कर लिए। जेवर बरामद होने के बाद पुलिस चोरी की घटना में शामिल आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।जानकारी के अनुसार, करमैनी गाजी गांव निवासी माला देवी एक अक्टूबर को ज्यूतिया पर्व की खरीदारी के लिए कुचायकोट गई थीं। इसी दौरान उनके कमरे में रखे बक्से का ताला खोलकर उसमें रखे सोने और चांदी के जेवर चोरी कर लिए गए।घर लौटने पर चोरी की जानकारी होने के बाद उन्होंने कुचायकोट थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए आसपास के लोगों और संदिग्धों से पूछताछ की।इसी क्रम में सोमवार को पुलिस को चोरी किए गए जेवर घर के आसपास ही छिपाए जाने की सूचना मिली।सूचना के आधार पर पुलिस ने घर के समीप झाड़ी में तलाशी ली, जहां से चोरी के जेवर बरामद कर लिए गए।थानाध्यक्ष दर्पण सुमन ने बताया कि बरामद जेवर की पहचान पीड़ित महिला से कराने के बाद उन्हें उपलब्ध करा दिया गया है। मामले में शामिल आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

सड़क पार कर रही वृद्धा को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

बलथरी चेकपोस्ट के पास हादसे में कार जब्त, चालक हिरासत में

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के बलथरी गांव के समीप एन एच-27 पर सोमवार की शाम सड़क पार कर रही एक वृद्ध महिला को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को आसपास के लोगों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतका की पहचान बलथरी गांव निवासी दिनेश शाही की पत्नी 65 वर्षीय आरती देवी के रूप में हुई है।बताया जाता है कि आरती देवी सोमवार को गोरखपुर से बस से अपने घर लौट रही थीं।बलथरी गांव के समीप बस से उतरने के बाद वह सड़क पार कर रही थीं।इसी दौरान तेज गति से आ रहे वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गईं।घटना के बाद पुलिस ने बलथरी चेकपोस्ट के समीप हादसे में शामिल कार को जब्त कर लिया।कार सवार चालक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।इधर, महिला की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण सीएचसी परिसर में पहुंच गए।सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ससुराल से आए लोगों ने युवक पर किया हमला, गंभीर रूप से घायल

पारिवारिक विवाद में कहासुनी के बाद बढ़ा मामला

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र के बलुवन सागर गांव में सोमवार की देर शाम पारिवारिक विवाद को लेकर ससुराल से आए लोगों ने एक युवक पर हमला कर दिया।मारपीट की घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों उसका उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, उसकी स्थिति पहले से बेहतर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, बलुवन सागर गांव निवासी गोविंद शाह के परिवार में पूर्व से विवाद चल रहा है।सोमवार की शाम उनके ससुराल से कुछ लोग घर पहुंचे थे।इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और ससुराल से आए लोगों ने गोविंद शाह के साथ मारपीट शुरू कर दी।हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार बताया है।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस दोनों पक्षों से घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है।



डॉ श्याम शरण को मिला भारतीय भाषा- संस्कृति रत्न सम्मान

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के अन्तर्गत कमला राय महाविद्यालय, गोपालगंज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.श्याम शरण को भारतीय भाषा, साहित्य, संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार में विशिष्ट योगदान के लिएह्व भारतीय भाषा- संस्कृति रत्न सम्मान-2026ह्व से अलंकृत किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें अंग वस्त्र,प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र दिया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय भाषा एवं समन्वय सहयोग परिषद एवं हर्टफुलनेस सेंटर के सौजन्य से भारत के केरल राज्य के एसएमएसएफ स्पिरिचुअल रिट्रीट सेंटर मलमपुझा, पलक्कड़ के सभागार में प्रो. अजीत कुमार जैन, सुधीर दास शास्त्री जी महाराज एवं डॉ. अभिषेक कुमार के कर कमलों द्वारा दिया गया। इस राष्ट्रीय सम्मान से कमला राय महाविद्यालय, गोपालगंज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम शरण को उनके सामाजिक निःस्वार्थ सेवा, साहित्यिक-सांस्कृतिक योगदान और मानवता के लिए अतुलनीय समर्पण को राष्ट्रीय पहचान मिली है। विदित हो कि उत्तर भारत- दक्षिण भारत संस्कृति मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन केरल राज्य के मलमपुझा जिले



(सम्मान प्राप्त करते डॉ0 श्याम शरण)

के पलक्कड़ में मलयगिरि पर्वतों के बीच स्थित हार्टफुलनेस सेंटर में आयोजित किया गया जिसमें भारत विभिन्न प्रदेशों के गणमान्य 61 विभूतियों ने भाग लिया। गौरतलब हो कि इसके पूर्व डॉ.शरण को अंतरराष्ट्रीय बुद्ध शिक्षा सम्मान 2025, बिहार गौरव सम्मान 2025, गुरु शिक्षा सम्मान 2024, विश्व हिन्दी रत्न सम्मान 2023, राजभाषा सेवा सम्मान 2016, वंदे मातरम् सम्मान 2015 आदि कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका हैं। डॉ. शरण ने कहा कि- ह्व यह सम्मान हमारा नहीं बल्कि यह सम्मान जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) के शिक्षकों का सम्मान है साथ ही साथ सारण एवं गोपालगंज की धरती का सम्मान हैं।ह्व इस सम्मान से डॉ. शरण ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) का मान बढ़ाने के साथ ही अपने गृह जिला छपरा एवं गोपालगंज जिले का मान - सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। इनके इस सफलता पर बधाई देने वालों में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. डॉ. प्रमेन्द्र कुमार वाजपेयी, प्रो. डॉ. नारायण दास, कुल सचिव, जेपीयू, छपरा, कमला राय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. एच. के. पांडेय, पूर्व प्राचार्या प्रो.(डॉ.) रुखसाना खातून, विधान पार्षद् प्रो. डॉ. वीरेन्द्र नारायण यादव, प्रो. डॉ. उषा कुमारी, प्रो. डॉ. अशोक कुमार सिन्हा, प्रो. डॉ. कामेश्वर सिंह एवं अन्य शिक्षकगण, छात्र नेताओं तथा सारण के तमाम मीडिया बन्धुगण शामिल हैं।

आगामी पर्व-त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाएं

डीएम-एसपी ने जिला शांति समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों को सुरक्षा

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) आगामी महावीरी अखाड़ा, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्री समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनय तिवारी की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति, पूजा समितियों एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय, विधि-व्यवस्था, सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। पूजा पंडालों में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था, लाइसेंस, सीसीटीवी, अग्निशमन, प्रकाश व्यवस्था एवं समिति सदस्यों के पहचान-पत्र सुनिश्चित करने को कहा गया। शहर के सभी सीसीटीवी कैमरों को कार्यरत रखने, मोबाइल पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से दुकानों की जांच करने का निर्देश सभी थानाध्यक्षों को दिया गया। इस दौरान विसर्जन के लिए रूट चार्ट, घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी एवं गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम-एसपी ने सभी पदाधिकारियों एवं शांति समिति के उपस्थित सदस्यों से आगामी पर्व-त्योहारों को शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता राजेश्वरी पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोपालगंज एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

विधि-व्यवस्था और विसर्जन को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

पूजा पंडालों में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था, लाइसेंस, सीसीटीवी, अग्निशमन, प्रकाश व्यवस्था एवं पहचान-पत्र आवश्यक



फुलवरिया में सहयोग शिविर में उमड़ी फरियादियों की भीड़, मौके पर 22 समस्याओं का निष्पादन

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत राज चमारीपट्टी और कमलाकांत करिया पंचायत भवन परिसर में संयुक्त ससहयोग शिविरश का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की प्रशासनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को एक ही छत के नीचे तुरंत हल करना था। इस शिविर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखा गया और सुबह से ही अपनी समस्याओं के समाधान के लिए फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशासन की इस अनूठी पहल का असर सीधे धरातल पर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि चमारीपट्टी पंचायत भवन में आयोजित शिविर में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि कमलाकांत करिया पंचायत में 12 आवेदन आए। दोनों पंचायतों को मिलाकर कुल 22 जनसमस्याओं के आवेदन दर्ज किए गए। बीडीओ श्रीवास्तव ने आगे बताया कि शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि प्राप्त सभी 22 आवेदनों का ऑन द स्पॉट यानी मौके पर ही शत-प्रतिशत निष्पादन कर दिया गया।



फुलवरिया में सेवा सेतु शिविर में 22 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को सेवा सेतु शिविर का भव्य आयोजन किया गया। आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में प्रशासनिक तंत्र पूरी मुस्तैदी के साथ सक्रिय दिखा। शिविर में बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव, फुलवरिया थानाध्यक्ष कुंदन कुमार, श्रीपुर थानाध्यक्ष सिंपी कुमारी, एलईओ शोभा कुमारी तथा बीपीआरओ सुमी प्रिया समेत सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तत्परता से तैनात रहे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह सेवा सेतु शिविर आगामी तीन दिनों तक निरंतर चलेगा। शिविर के पहले दिन कुल 23 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याओं व सेवाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। प्रशासनिक तत्परता का परिचय देते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही 22 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया। जिससे फरियादियों को तुरंत राहत मिली। बीडीओ ने कहा कि सेवा भाव से आयोजित यह शिविर आम जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनता को एक ही छत के नीचे सभी सरकारी योजनाओं का लाभ और समस्याओं का निस्तारण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर के दौरान प्रतिदिन सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मी पूरी निष्ठा के साथ मौजूद रहेंगे, ताकि कोई भी नागरिक अपने अधिकार और सरकारी सेवाओं से वंचित न रहे। शिविर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



डेंगू पर वार की तैयारी, चिकित्सकों को सिखाया गया शुरूआती पहचान से गंभीर मरीज के उपचार तक का प्रबंधन

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) डेंगू और चिकुनगुनिया के संभावित बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने इलाज से लेकर अस्पतालों की तैयारी तक कमर कस ली है। इसी क्रम में सदर अस्पताल के में चिकित्सकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिले के प्रत्येक प्रखंड से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और एक-एक मेडिकल ऑफिसर के अलावा अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक व मेडिकल ऑफिसर तथा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक और मेडिकल ऑफिसर शामिल हुए। प्रशिक्षण का उद्देश्य डेंगू और चिकुनगुनिया के मरीजों की समय पर पहचान, सही क्लिनिकल प्रबंधन और जटिलताओं की रोकथाम के लिए चिकित्सकों को तैयार करना रहा। एसीएमओ डॉ अरविन्द कुमार के अध्यक्षता में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सुषमा शरण, जिला वेक्टर रोग सलाहकार अमित कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सदर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी और प्रशिक्षक डॉ. सुषमा शरण ने डेंगू के मरीजों की प्रारंभिक पहचान से लेकर गंभीर स्थिति में उपचार की रणनीति तक विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने चिकित्सकों को चेतावनी संकेतों की पहचान, तरल प्रबंधन, प्लेटलेट और हेमाटोक्रिट की निगरानी तथा मरीज की लगातार चिकित्सकीय निगरानी के महत्व से अवगत कराया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डेंगू के मरीजों की पहचान शुरूआती अवस्था में करना बेहद जरूरी है, ताकि समय पर उपचार शुरू किया जा सके और बीमारी के गंभीर रूप लेने से पहले आवश्यक कदम उठाए जा सकें। चिकित्सकों को यह भी बताया गया कि डेंगू की पहचान होने के बाद मरीज की स्थिति के अनुसार उपचार की रणनीति तय करनी होती है। बीमारी के साथ-साथ मरीज की चिकित्सकीय निगरानी और चेतावनी संकेतों पर लगातार नजर रखना उपचार का अहम हिस्सा है। निदान के बाद मरीज की समय पर रिपोर्टिंग और आवश्यक निरोधात्मक गतिविधियां शुरू करने पर भी जोर दिया गया, ताकि बीमारी के संभावित प्रसार को नियंत्रित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान डेंगू को तीन प्रमुख श्रेणियों में समझाया- बिना चेतावनी संकेत वाला डेंगू, चेतावनी संकेत वाला डेंगू और गंभीर डेंगू या शॉक। बताया गया कि हल्के मामलों में पर्याप्त मौखिक तरल, पैरासिटामोल और नियमित निगरानी जरूरी है। वहीं चेतावनी संकेत वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर क्रिस्टलॉइड तरल देने, हेमाटोक्रिट और प्लेटलेट्स की नियमित जांच तथा चिकित्सकीय निगरानी की आवश्यकता हो सकती है। गंभीर डेंगू या शॉक की स्थिति में मरीज की हालत के अनुसार तेजी से तरल प्रबंधन, अंगों को सहारा देने वाली चिकित्सा और आवश्यकता पड़ने पर रक्त घटकों के उपयोग की जरूरत हो सकती है। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों को प्लेटलेट ट्रांसफ्यूजन के संकेत, मूत्र उत्पादन, हेमाटोक्रिट और पल्स प्रेशर की निगरानी के महत्व की जानकारी दी गयी। चिकित्सकों को समझाया गया कि गंभीर स्थिति की पहचान के लिए केवल प्लेटलेट संख्या पर निर्भर रहने के बजाय मरीज के समग्र चिकित्सकीय लक्षणों और निगरानी के अन्य मानकों पर भी ध्यान देना जरूरी है। मरीज की स्थिति में अचानक बदलाव होने पर समय रहते आवश्यक उपचार शुरू करने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला वेक्टर रोग सलाहकार अमित कुमार ने बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू फैलाने वाला एडिस मच्छर घरों के आसपास जमा साफ पानी में पनप सकता है। टूटे-फूटे बर्तन, गमले, पुराने टायर, छोटे प्लास्टिक या कागज के कप, नारियल के खोल समेत ऐसी कई वस्तुएं, जिनमें बारिश का पानी जमा हो जाता है, मच्छरों के प्रजनन का स्थान बन सकती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर के अंदर, छत पर और आसपास कहीं भी पानी जमा नहीं होने दें। जिन बर्तनों या पात्रों में पानी रखना जरूरी हो, उसमें पानी को नियमित रूप से बदलते रहें। उन्होंने बताया कि एडिस मच्छर सामान्यतः दिन के समय काटता है, इसलिए दिन के समय भी मच्छर से बचाव के उपाय करना जरूरी है। डेंगू के संभावित मरीजों के उपचार को लेकर जिले के अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गयी है। सदर अस्पताल में 10 बेड, अनुमंडलीय अस्पताल में 5 बेड तथा प्रत्येक सीएचसी और पीएचसी में 2-2 बेड वाले विशेष डेंगू वार्ड तैयार किए गए हैं। अस्पतालों में आवश्यक दवाओं और जांच सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी बात कही गयी है, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। आम लोगों से अपील की कि वे अपने घर और आसपास पानी जमा न होने दें तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं। लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द या अन्य संबंधित लक्षण होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सकीय सलाह और जांच कराएं। समय पर पहचान और उपचार से जटिलताओं के जोखिम को कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण का उद्देश्य चिकित्सकों को डेंगू और चिकुनगुनिया के मरीजों के समय पर निदान, उचित उपचार और गंभीर स्थिति की पहचान के लिए तैयार करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान अस्पताल स्तर पर निगरानी, मरीज की रिपोर्टिंग और संक्रमण नियंत्रण के उपायों को भी महत्वपूर्ण बताया गया। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि किसी भी प्रखंड में डेंगू या चिकुनगुनिया के संभावित मामले सामने आने पर चिकित्सकीय टीम तेजी से प्रतिक्रिया दे और गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

प्रत्येक प्रखंड से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व मेडिकल ऑफिसर हुए शामिल, सदर अस्पताल में एक दिवसीय प्रशिक्षण